सुप्रभात

रांची, सोमवार

04.09.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 55

06 स्मृति शेष : संकल्प, साहस और सामंजस्य के प्रतिमूर्ति

## डुमरी उपचुनाव का थम गया शोर, अब डोर टू डोर, वोटिंग पांच को

# बेबी देवी के पक्ष में सीएम का रोड शो, उमड़ा हुजूम

डुमरी उपचुनाव काफी दिलचस्प हो चुका है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। सत्ताधारी इंडिया गठबंधन और एनडीए के तमाम दिग्गज नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने को जम कर पसीना बहाया। वोटरों को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह लड़ाई इंडिया गठबंधन बनाम एनडीए गठबंधन की है। डुमरी में सिर्फ सीएम और बाबूलाल मरांडी ही नहीं बल्कि कई लोगों की प्रतिष्ठा दाव पर है। सीएम के पक्ष में सहानुभूति की ताकत है, क्योंकि लगातार डुमरी जीतते रहे जगरनाथ महतो के असमय निधन के बाद पार्टी ने उनकी पत्नी बेबी देवी को मैदान में उतारा है। उनके पक्ष में गठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद के नेता एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। दूसरी तरफ आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के लिए भाजपा के तमाम दिग्गज गेम चेंजर की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीट पर हार और जीत से झारखंड के आगे की राजनीति भी तय होने वाली है।

**खबर मन्त्र टीम**

**गिरिडीह, रांची।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में 5 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चल रहा प्रचार अभियान रविवार शाम 5 बजे थम गया। झामुमो की नेता और आइएनडीआइए गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को डुमरी में रोड शो किया। डुमरी के कुलगो से रोड शो शुरू हुआ और विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों तक पहुंचा। हेमंत सोरेन झामुमो का झंडा थामे थे और लोगों का अभिवादन कर रहे थे। सीएम के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ ने डुमरी फतह की उम्मीद जतायी। इससे पहले एनडीए की अगुआ भाजपा और आजसू ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कारपेट बॉम्बिंग की थी। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के साथ एक पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार किया। यशोदा देवी आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। उन्हें एनडीए ने अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाया है।

**सीएम का रोड शो :** झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन ताकत झोंक दी। रविवार को उन्होंने डुमरी में रोड शो किया। रोड शो में सीएम के साथ मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, हफीजुल अंसारी, सत्यानंद भोक्ता और सांसद महुआ माझी समेत अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। सैकड़ों कारों और बाइकों का काफिला चल रहा था। सीएम हेमंत सोरेन झामुमो का झंडा थामे लोगों का अभिवादन कर रहे थे। सीएम के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ ने डुमरी फतह की उम्मीद जतायी।

सीएम का यह शो झारखंड कॉमर्स कॉलेज से शुरू हुआ जो चिरैया मोड़ से कुलगो, कुलगो से सीमराडीह मोड़, डुमरी बाजार, इसरी बाजार, रांगामाटी होते हुए निमियाघाट तक पहुंचा। सीएम काले रंग के ओपेन थार पर सवार थे। इसी वाहन के अगले सीट पर प्रत्याशी बेबी देवी बैठी थीं। सीएम के रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, विधायक सुदिव्य कुमार, जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक जेपी वर्मा, जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस नेता सतीश केडिया, राजू महतो समेत झामुमो, कांग्रेस, भाकपा माले के कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।



### जगरनाथ की शहादत को जनता इबादत में बदलेगी

डुमरी पर फतह पाने के लिए इंडिया गठबंधन ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। सीएम के साथ साथ कई मंत्री लगातार डुमरी क्षेत्र में डटे रहे। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी बेबी देवी के लिए प्रचार में जुटे रहे और जीत का दावा किया। उन्होंने कहा, जगरनाथ बाबू ने जनता के लिए कुबार्नी दी है। न बीबी की चिंता की और न बच्चे की। निश्चित तौर पर जनता भी शहादत को इबादत में बदल देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एनडीए के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेगा।

## डुमरी बना सीएम बनाम तीन पूर्व मुख्यमंत्री का अखाड़ा



### राज्य की जनता कर रही है त्राहिमाम : अर्जुन मुंडा

**डुमरी** उपचुनाव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में सभा की। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। यह सरकार जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है। जनता त्राहिमाम कर रही है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि डुमरी उपचुनाव सिर्फ एक विधायक चुनने के लिए नहीं हो रहा, बल्कि इस चुनाव से राज्य का भविष्य भी तय होगा। इस चुनाव के माध्यम से हमें भविष्य के लिए रास्ता बनाना है। मोदी ने रक्षा बंधन पर बहनों को तोहफा दिया। उनके नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने चांद पर चंद्रयान भेज कर विश्व में भारत का मान बढ़ाया है।

### सुदेश महतो ने यशोदा देवी के पक्ष में मांगा वोट

**आजसू प्रमुख** सुदेश महतो ने नावाडीह समेत कई क्षेत्रों में अपने चुनावी प्रचार में लोगों से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान दुमका के सांसद सुनील सोरेन, विधायक भानु प्रताप शाही और पार्टी प्रत्याशी यशोदा देवी भी मौजूद थीं। सुदेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलन में पसीना तक नहीं बहाया है। उन्हें विरासत में पद मिला है। आज लोगों का विश्वास ऐसे नेताओं के प्रति टूट रहा है। एनडीए इसको बदलने और लोगों का विश्वास जीतने निकला हैं ताकि हमारी उम्मीदवार को जीत मिले। उन्होंने ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव का स्वागत किया है।

## न्यूज डायरी

### संसद सत्र के पहले 5 को 'इंडिया' के सांसदों की बैठक

**नयी दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच सितंबर को 'इंडिया' गठबंधन के सांसदों की एक बैठक बुलायी है। विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। श्री खड़गे ने कहा कि यह बैठक राजाजी मार्ग स्थित उनके आवास पर होगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल एकजुट हैं और 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों पर एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने की योजना बना रहे हैं।

### आदित्य की पहली प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न

**बेंगलुरु।** इसरो ने रविवार को कहा कि देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की पृथ्वी की कक्षा से संबंधित पहली प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गयी है। इसरो के मुताबिक, इस प्रक्रिया को यहां स्थित इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क से अंजाम दिया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह भी कहा कि आदित्य एल1 उपग्रह एकदम ठीक है और यह समान्य ढंग से काम कर रहा है।

### करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**रांची।** लोहरदगा और कोडरमा में बिजली का झटका लगने से दो लोगों की मौत हो गयी। लोहरदगा के किस्को प्रखंड के बगडू थाना के चरहु गांव में रविवार को बिजली तार के संपर्क में आने से एक महिला की मौत हो गयी। उसकी पहचान चरहु गांव निवासी मुनिया खातून (52) के रूप में हुई हैं। वहीं कोडरमा के सतगावां थाना क्षेत्र के समलडीह पंचायत अंतर्गत नारायडीह गांव में रविवार को करंट लगने से एक युवक सौरभ कुमार (15) की मौत हो गयी। वह खेत पर काम कर रहा था, इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया।

### धनबाद में दो वाहनों की टक्कर में दो की मौत

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कालाडीह मोड के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक एवं टैंकर के बीच भीषण टक्कर में कोयले के ढेर में दबकर दो लोगों की मौत हो गयी। गोविंदपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि टक्कर में ट्रक से गिरे कोयले के ढेर से दो लोगों का शव बाहर निकाल लिया गया है। मृतकों में एक गोविंदपुर के भीतिया पंचायत और दूसरा बाघमारा पंचायत का रहने वाला है।

### युवक ने मां-बेटी पर टांगी से किया जानलेवा हमला

**खूंटी।** मुरहू के भोंडा गांव निवासी सुकरमनी धनवार (55), उसकी बेटी मोनिका (30) पर पड़ोस के ही युवक रौकन नाग ने रविवार को टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मां-बेटी का रिम्स में इलाज चल रहा है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

## खनन घोटाला में आज डीएसपी से पूछताछ






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। साहेबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) सोमवार को डीएसपी राजेंद्र दुबे पूछताछ करेगा।

इडी ने 21 अगस्त को डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजकर 4 सितंबर को इडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले 9 दिसंबर 2022 को इडी ने उनसे करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

**इडी ने संपत्ति, बैंक खातों के डिटेल्स मांगे :** इडी को यह जानकारी मिली है कि पंकज मिश्रा के रसूख का इस्तेमाल कर राजेन्द्र दुबे ने भी काफी संपत्ति अर्जित की है। इडी ने डीएसपी से उनके और उनके रिश्तेदारों के जमीन बैंक सहित कई तरह के कागजातों की डिमांड की है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

### अपनी गलती भी मानी थी डीएसपी ने

पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार उससे संपर्क में थे। इडी के समक्ष राजेंद्र दुबे ने कबूला था कि वह रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे। वहीं लगातार उनसे फोन पर बात की थी। राजेंद्र दुबे ने बताया है कि पंकज मिश्रा और अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही इडी के गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

## स्लीप मोड में गया रोवर, अब 22 को करेगा 'गुड मॉर्निंग'

**नयी दिल्ली।** इसरो ने विक्रम लैंडर के प्रज्ञान रोवर मॉड्यूल को 'स्लीप मोड' पर डाल दिया है। अब इसे चंद्रमा पर अगले सूर्योदय यानि 22 सितंबर, 2023 को फिर से ऑन करने की उम्मीद है। इसरो को असाइनमेंट के दूसरे सेट के लिए सफल होने की पूरी उम्मीद है। चंद्रमा पर एक दिन और एक रात पृथ्वी के 14 दिन और 14 रात के बराबर होता है। चंद्रमा पर रात के समय तापमान माइनस में 238 डिग्री तक चला जाता है।

ऐसे में रोवर को पृथ्वी की करीब 14 रात तक इतना कम तापमान सहना पड़ेगा। इसरो ने ट्वीट किया, 'रोवर ने अपना कार्य पूरा कर लिया है। इसे अब सुरक्षित रूप से पार्क किया गया है और स्लीप मोड में सेट किया गया है। फिलहाल, बैटरी पूरी तरह से चार्ज है। सौर पैनल 22 सितंबर, 2023 को अपेक्षित अगले सूर्योदय पर प्रकाश प्राप्त करने के लिए उन्मुख है। रिसीवर चालू रखा गया है। कार्यों के दूसरे सेट के लिए सफल जागृति की आशा है। अन्यथा, यह हमेशा भारत के चंद्र राजदूत के रूप में वहीं रहेगा।

## साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा, 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा

# भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता की कोई जगह नहीं होगी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन से पहले एक विशेष साक्षात्कार में, पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा और भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता का 'हमारे राष्ट्रीय जीवन' में कोई स्थान नहीं होगा। दुनिया का जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण अब मानव-केंद्रित में बदल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है। अपनी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की राजनीतिक स्थिरता का 'स्वाभाविक सह-उत्पाद' बताते पीएम मोदी ने यह उम्मीद जतायी है। पीएम मोदी ने एक समाचार एजेंसी को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति पर काबू पाने की कवायद में केंद्रीय बैंकों को नीतिगत रुख के बारे में समय पर और स्पष्ट सूचना देनी चाहिए ताकि प्रत्येक देश के महंगाई रोकने की लड़ाई के कदमों का दूसरे देशों पर नकारात्मक दुष्प्रभाव न पड़े।

**स्थिरता की ही वजह से कई सुधार संभव :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले के तीन दशकों में देश में कई ऐसी सरकारें आयीं, जो अस्थिर थीं। अस्थिर सरकारों की वजह से वे बहुत कुछ नहीं हो सका।

(शेष पेज 11 पर)



### प्रकृति और संस्कृति दोनों का ध्यान

मोदी ने कहा कि हमारे देश में भ्रष्टाचार, जातिवाद एवं सांप्रदायिकता का कोई स्थान नहीं होगा। हमारे लोगों के जीवन की गुणवत्ता दुनिया के अग्रणी देशों के मुकाबले की होगी। सबसे बढ़कर, हम प्रकृति और संस्कृति दोनों का ध्यान रखते हुए यह मुकाम हासिल करेंगे। अनुमान है कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2028 तक जापान एवं जर्मनी दोनों को पीछे छोड़ते हुए पांच लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच जायेगा। हालांकि, उस समय भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था का आकार भारत से छह गुना बड़ा होगा।

तीसरी पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च। नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः।।



स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

Feb 27,1964 - Sept 04, 2020

संस्थापक खबर मन्त्र

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों
की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे।
आप जैसे अलौकिक ज्योतिर्पुंज को हम सबका
शत - शत नमन।

श्रद्धानवत्
खबर मन्त्र परिवार
वन वृन्दावन कंस्ट्रक्शन परिवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता की, झामुमो पर लगाये आरोप

# डुमरी विधानसभा उपचुनाव : जनता चाह रही परिवर्तन : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- झामुमो ने भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को किया किडनैप, पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि डुमरी उपचुनाव में जनता में परिवर्तन की चाहत है। श्री मरांडी रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि जनता के रुझान से झामुमो में बौखलाहट है। यही कारण है कि भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओं का अपहरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को झामुमो ने किडनैप किया है। इसकी जानकारी डीजीपी को भी दी गयी है। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन सत्ता पक्ष का टूल्स और एजेंट नहीं बने। निष्पक्ष चुनाव कराना उनकी जिम्मेवारी है। उपचुनाव के दिन किसी प्रकार की अप्रिय घटना के लिए राज्य प्रशासन जिम्मेवार होगा। उन्होंने कहा कि लगभग पौने चार वर्षों की हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह बिगड़ी है। जिसने आम जनता को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिसे राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

उन्होंने दो दिन पहले जमशेदपुर कोर्ट में घटी घटना का उल्लेख करते हुये कहा कि इसपर उच्च न्यायालय को कड़ा संज्ञान लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोहा, कोयला, पत्थर, बालू की लूट मची है। उन्होंने कहा कि जनता ऐसी भ्रष्ट निकम्मी सरकार से ऊब चुकी है और परिवर्तन का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि बौखलाहट में झामुमो के कार्यकर्ता, दलाल बिचौलिये भोला सिंह और तपेश्वर सिंह ने जरीडीह में भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व मुखिया मथुरा सोरेन और जयप्रकाश मंडल का अपहरण कर लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड को हेमंत सरकार बंगाल बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि गांव में महिलाओं को एनडीए को वोट करने पर राशन कार्ड रद्द कराने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एनडीए कार्यकर्ता भी गड़बड़ियों को चुपचाप सहन नहीं करेंगे। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक एवं प्रदीप सिन्हा भी थे।

## डुमरी में धनतंत्र हारेगा और जनतंत्र की जीत होगी : सुप्रियो भट्टाचार्य




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने डुमरी उपचुनाव में जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी की जीत का दावा किया है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस उपचुनाव में धनतंत्र के खिलाफ जनतंत्र की जीत होगी। डुमरी की जनता एनडीए के झूठे लुभावने वादे को त्यागने के मूड में है। उन्होंने कहा कि डुमरी में विपक्ष पानी की तरह पैसा बहा रही है लेकिन जनता सब जान रही है। श्री भट्टाचार्य रविवार को प्रदेश झामुमो कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता दिवंगत नेता जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए इस उप चुनाव में उनकी पत्नी मंत्री बेबी देवी को जिताने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि डुमरी में विपक्ष पूरी तरह से परेशान और हताश है। विपक्ष को डुमरी में हार झलक रही है। वहां की जनता से भाजपा आजसू के नेता बात तक नहीं कर पा रहे हैं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि डुमरी की महान जनता पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में दिवंगत नेता जगरनाथ महतो के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रगतिशील कार्य को पूर्ण करने के लिए जनता वोट के माध्यम से आशीर्वाद देगी। वहीं वन नेशन वन इलेक्शन पर कहा कि भाजपा नेताओं की बोलती बंद हो गई। झामुमो हर तरह से तैयार है।

### जेएमएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अगवा किया है तो केस दर्ज क्यों नहीं कराते

**रांची।** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पता नहीं क्यों, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी डर क्यों जाते हैं? डर जाने के कारण वे अनर्गल बातें करने लगते हैं। वे इन दिनों दो व्यक्ति का नाम लेते हुए कहते हैं कि इनका अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में डीजीपी से उन्होंने बातचीत की है। पर किस थाने में इस अपहरण की सूचना दी गई, ये बता नहीं पाते। जिनकी बातें की जा रही है, उसको सत्यापित भी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि अगर अपहरण किया है तो केस दर्ज क्यों नहीं कराते हैं। सुप्रियो ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में उनके तीन-तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा कसरत करने के बावजूद भी लोग उन्हें रिजेक्ट कर रहे हैं। पैसे देकर उम्मीदवार खड़े करनेवाले, पैसे देकर प्रचार करनेवाले, लोगों के बीच विद्वेष फैलानेवाले, आरक्षण घटानेवाले नेता इन दिनों मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं।

## ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का धरना कल

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ विद्युत ऐरिया बोर्ड रांची एवं संचरण जोन-1 रांची की ओर से 5 सितंबर दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से कुसाई कॉलोनी रांची में एजेंसी प्रथा समाप्ति की मांग तथा मानव दिवस कर्मियों से संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका नेतृत्व संघ के केंद्रीय अध्यक्ष श्री अजय राय करेंगे।

कार्यक्रम में वितरण के सेंट्रल डिवीजन, न्यू कैपिटल, डोरंडा डिवीजन, कोकर डिवीजन, रांची ईस्ट, रांची वेस्ट, खूंटी डिवीजन, गुमला सर्किल का लोहरदगा, गुमला, एवं सिमडेगा डिवीजन। संचरण से हटिया 1 तथा 2, नामकुम, बुढ़मू, काकें, तमाड़, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला, कामडारा ग्रीड में कार्यरत सैकड़ों सदस्य भाग लेंगे।

## राजधानी रांची राजद संगठन को मजबूत करने में जुटें युवा : रंजन




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजद प्रदेश कार्यालय रांची में रविवार को झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार की अध्यक्षता में रांची जिला एवं रांची महानगर राजद की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में युवा राजद अध्यक्ष रंजन के कहा कि राजधानी में संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्होंने रांची जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को पूरी कमिटी का गठन कर सूची उपलब्ध कराने को कहा। वहीं जिले में निवास करने वाले सभी प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जो पदाधिकारी जिस वार्ड, प्रखंड एवं पंचायत में रहते हैं वो उस क्षेत्र से पांच-पांच लोगों को जिला एवं महानगर संगठन में जोड़कर जिला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष को कमिटी विस्तार करने में सहयोग करने का काम करें, ताकि जिला और महानगर संगठन को धारदार बनाया जाएं।

बैठक में विशु विशाल, शौकत अंसारी, जफीर खान, डॉ अविनाश, गायत्री देवी, मंतोष यादव, क्षितिज मिश्रा, उज्जवल सिंह, विक्की यादव, श्रीराम सिंह, सचिव अजय यादव, संतोष राम, प्रशांत कुमार, लालबाबू राजा, गुलजार अंसारी, राजेश यादव, सलीम जावेद, दीपक कुमार, सुनील यादव, तौफीक अंसारी, सिद्धांत कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्य समन्वय समिति को राजभवन प्रवेश की नहीं मिली अनुमति, संतरी को ही सौंप दिया ज्ञापन

# पारित विधेयकों पर जनहित में निर्णय लें राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य समन्वय समिति ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण से विधानसभा में पारित विधेयकों को संविधान के अनुच्छेद 200 के अनुरूप विचार करके जनहित में निर्णय लेने का अनुरोध किया है। इस संबंध में समन्वय समिति राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे, लेकिन पूर्व में समय नहीं मिलने के कारण उन्हें राजभवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। जिसके बाद समिति ने राजभवन के संतरी को मांग पत्र सौंप दिया, जिसमें कहा गया है कि सरकार ने तीन महत्वपूर्ण विधेयकों यथा (1) झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 (2) झारखण्ड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022 एवं (3). झारखंड (भीड़ हिंसा एवं भीड़ लिंचिंग निवारण) विधेयक, 2021 विधान सभा से पारित कराकर राज्यपाल सचिवालय को अनुमोदन हेतु भेजा था। इन विधेयकों से ना केवल यहां के लोगों की अस्मिता एवं पहचान जुड़ी हुई है, बल्कि यहां के पिछड़े, दलित एवं आदिवासियों के हक एवं अधिकार भी जुड़े हुए हैं। साथ ही जिस प्रकार से विगत आठ-नौ वर्षों में देश में सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास हुआ है, उसमें झारखंड (भीड़ हिंसा एवं माब लिंचिंग निवारण) विधेयक, 2021 विधेयक अत्यंत ही महत्वपूर्ण हो जाता है।

**ये लिखा है पत्र में :** समिति ने पत्र में लिखा है कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने महाजनों एवं सामन्तवादी व्यवस्था के खिलाफ एक लम्बी लड़ाई लड़ी, जिसके फलस्वरूप झारखण्ड अलग राज्य का गठन हुआ। उनके साथ इस लड़ाई में लाखों आन्दोलनकारी शामिल हुए और सैकड़ों शहीद निर्मल महतो जैसे उनके साथियों ने अपने प्राणों की आहुतियां दीं। उनकी यह लड़ाई न केवल इस राज्य के आदिवासी/मूलवासी को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए थी, बल्कि यह झारखंडी अस्मिता एवं पहचान से भी जुड़ी हुई थी।

**राज्यपाल सचिवालय को किया था प्रेषित :** राज्य सरकार ने इन सभी विधेयकों को भली-भांति एवं कानूनी तौर पर परखने के उपरांत ही विधान सभा से पारित कराकर राज्यपाल सचिवालय को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया था, परंतु राज्यपाल सचिवालय द्वारा कुछेक बिंदुओं पर आपत्ति करके इन्हें सरकार को लौटा दिया गया। परंतु यह अत्यंत ही खेदजनक है कि ऐसा करते वक्त भवदीय के सचिवालय द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया एवं इसे बगैर आपके संदेश के वापस कर दिया गया। राज्यपाल सचिवालय द्वारा विधेयक को वापस करते समय भारत के संविधान के अनुच्छेद-200 के तहत राज्यपाल महोदय का संदेश संलग्न करना एक संवैधानिक जरूरत है। जिसके बगैर राज्य सरकार द्वारा त्रुटियों का निराकरण कर पुनः विधान सभा में विधेयक को पेश करने में वैधानिक कठिनाई हो रही है।

**बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन आज, राजभवन के समक्ष धरना देंगे कांग्रेसी**

## घरेलू गैस सिलेंडर का दाम घटाना केंद्र सरकार का चुनावी स्टंट : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कहा कि देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ आज कांग्रेस राज्य के सभी जिला मुख्यालयों के साथ राजधानी रांची में राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए की लोकप्रियता से डर कर मोदी सरकार ने सिर्फ 200 रुपए रसोई गैस की कीमत को कम किया है, जबकि 2014 से लेकर 2023 तक इसकी कीमत में कई गुणा बढ़ोतरी की गई थी। राजेश ठाकुर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि जब महंगाई और गैस सिलेंडर को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पूर्व के स्टेटमेंट वायरल होने लगे और अडाणी के कारनामे की पोल विदेशी अखबार ने खोल दी, तब ध्यान भटकाने के लिए गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की गरीब और मध्यम वर्ग से कोई मतलब नहीं है। पीएम मोदी अपने चंद पूंजीपति मित्रों के लिए काम कर रहे हैं।

राजेश ठाकुर ने कहा कि सिर्फ रसोई गैस के दाम पिछले नौ वर्षों में बढ़कर केंद्र के मोदी सरकार ने 31 करोड़, 37 लाख लोगों के पॉकेट को खाली किया है। एक अनुमान के अनुसार 2014 से लेकर 2023 तक एलपीजी का दाम बढ़ाकर केंद्र की सरकार ने 833640 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, जिससे उज्ज्वला बहनें भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कमी ठीक उसी तरह है जैसे एक प्यासे व्यक्ति को गला सूखने पर उसे दो बूंद पानी पिलाकर कहा जाए कि तुम्हें जिंदा रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के दिन गैस सिलेंडर के दाम में 200 की कमी कर मोदी सरकार बहनों को रक्षाबंधन का तोहफा बता रही है जबकि हकीकत यह है की केंद्र की सरकार को बहनों के मान-सम्मान से कोई मतलब नहीं है।

संवाददाता सम्मेलन के बाद राजेश ठाकुर की उपस्थिति में मारवाडी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

## 30 युवकों को ट्रेंड करेगा कृषि विभाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कृषि विभाग, झारखंड के मुताबिक किसानों, एसएचजी और अन्य सहायता समूहों को पिछले कुछ सालों से कृषि उपकरण बैंक की मदद से लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत उन्हें ट्रैक्टर, मिनी ट्रैक्टर, ट्रैक्टर चालित यंत्र, पावर टीचर, रीपर पंप सेट, राईस हॉलर, कल्टीवेटर, डिक्स हैरो, सीड ड्रील कम फर्टिलाइजर इत्यादि उपकरण मुहैया कराए जाते रहे हैं पर स्थानीय स्तर पर कृषि यंत्रों की मरम्मत के अभाव में इनका समुचित उपयोग करने में दिक्कत आ रही है। संबंधित निर्माता, सप्लायरों द्वारा मिस्त्री और मैकेनिक की उपलब्धता सभी ब्लॉक और ग्राम स्तर पर सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। ऐसे में विभाग की संस्था जेएएमटीटीसी, रांची के द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 में तत्काल 30 वांछित तकनीकी योग्यता वाले झारखंड के युवाओं को ट्रेंड किया जायेगा। 11 सितंबर से शुरू होने वाला यह प्रशिक्षण 10 अक्टूबर तक रांची में चलेगा जो आवासीय और निःशुल्क होगा। इस दौरान कृषि यंत्रों की विशेष मरम्मत, इसके परिचालन और रख रखाव की जानकारी दी जाएगी।

जेएएमटीटीसी, रांची के कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) के मुताबिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए झारखंड राज्य के निवासियों को ही मौका मिलेगा।

## खबर एक नजर में

### इंस्पेक्टर की वरीयता सूची जारी

रांची। पुलिस मुख्यालय ने 672 इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर की अंतिम वरीयता सूची जारी की है। डीजीपी ऑफिस ने निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, सभी वाहिनी और इकाई के प्रमुख को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि गृह विभाग के आदेश के अनुसार इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर की अंतिम वरीयता सूची जारी की जा रही है। इसमें 629 इंस्पेक्टर रैंक के और 43 सार्जेंट रैंक के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं।

### भाजमो का राजभवन के समक्ष धरना आज

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को राजभवन के सामने राज्य व्यापी महाधरना दिया जायेगा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना का आयोजन होगा। राज्य के अन्य जिलों में भी उपायुक्त कार्यालय पर धरना देकर कार्यकर्ता अपना ज्ञापन देंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### टारगेट से 23 फीसदी अधिक कोयला उत्पादन

**रांची।** सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के नेतृत्व में सीसीएल ने अगस्त 2023 में अपने प्रदर्शन से नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीसीएल ने क्रमशः कोयला उत्पादन 5.7 एमटी, प्रेषण 6.1 एमटी तथा ओबी रिमूवल 9.1 एमसीयूएम किया। इस दौरान गत वर्ष के समान अवधि की तुलना में कोयला उत्पादन में 23 प्रतिशत, प्रेषण में 32 प्रतिशत तथा ओबी रिमूवल में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो ऐतिहासिक है। इसके अतिरिक्त भी अगस्त 23 में, सीसीएल द्वारा विद्युत क्षेत्र को कोयला प्रेषण बढ़कर 5.6 एमटी हो गया, जो अगस्त 22 के 4.4 एमटी की तुलना में 27 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।

### झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन 25 को

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के स्वागत समिति की बैठक रविवार को शफिक भवन लेक रोड में आदिल जाहिर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महासंघ का छठा राज्य अधिवेशन 25 एवं 26 नवंबर 23 को रांची में भाव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही राज्य अधिवेशन के लिए बैनर पोस्टर पर्चा बनाने और 24 जिलों का दौरा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जाहिर ने कहा कि राज्य के समस्त कर्मियों की ज्वलंत मांगों को सरकार के सामने रखा जाएगा और उसे पूरा कराया जाएगा। बैठक मे स्वागत समिति के शैलेंद्र कुमार, देवेंद्र प्रसाद सिंह, आतिश झा, साहेब राम भोक्ता, सुरेंद्र कुमार, मृत्युंजय कुमार झा, राजेश्वर चौधरी,सुनीता टोप्पो, एवं जितेंद्र कुमार थे।

### वंचित और शोषितों की आवाज उठाने वालों को प्रतिनिधित्व का मौका देंगे : आजाद समाज पार्टी

**रांची।** आजाद समाज पार्टी की द्वितीय राज्य स्तरीय प्रदेश कार्यकारिणी समिति का मिलन समारोह प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। बैठक में भीम आर्मी एकता मिशन के प्रदेश और सभी जिले के जिलाध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। बता दें कि 18 अगस्त को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के द्वारा झारखंड प्रदेश की 17 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई थी। इनमें जमशेदपुर के काशिफ राजा सिद्दीकी को प्रदेश अध्यक्ष, रांची के मधुसूदन कुमार को महासचिव और नसीम शाज को संगठन सचिव बनाया गया था। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष काशिफ राजा ने कहा कि बिहार से झारखंड को अलग हुए 22 साल से अधिक हो गए, लेकिन आज भी झारखंड के दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग को हक और अधिकार से वंचित रखा गया है। सीएम हेमंत सोरेन 4 साल के कार्यकाल में मॉब लिंचिंग पर कानून तक नहीं बना पाए। वहीं सरकार की मिली भगत से आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लूट कुछ पूंजीपति और भू-माफिया के द्वारा खुलेआम किया जा रहा है। जिस पर मुख्यमंत्री बात करने तक के लिए तैयार नहीं हैं। पार्टी के महासचिव मधुसूदन कुमार ने कहा कि झारखंड में ईसाई समाज के साथ धर्म के नाम पर अत्याचार और शोषण बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़े, लिखे युवाओं-महिलाओं और वंचित समाज के लिए आवाज उठाने वाले आंदोलनकारी को पार्टी प्रतिनिधित्व का मौका देगी।

जैक ने जारी किया बोर्ड की विभिन्न परीक्षाओं का कैलेंडर

# फरवरी 2024 में होगी जैक बोर्ड की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल यानी झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने अगले साल होने वाले जैक बोर्ड की मैट्रिक, इंटर समेत सभी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के मुताबिक वर्ष 2024 के फरवरी में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आयोजित की जायेंगी। ग्यारहवीं बोर्ड की परीक्षा भी फरवरी में ही होगी। आठवीं बोर्ड की परीक्षा मार्च में, जबकि नौवीं की परीक्षा जनवरी में होगी। मैट्रिक की कंपार्टमेंटल यानी संपूरक परीक्षा जुलाई में लेने की तैयारी है। मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया अगले महीने यानी अक्टूबर में शुरू हो जाएगी। नौवीं व 11वीं की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया इसी महीने शुरू हो जाएगी। मदरसा व मध्यमा की परीक्षा जुलाई में प्रस्तावित है। वहीं इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय और नेतरहाट की तर्ज पर बने स्कूलों में एडमिशन के लिए अप्रैल 2024 में परीक्षाएं होंगी। जनवरी में अवेदन किये जायेंगे।

### नेतरहाट में दाखिले को कर सकेंगे जनवरी में आवेदन




### जैक बोर्ड की 12वीं की परीक्षा फरवरी में

झारखंड बोर्ड की ओर से 12वीं की परीक्षा फरवरी 2024 में ली जाएगी। इसके लिए फॉर्म भरने और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अक्टूबर 2023 में शुरू होगी। 12वीं की परीक्षा में एक या दो विषय में फेल होने वाले स्टूडेंट्स कंपार्टमेंट की परीक्षा जुलाई 2024 में दे पाएंगे। इसके लिए वे मई 2024 में रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद आवेदन कर पाएंगे।

### मैट्रिक कंपार्टमेंटल की परीक्षा जुलाई में

10वीं की परीक्षा फरवरी 2024 में होगी. इसके लिए रजिस्ट्रेशन अक्टूबर 2023 में शुरू हो जाएगा. 10वीं की कम्पार्टमेंटल की परीक्षा जुलाई 2024 में होगी. जैक बोर्ड की परीक्षा में एक या दो विषय में फेल होने वाले विद्यार्थी कम्पार्टमेंटल की परीक्षा देते हैं. ऐसे लोग परीक्षा से पहले मई 2024 में आवेदन कर सकेंगे। 11वीं की परीक्षा फरवरी 2024 में ली जाएगी और इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया सितंबर 2023 में ही शुरू हो जाएगी।

### जुलाई में होगी मदरसा और मध्यमा की परीक्षा

मदरसा की परीक्षा जुलाई 2024 में होगी। इसके लिए दिसंबर 2023 में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होगी.। मध्यमा की परीक्षा भी अगले साल जुलाई में ही होगी। इसके लिए स्टूडेंट्स दिसंबर 2023 में अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। परीक्षा के फॉर्म भी इसी दौरान भरे जाएंगे। इंटर वोकेशनल एग्जाम फरवरी 2024 में होंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन दिसंबर 2023 में करवाना होगा।

### आठवीं की परीक्षा के लिए नवंबर में रजिस्ट्रेशन

जैक की वेबसाइट पर जो लिस्ट जारी की गई है, उसमें बताया गया है कि मार्च 2024 में आठवीं की परीक्षा ली जा सकती है। इसके लिए फॉर्म भरने और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया नवंबर 2023 में शुरू होगी। आठवीं कक्षा की विशेष परीक्षा का आयोजन जून 2024 में होगा। स्टूडेंट्स अप्रैल 2024 में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। नौवीं कक्षा की परीक्षा जनवरी 2024 में होगी, जिसके लिए फॉर्म भरने और रजिस्ट्रेशन सितंबर 2023 में शुरू हो जाएगी।

### मार्च में होगी आकांक्षा में दाखिले की परीक्षा

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के बाद मार्च 2024 में आकांक्षा की परीक्षा होगी। इसके लिए स्टूडेंट्स को अक्टूबर 2023 में ही आवेदन करना होगा। अक्टूबर में पंजीकरण कराने वाले स्टूडेंट्स ही मार्च 2024 में आकांक्षा परीक्षा दे पाएंगे। मॉडल स्कूल में दाखिले के लिए अप्रैल 2024 में परीक्षा होगी। इसके लिए जनवरी 2024 में स्टूडेंट्स को खुद को रजिस्टर करना होगा।

### नेतरहाट में दाखिले के लिए जनवरी में रजिस्ट्रेशन

इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय और नेतरहाट की तर्ज पप संचालित स्कूलों में एडमिशन के लिए अप्रैल 2024 में परीक्षाएं होंगी। इसके लिए स्टूडेंट्स को जनवरी 2024 में पंजीकरण करवा लेना होगा। जनवरी में फॉर्म जमा नहीं करने वाले बच्चे इन दोनों प्रतिष्ठित स्कूलों में दाखिला नहीं ले पाएंगे।

### मार्च 2024 में होगी मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा मार्च 2024 में होगी। इसके लिए पंजीकरण नवंबर 2023 में कराना होगा। एनएमएमएस की परीक्षा इसी साल दिसंबर में होगी। इसके लिए पंजीकरण इसी महीने कराना होगा। सीएसएसएस की परीक्षा की तारीख जैक इंटर का रिजल्ट जारी होने के बाद घोषित की जाएगी। वहीं, टेट और पारा टीचर आकलन परीक्षा सरकार के निर्देश पर आयोजित किए जाएंगे।

# शिक्षक के कारण ही चांद और सूरज भी भारत के मुट्ठी में : विकास सिंह

स्पीड न्यूज

## छोटा गोविंदपुर में चार दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव 7 सितंबर से

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले जन्माष्टमी की तैयारी जोरों पे है। करोना संक्रमण और पूर्व अध्यक्ष नीरज दुबे जी के निर्धन के कारण पिछले 3वर्ष से दही हंडी मटकी फोड़ का कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पा रहा था लेकिन इस वर्ष कमेटी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ दही हंडी मटकी फोड़ का भी आयोजन कमेटी काफी धूमधाम से कर रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राधा बनो कृष्णा बनो और भक्ति संध्या जागरण प्रमुख कार्यक्रम है। चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए झूले और मेले का भी आयोजन हो रहा है। वही दही हांडी कार्यक्रम 10000 रुपये की इनामी राशि और विनिंग ट्रॉफी के लिए शहर के प्रमुख 10 टीम में हिस्सा ले रही है जिसमे शामू टोला, सेरेंगबेरा बस्ती,बड़ा गोविंदपुर, वर्मा माइंस के टीम प्रमुख है। पूजा और बच्चो के मनोरंजक के लिए जादू 7/09/2023, भोग वितरण और राधा बनो कृष्ण बनो :-8/09/2023, भक्ति संध्या जागरण :-9/09/2023 जबकि मटकी फोड़ :-10/09/2023 को आयोजित होगा। आयोजन में संरक्षक बंटी सिंह, संस्थापक :- सानू सिंह, अध्यक्ष :- राकेश सिंह उपाध्यक्ष :- सूरज सिंह, विकास सिंह, सचिव आलोक सिंह,कोषाध्यक्ष नाईक (परविंदर) का सराहनीय योदान रहा।

## विधायक प्रतिनिधि काबलु महतो ने टीएमएच जाकर जाना मरीज का हाल



**चांडिल।** विधायक सविता महतो के निर्देश पर रविवार को झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो टीएमएच पहुंचकर चांडिल के लेंगडीह निवासी बैकुंठ महतो का विगत दिनों जहरीले सांप के काटने से सीसीयू में इलाजरत एवं चांडिल बाजार निवासी स्वर्गीय आनंद प्रमाणिक के बेटे राकेश प्रमाणिक डेंगू से पीड़ित होने पर उनका इलाज टीएमएच अस्पताल में चल रहा है दोनों का हाल चाल जाना। इस दौरान काबलु महतो ने चिकित्सकों से बात कर उनके तबीयत के बारे में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने दोनों परिवार के परिजनों से भी मिलकर बात चीत कि। उन्होंने कहा विधायक के स्तर से हर संभव मदद किया जाएगा।

## स्कूटी चोरी के आरोप में सागर गिरफ्तार



जमशेदपुर। वादिनी पुष्पा लाल उम्र 55 वर्ष पति नरेंद्र किशन लाल पता भालूबासा थाना सीतारामडेरा जमशेदपुर के द्वारा उनके एक्टिवा स्कूटी रजिस्ट्रेशन नंबर खल-05-इळ-1254 के चोरी होने के संबंध में दिनांक 02/09/2023 को दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर सीताराम थाना कांड संख्या 159/23 दिनांक 02/09/2023 धारा 379 भादवि के अंतर्गत अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। सीतारामडेरा पुलिस ने त्वरित अनुसंधान करते हुए 24 घंटे के अंदर कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त सागर कुमार शर्मा उर्फ नउवा उम्र 20 वर्ष पिता अशोक शर्मा पता भुइयाडीह आदर्श नगर थाना सीतारामडेरा जिला पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पास से कांड में चोरी किये गए स्कूटी रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 05-बीटी-1254 बिना नंबर प्लेट का बरामद तथा गिरफ्तार करते हुए आज दिनांक 03/09/23 को माननीय न्यायालय में अग्रसारित कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी उक्त अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है और तीन दिन पूर्व ही जमानत पर जेल से बाहर आया था।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में उपस्थित हुए सविता महतो एवं ओमप्रकाश




चांडिल। रविवार को चांडिल प्रखंड अंतर्गत भादुडीह के हामसादा गांव मे वीर सिदो-कान्हू क्लब द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो के साथ चांडिल के पूर्व जिला परिषद सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक शामिल होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु माहतो, मिलन तंतुबाय एवं कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## बाबा वैद्यनाथ सेवा संघ ने शिक्षकों को सम्मानित कर जताया उनके प्रति आभार

खबर मन्त्र ब्यूरो



शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता विकास सिंह व अन्य अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** शिक्षक दिवस के पूर्व रविवार के दिन बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से मानगो डिमना रोड के राजस्थान भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में प्राथमिक, मध्य, उच्च विद्यालय के साथ-साथ इंटर और डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र में अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान के पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, कोल्हन यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर गंगाधर पांडा, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रोफेसर डी.पी शुक्ला कोल्हन यूनिवर्सिटी के कुल शासक प्रोफेसर एम.के.खान उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरूआत में बच्चों के द्वारा स्वागत गीतगाकर आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया इसके साथ ही समाज को सुधारने में शिक्षक की भूमिका का भी नाट्य मंचन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक विकास सिंह ने सभी शिक्षकों का सम्मान करते हुए शिक्षक का महत्व और भारत को विश्व गुरु बनाने में शिक्षकों के योगदान के बारे में कहा की आज शिक्षकों की देन है कि उनके पढ़ाए गए वैज्ञानिक बने विद्यार्थियों ने चांद और सूरज को भी भारत के मुट्ठी में लाकर रख दिया। कोल्हन यूनिवर्सिटी के पूर्व वॉइस चांसलर गंगाधर पांडा ने रामायण और गीता में भी शिक्षकों का वर्णन किस रूप में किया है उसपर विस्तृत जानकारी उपस्थित शिक्षक और शिक्षकों को दिया। और पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि उन्होंने अपने जीवन की करियर की शुरूआत शिक्षक के रूप में की थी शिक्षक की ईमानदारी पर ही किसी भी देश का भविष्य टिका हुआ है। प्रोफेसर डी.पी शुक्ला ने एवं एम के खान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी में प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक विकास सिंह ने सभी आए हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को चरण स्पर्श कर बाबा बैधनाथ सेवा संघ का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास सिंह, छोटेलाल सिंह, राजीव रंजन सिंह, प्रो गंगाधर पांडा, प्रो डी पी शुक्ला, प्रो एम.के खान, प्रो ए.पी सिंह, डॉ रीता मिश्रा, प्रो यू पी सिंह, शंभु कुमार सिंह, केपी सिंह, सबिता गोस्वामी, अनिल शर्मा, दीपक दत्ता, जटा शंकर पांडे, मनमोहन गांधी, अमर सिंह, प्रो मोबिन खान, प्रो एन पी सिंह, प्रो तरुण महतो, मधुकर कुमार, उमा महतो, अभय श्रीवास्तव, पप्पु शंकर, रविंद्र तिवारी, पंकज कुमार, विनोद यादव, उत्तम कुमार, अलका रानी प्रधान, रफत आला, ईश्वर चंद्र, ज्वाहर प्रसाद, आलोक मिश्रा, नवनीत सिंह, राकेश पांडे, सैकड़ो शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स की चेसिस ले रहे थे बाबा, चांपा बाईपास में हुए दुर्घटनाग्रस्त

# कान्वाई नेता दिनेश पांडेय का निधन

खबर मन्त्र ब्यूरो



टाटा मोटर्स के कान्वाई नेता स्व. दिनेश पांडेय।

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर के उत्पादित नई चेचिस पहुंचाने के क्रम में एक और कान्वाई चालक दिनेश पांडेय की मृत्यु हो गई। दिनेश पांडेय टाटा मोटर्स की चेसिस पहुंचाने का खुद काम करते थे यानी चेसिस ड्राइवर थे। वे कान्वाई चालकों की यूनियन के चर्चित नेता भी थे। कान्वाई नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने सूचित किया है कि टाटा मोटर्स के कान्वाई चालक के नेताओं में नंबर दो का स्थान रखने वाले मजदूर नेता दिनेश पांडेय की चेसिस टीसी नंबर -1621 की मृत्यु रविवार सुबह 3:40 बजे बिलासपुर छत्तीसगढ़ ले जाने के क्रम में चांपा जहांगीर बाईपास जेलचौक स्थान पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

रात का वक्त होने के कारण मेडिकल सुविधा ना मिल सका,और अंततः तड़प-तड़प कर उनकी मौत हो गई। साथ में जा रहे हैं कान्वाई चालक भगवान सिंह द्वारा पुलिस से सहयोग ले हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। चांपा में ही स्व. दिनेश पांडेय के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उनके साथी भगवान सिंह शव को लेकर देर रात जमशेदपुर पहुंचे। ज्ञान सागर प्रसाद ने बताया कि दिनेश पांडेय के बेटा-बहू पुणे से रात तक आ जाएंगे और भाई, परिवार, गांव से आ जाएंगे तब दाह संस्कार का कार्यक्रम होगा।

ज्ञानसागर प्रसाद ने बताया कि गाड़ी ले जाने के क्रम में ड्राइवरों का इंश्योरेंस टाटा मोटर द्वारा नहीं कराया जाता मात्र चेचिस क्या किया जाता है? जिसके खिलाफ लगातार कनवाई संगठन की ओर से जिला प्रशासन, न्यायालय, मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार को पत्र दे कानूनी कार्रवाई की मांग की जाती रही है। आज इस घटना को लेकर 3 घंटा कनवाई बुकिंग बंद रहा साथ ही कल बुकिंग भारी हंगामा को देखते हुए बंद कर दिया गया है जिसका जवाब टाटा मोटर प्रबंधन को देना पड़ेगा। बता दें कि स्वर्गीय दिनेश पांडे 40 वर्षों से टाटा मोटर्स के कान्वाई चालकों के हक अधिकार के लिए लड़ते रहे। कई बार जेल गए जिनको कनवाई चालकों की ओर से याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञान सागर प्रसाद के अनुसार चेसिस चालकों की दुर्घटना में मौत बढ़ गई है क्योंकि कंपनी चालक से लंबी दूरी तक गाड़ी दिन-रात चलवा रही है। कान्वाई नेता दिनेश पांडेय के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कान्वाई नेता ज्ञान सागर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत ही दुखद और अपूरणीय क्षति कान्वाई चालकों को हुई है। हम अपने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। कान्वाई नेता विनोद सिंह और टाटा मोटर्स के कर्मचारी नेता हर्षवर्द्धन सिंह ने भी दिनेश पांडेय के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

## आंदोलनकारियों को विधायक ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड घोड़ाबांधा फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में झामुमो पंचायत समिति द्वारा एक बैठक रखा गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी चयन आयोग द्वारा चयनित झारखण्ड आंदोलनकारी मदन गोराई, शाहिद परवेज, मृतुंजय महतो, विस्वजीत बनर्जी, निरंजन महतो, अनु दत्ता, राजू बालन को विधायक ने माला पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण कराने में आंदोलनकारियों ने कई यातनाएं सही और कुर्बानियां दी है। तब जाकर अलग राज्य का निर्माण हुआ। राज्य बनने के बाद कई सरकारें आयी, लेकिन किसी ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने का काम नहीं किया।लेकिन हेमंत सरकार में आंदोलनकारीयों को उचित सम्मान मिल रहा है।

## खबर एक नजर में

### विजया गार्डेन बारीडीह में ब्रम्हकुमारीज ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**जमशेदपुर।** ब्रम्हाकुमारीज बारीडीह शाखा की ओर से रविवार को विजया गार्डेन मे अध्यात्मिक रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा मुख्य अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग के प्रमुख डाक्टर बी के राजेश के द्वारा भावनात्मक कल्याण पर सत्र मे उनके द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया जिसे काफी संख्या मे लोगो ने ध्यान से सुना। इस सत्र के बाद जन्माष्टमी महोत्सव सह अध्यात्मिक रक्षाबंधन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चो के द्वारा नृत्य, संगीत एवं राधाकृष्णन की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किया गया। आज के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी डॉ बी के राजेश, डॉ पियूष, ब्रह्माकुमारीज की कोल्हान प्रमुख बहन अंजु विजया गार्डेन शाखा की प्रमुख बहन राजवंती भाइ सुधाकर राव प्रमोद मिश्रा, रविसिह के अलावा काफी संख्या मे व्यक्ति, महिला, पुरुष एवं बच्चो ने भाग लिया। सभी को ब्रह्माकुमारीज के बहनो के द्वारा राखी बांधी गयी।

### जमशेदपुर पूजा समिति बिष्टुपुर के अध्यक्ष बने तापस

**जमशेदपुर।** 1919 में स्थापित जमशेदपुर पूजा समिति, बिष्टुपुर ने रविवार, 3 सितंबर को जमशेदपुर एसोसिएशन (घासी क्लब) में अपनी वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित की। 2023-24 की अवधि के लिए पदाधिकारियों का चुनाव आयोजित किया गया, जिसमें तापस घोष को अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया। अरुणा आभा दास कार्यकारी अध्यक्ष, बिमल रे महासचिव, बिश्वजीत बसाक (कोषाध्यक्ष) और एसके भौमिक (लेखा परीक्षक) चुने गए। इस वर्ष, सुभाष गांगुली दुर्गा पूजा करने वाले मुख्य पुजारी होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि कथामो पूजा (मूर्तियों को सहारा देने के लिए बांस की संरचना को दी जाने वाली प्रार्थना) गुरुवार, 7 सितंबर को की जाएगी और पंडाल का निर्माण शुक्रवार, 8 सितंबर को शुरू होगा।

### गायत्री परिवार प्रज्ञा महिला मण्डल के बहनों ने पौधा रोपण किया



जमशेदपुर। गायत्री परिवार टाटानगर का 'प्रज्ञा महिला मंडल और नवयुगदल टाटानगर' के कार्यकर्ताओं ने रॉक गार्डन टेल्को के परिसर में पौधा रोपण कर 301 पौधों का रोपण किया। प्रातः 9 बजे पौधों के पूजन करते हुए गायत्री महामंत्रों के उच्चारण के साथ महिला मंडल के अध्यक्ष बहन जसवीर कौर और जिला युवा संयोजक प्रशान्त कालिंदी के संग गुरुदेव महतो जी ने पौधा लगाया। सारे पौधे बृक्ष गंग अभियान केंउझार, शिशु विद्या मंदिर चन्द्री और भगेरिया फाउंडेशन चक्रधरपुर के सहयोग से प्राप्त हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में नवयुगदल के सह संयोजक कुंवर प्रसाद मालाकर, संजीव सिन्हा, विश्वनाथ प्रसाद, कामाख्या सिंह, शंकर कुमार, राजा, बासुदेव पाल, राहुल भगत, भक्त प्रह्लाद, देबेशानंद, मंजु सिंह, गंगा, सुनैना, मीठी,जयंती बहन, मंजू देवी, प्रतिमा शर्मा, अनिता देवी, प्रियंका सिंह, रेणु बहन, पुष्पा, पूनम सिन्हा, किरण, गुड्डी देवी, शीमा देवी,मेधा देवी ने अपना योगदान दिया।

### स्व. प्रमोद बजाज की स्मृति में 25 मरीजों के नेत्र का हुआ ऑपरेशन



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्व. प्रमोद कुमार जी बजाज के पुण्य स्मृति में बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित 690वां नेत्र शिविर के ऑपरेशन सत्र का उद्घाटन शिविर संयोजक श्री निखिल बजाज, श्री रचित बजाज ने राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह एवं रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ संयुक्त रूप से ऑपरेशन थियेटर का फीता काटकर किया। नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. आनन्द सुश्रुत एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा 25 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया गया। कल सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर आंखों की अंतिम जांच की जायेगी, जिसके पश्चात उन्हें आवश्यक दवा व चश्मा प्रदान कर विदा किया जायेगा। आज ऑपरेशन सत्र के दौरान रेड क्रॉस कार्यकर्ता प्रकाश मिश्र, राजू बिन्द, विधायक विश्वास, दीपक शर्मा, प्रकाशभानु महतो मुख्य रूप से उपस्थित थें।

### जमशेदपुर ब्लड बैंक में 4 युवाओं ने किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। डेंगू मरीजों को लगातार प्लेटलेट्स की आवश्यकता को देखते हुए आज जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में रविवार के बावजूद रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह के प्रयास से चार रक्तदाताओं ने सिंगल डोनर प्लेटलेट्स का डोनेशन किया, जिनमें टाटा स्टील कर्मी शशि शेखर प्रसाद ने पहला एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने एक रक्तदान पहले किया है, इसी तरह अजीत कुमार सिंह ने पहला एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने 14 बार रक्तदान किया है। टाटा स्टील कर्मी अजय कुमार सिंह ने 6ठी बार एसडीपी दान किया, उन्होने 28 बार नियमित रक्तदान भी किया है। इसी क्रम में टाटा स्टील कर्मी दिलीप कुमार आचार्य ने 8वीं बार एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने 36 बार नियमित रक्तदान भी किया है। रेड क्रॉस सभी युवा रक्तदाताओं से अपील करता है कि वे एसडीपी को लिए अपना सैंपलिंग करवायें ताकि उनके प्लेटलेट्स का स्तर उपयुक्त होने पर जरूरत के अनुसार उनसे एसडीपी का आग्रह किया जा सके। इस कार्य में वे रेड क्रॉस की टीम लगातार तत्पर है, कोई भी रक्तदाता रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह (9234133921) तथा श्याम कुमार (9234749803) से सम्पर्क कर सकते हैं।

### कन्हैया सिंह ने की डुमरी विधानसभा में पद यात्रा



जमशेदपुर। आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति कन्हैया सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 3 सितम्बर 2023 दिन रविवार को डुमरी विधानसभा से आजसू पार्टी के प्रत्यासी यशोदा देवी के पक्ष में किया पदयात्रा, और लोगो के साथ महिलाओ से लिया आजसू पार्टी के लिए जीत का आशीर्वाद। कन्हैया सिंह ने सर्वप्रथम डुमरी विधानसभा के नवाडीह प्रखंड में कोडवाडीह मोड़,कटघरा मोड़, नरवाडीह चौक तक पदयात्रा किया और राज्य सरकार के नाकामियों की गिनती कराते हुए यशोदा देवी के और उनके परिवार का इस विधानसभा के साथ साथ इस प्रदेश के प्रति दिए गए बलिदान को याद दिलाते हुए उनके द्वारा उनके पति स्वर्गीय दामोदर महतो के अपनी सपनो को पूरा करने का संकल्प को पूरा करने का वक्त आ गया है। इसलिए इस बार चुकना नही है और केला छाप को रुकने नही देना है और यशोदा देवी को भारी मतों से विजयी बनाना है। इस दौरान कन्हैया सिंह के संग आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, जिला सचिव संतोष सिंह, सुधीर सिंह, कृष्णा गोप समेत अन्य मौजूद रहे।

## मानव को पुण्य प्राप्त करने के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए : हिमांशु महाराज





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार से बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सुबह कलश स्थापना एवं शोभा यात्रा के साथ किया गया। विधि विधान से पूजन अर्चना कर कलश शोभा यात्रा कथा स्थल सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर से निकली, जो बिष्टुपुर मेन रोड, बाजार होते हुए वापस मंदिर परिसर पर पहुँची। भागवत की पूजा अर्चना और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। शाम में भागवत कथा का आयोजन किया गया। मथुरा से आये कथा वाचक हिमांशु महाराज ने भागवत महात्म एवं मंगलाचरण से कथावाचन प्रारंभ किया। उन्होंने व्यासपीठ पर आसीन होकर कथा का व्याख्यान करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को पुण्य प्राप्त करने के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए।

## सेक्रेट हार्ट कान्वेंट स्कूल ने जीता चैम्पियनशिप खिताब

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** अपने परिचालन क्षेत्रों में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता में, टाटा स्टील ने कुडी महंती सभागार में गत शनिवार को इंडिया एनवायरनमेंट मीट 2023 का आयोजन किया। इस अवसर पर राजीव मंगल, वाईस प्रेसिडेंट (सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी), टाटा स्टील मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इससे पहले दिन में, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जितेंद्र प्रसाद सिंह ने बैठक का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम मिलेनियम इंस्टीट्यूट ऑफ एनर्जी एंड एनवायरमेंट मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें शहर भर के 17 स्कूलों के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता, एक्सटेम्पोर से लेकर वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन से लेकर लघु नाटिका तक, इन प्रतियोगिताओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, और दर्शकों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ने पहली बार इंडिया एनवायरनमेंट मीट 2023 के लिए ओवर-ऑल सर्वश्रेष्ठ स्कूल का पुरस्कार जीता। जुस्को साउथ पार्क स्कूल ने सर्वश्रेष्ठ स्किट का पुरस्कार जीता। टीम थ्री मस्किटर्स सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट ने क्विज प्रतियोगिता जीती। लोयोला स्कूल के सागर कुमार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया, केरेला पब्लिक स्कूल की रेनू महतो ने निबंध प्रतियोगिता जीती और जुस्को स्कूल, कदमा की मुग्धा झा ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर, राजीव मंगल, वाईस प्रेसिडेंट टाटा स्टील ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी पर सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## बामनगोड़ा में फ्लाई एश युक्त गंदा पानी घरों में घुसा

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** रविवार की दोपहर हुई जबर्दस्त बारिश के बाद लौहनगरी के कई इलाकों में जल जमाव हो गया। बावनगोड़ा क्षेत्र में स्लैग युक्त पानी का रेला बस्तियों के घरों में घुस गया तो जुगसलाई कुंअर सिंह चौक और जुगसलाई अंडर ब्रिज में जल जमाव हो गया। इधर, टाटा पावर द्वारा सैंड़ पौंड़ तथा पाइप से फ्लाई एश युक्त गंदा पानी छोड़े जाने से बाढ़ सी स्थिति उत्पन्न हो गई। बामनगोड़ा मेन रोड़ स्थित घरों में गंदा पानी घुस गया। शुक्र है बारिश थम गई और जल स्तर कम हुआ तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन अब भी लोगों के घरों एवं आंगन में जल जमाव है। उधर दोपहर में पानी का तेज बहाव सड़क के ऊपर से होने से आवागमन प्रभावित हुआ। स्थानीय निवासी दीपक कुमार ने कहा कि पच्चास सालों से भी ज्यादा समय से हम लोग यहां रह रहे हैं। कभी घरों में पानी घुसा। लेकिन जब से टाटा पावर कंपनी स्थापित हुई। धीरे-धीरे लोगों की परेशानी बढ़ते गई। एक के बाद एक बामनगोड़ा सफेद पहाड़ी क्षेत्र में सैंड पौंड बना और फ्लाई एश युक्त पानी को बारिश के बहाने बहाया जाने लगा ताकि कोई सीधे ऊंगली न उठा सके। लाखों ट्रक फ्लाई ऐश पानी में बहा दिया गया। पूरा पानी दूधिया हो गया था। यही फ्लाई एश युक्त पानी फसलों को नुकसान पहुंचाएगा। मवेशियों के लिए जान लेवा बनेगा। विगत दो वर्ष पूर्व भी रात में इसी तरह फ्लाई एश पानी छोड़े जाने से लोगों के घरों में पानी घुस गया था। अखबारों में खबरें छपी थी। कंपनी ने गलती माना और एक सप्ताह तक मजदूरों को भेजकर खेतों में जमा फ्लाई एश को काट- काटकर पानी में बहाया।

ताकि गलतियों पर पर्दा डाला जा सके। विगत वर्ष ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई थी तो एक विधायक जी आकर देख गये थे फिर रहस्यमय ढंग से चुप बैठ गये। सदन में भी सवाल उठा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

## सूर्य मंदिर समिति आज डीसी ऑफिस पर करेगी विरोध प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के पवित्र छठ घाट तालाब में स्विमिंग पूल और आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी कोर्ट कोर्ट निर्माण कार्य के विरोध में एक ओर जहां शहर के धर्मप्रेमियों में आक्रोश देखा जा रहा है। तो वहीं, सोमवार को सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को लेकर मंदिर समिति के सदस्यगण एवं सनातन धर्मप्रेमी सुबह 11 बजे साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान में एकत्रित होंगें। जहां जुलूस की शक्ल में पैदल मार्च करते हुए डीसी कार्यालय की ओर कूच करेंगे। प्रदर्शन को लेकर सूर्य मंदिर की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। प्रदर्शन के संबंध में जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जमशेदपुर पूर्वी का हृदयस्थल सिदगोड़ा आज यहां के गौरवशाली आध्यात्मिक केंद्र सूर्यधाम की ख्याति के कारण पूरे झारखंड में अपनी एक नई पहचान स्थापित की है। परंतु विगत कुछ वर्षों से धर्मविरोधी मानसिकता लिए पुर्वी के निर्दलीय विधायक के द्वारा इसके सौंदर्य को नष्ट करने की साजिश लगातार की जा रही है। प्रत्येक वर्ष लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा से पूर्व कोई ना कोई अनावश्यक विवाद खड़ा कर छठ पूजा में विघ्न डालने का प्रयास किया जाता है।

## जेपीएस टाइगर्स ने 28वें वीकेंड में लोयोला सॉकर आर्मी को 3-1 से हराया

### जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के 28वें वीकेंड के दौरान अपने एक मैच में जेपीएस टाइगर्स की व 9 आयु वर्ग की टीम जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने जेआरडी टाटा के आर्चरी ग्राउंड में लोयोला स्कूल की लोयोला सॉकर आर्मी की टीम को 3-1 से हराया। दोनों टीमें शुरूआत से ही बेबी लीग का अभिन्न हिस्सा रही हैं और जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक और रोमांचक दिन में उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी 10 महीने तक चलने वाले जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, जहां शहर भर के बच्चों को यू-5, यू-7, यू-9, यू-11 और यू-13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। 10 महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा ताकि बच्चों के विकास को और बढ़ावा दिया जा सके और स्कूल के समय के बाद वीकेंड के दौरान क्लब द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा जमीनी स्तर के स्कूलों को कार्यक्रम के साथ जोड़ा जा सके।

इस रविवार को कुल 1,387 छात्र आए, जो पूरे जमशेदपुर में बेबी लीग की लोकप्रियता को दर्शाता है। यू-5 में 145 छात्र, यू-7 में 195 छात्र, यू-9 में 218 छात्र, यू-11 में 286 छात्र और यू-13 वर्ग में 543 छात्रों ने भाग लिया। बेबी लीग अब जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तीरंदाजी मैदान और टीएफए दोनों में खेला जाना जारी रहेगा। आने वाले समय में और अधिक वेन्यू जोड़े जाने की संभावना है।

## स्पीड न्यूज

### पोषाहार कालाबाजारी के आरोपी गिरफ्तार

**नावाबाजार पलामू।** बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिलने वाले पोषाहार के कालाबाजारी के आरोप में विश्रामपुर के व्यवसायी सह वाहन मालिक कृष्णा प्रसाद गुप्ता उर्फ लाला और चालक सुदामा यादव को नावाबाजार पुलिस ने जेल भेज दिया है। मालूम हो कि शनिवार को एक पीकअप वाहन पर पोषाहार लाद कर हरिहरगंज बेचने के लिए ले जाया रहा था। इसी दौरान नावाबाजार पुलिस ने ईटको मोड़ के पास वाहन को पकड़ा था। थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों के सूचना के आधार पर पीकअप वाहन को पकड़कर जांच किया गया तो वाहन में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिलने वाला पोषाहार का पैकेट बोरा में भर कर कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था। वाहन जब्त कर वाहन मालिक से पोषाहार के कागजात की मांग किया गया तो वह कोई कागजात उपलब्ध नहीं करा सका। बीडीओ मो अमीर हमजा ने भी जांच के बाद पुष्टि किया था कि पोषाहार को कालाबाजारी के लिए ले जा रहा है।

### चक स्तरोन्नत प्लस 2 उच्च विद्यालय में एमडीएम संचालन में मनमानी का आरोप

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के चक स्थित स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय में मनमानी ढंग से स्कूल चलाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। ग्रामीणें का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उद्देश्य यादव एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक सह सचिव संजय सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि एमडीएम का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है। अभी हाल में कुछ दिन बीते छात्र–छात्रा के नामांकन मे इन लोगों द्वारा मनमानी ढंग से मिली भगत कर अवैध वसूली का मामला ग्रामीण ने उठाया था। ग्रामीणों का कहना है कि नामांकन फी में दो सौ से तीन सौ रूपये अधिक वसूली की गई है। ग्रामीण ने कहा कि एमडीएम में भी यही रवैया है। विद्यालय में छात्र–छात्राओं की संख्या लगभग 1200 से 1300 है जिसे मध्याहन भोजन में लाभान्वित बच्चों की संख्या 800 है। जिनकी उपस्थिति प्रत्येक दिन 100 रहती है इससे अधिक नहीं होती है। जबकि चावल का उठाव सभी बच्चों के अनुसार किया जाता है। जब ग्रामीणों ने फीस बढ़ोतरी को लेकर इस संबंध में सचिव संजय सिंह से जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि हंगामा करने वाले बच्चों को प्रैक्टिल कॉपी में कम नंबर देंगे। ग्रामीणों ने शिक्षा पदाधिकारी, डीसी से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में शिक्षक विलंब से आते हैं। जिसकी शिकायत बीआरपी मनोज कुमार से की गई। उन्होंने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पिंटू यादव, उमेश यादव, नारद कुमार, योगेंद्र यादव, सुरेंद्र, राज कुमार, गौरव, बिप्pी गुप्ता, संजय यादव, योगेंद्र यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### मजबूर न बनने की एक ही दवाई है रोज की पढ़ाई : परशुराम



**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने शिक्षक दिवस के ठीक पहले रविवार को केवालटोला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों से मुलाकात की। उन्होंने उस टोले में ही बच्चों व अभिभावकों को एक साथ बुलाकर उनसे संवाद किया। अभिभावकों व बच्चों ने क्रमशः विद्यालय न भेजने व जाने की अनेक मजबूरियां बतलायीं। इस पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय में खाने, खेलने, पढ़ने सबकी निःशुल्क व्यवस्था है। आप सिर्फ बच्चों को रोज विद्यालय भेजिए। परिवर्तन साफ नजर आने लगेगा और आप अच्छा महसूस करने लगेंगे। तिवारी ने उन्हें समझाया कि मजबूर न बनने की एक ही दवाई है रोज की पढ़ाई। तिवारी ने बताया कि शिक्षक दिवस को निकट देख उनके मन में विचार आया कि क्यों नहीं हम छुट्टी का लाभ उठाकर विद्यालय न आने वाले बच्चों से मिलें तथा उन्हें व उनके अभिभावकों को प्रेरित किया जाय। इस सम्पर्क अभियान में लिटिल स्टार 'थिया देव' ने उत्प्रेरक की भूमिका निभाई।

### भाजपा नेता के चाची का निधन, शोक

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर भाजपा के महामंत्री मनीष कुमार की चाची का निधन रविवार को उनके पैतृक गांव चोरटिया में हो गया। गांव के ही श्मशान घाट पर आज दाहसंस्कार किया गया। विदित हो कि वह पिछले कई दिनों से बिमार थी । इधर निधन की खबर सुनकर गांव सहित आसपास के लोग घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इधर उनके निधन पर कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शिववंश मिश्रा, मुखिया मंजू देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, उपेंद्र तिवारी, संजय ठाकुर, विजय कुमार रवि, गोपाल सोनी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### सभी गैस कनेक्शन धारकों को 200 रुपए दिया जा रहा सब्सीडी : विनोद



पंडवा पलामू। बालाजी भारत गैस ग्रामीण वितरक के प्रोपराईटर विनोद पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर 75 लाख नये गैस कनेक्शन देने का घोषणा किया गया है। विनोद ने कहा कि सभी गैस कनेक्शन धारकों को 200 रूपयये सब्सीडी भी दिया जा रहा है। उज्वला योजना के तहत जिन लाभूकों को गैस कनेक्शन अभी तक नहीं मिल सका है उन्हें अब गैस कनेक्शन फ्री में प्राप्त हो जायेगा। उज्वला गैस कनेक्शन लेने के लिए अहर्ता रखने वाले सभी व्यक्ति मेसर्स बालाजी भारत गैस में अपना केवाईसी कराकर रसोई गैस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उज्वला गैस कनेक्शन लेने के लिए इन कागजात के साथ केवाईसी करायें। श्री पासवान ने कहा कि इनमें लाभूक का राशन कार्ड, राशन कार्ड में सभी व्यक्ति का आधार कार्ड, बैंक खाता, फोटो दो पीस कलर, मोबाईल नंबर, ई मेल आईडी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि समय कम है जितना जल्द करें पहले आयें और पहले पायें।

### कार्यकर्ताओं को प्रत्येक गांव के हर घर तक तिरंगा और कलश लेकर पहुंचना है : विजयानंद



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पलामू में मेरी माटी–मेरा देश अभियान के अन्तर्गत तैयारियों को लेकर पार्टी की बैठक भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि मेरी माटी–मेरा देश अभियान के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपने जिले के प्रत्येक गांव के हर घर तक देश के तिरंगे झंडे और कलश को लेकर पहुंचना है। वहां से माटी और चावल एकत्रित करने हैं। जो कि प्रखंड , जिला और प्रदेश से होते हुए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनने वाले शहीद स्मारक का हिस्सा बनेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। बैठक में छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, एस टी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां, अजय तिवारी, दुर्गा जौहरी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, रीना किशोर, जिला सोमेश सिंह, जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे,संतोष सिंह, मंजू गुप्ता, मनीष भिवानिया समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गैस के दाम में कटौती मतदाताओं को लुभाने का राजनीतिक स्टंट : बिट्टु पाठक



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है। प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की की पीड़ा की परवाह नहीं की। वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ। रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रूपये कम करना लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने का राजनीतिक स्टंट है। रसोई गैस की कीमत वर्ष 2014 से लगातार बढ़ी है।

# पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग ने उद्यमी विकास संगोष्ठी का किया आयोजन

**● बहनों का व्यावसायिक क्षेत्र में प्रवेश करना शुभ संकेत : प्रथम महापौर ● महिला समूह का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर दी जायेगी व्यवसाय की जानकारी : आनंद शंकर**

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, महिला विंग के द्वारा उद्यमी विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रथम महापौर अरुणा शंकर, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला सूमी , रांची से आई मुख्य वक्ता के रूप में आस्था किरण, मोटिवेटर रेनू गोपीनाथ पाणिकर, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, कृष्णा अग्रवाल, उद्यमी संध्या जायसवाल, पिंकी वर्मा, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं अब जागरूक हो चुकी है। अब हमारी बहनें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। खुद नौकरी करने की जगह अपना व्यवसाय करने की और अग्रसर है जो देश के इकोनामिक के लिए शुभ संकेत है। एक व्यवसाय करने वाला व्यक्ति जहां खुद के लिए रोजगार सृजन करता है वही भारत की सबसे बड़ी समस्या रोजगार पैदा कर कई लोगों को रोजगार भी देता है। प्रथम महापौर ने कहा कि जब हमारा बुरा दौर कोरोना में चल रहा था उस वक्त कई परिवार की महिलाएं अपने पास चोरी छुपे संचित पैसे से अपने पूरे परिवार को संभाला। हमारे शहर एवं गांव की भी महिलाएं अब जागरूक हो चुकी है तभी इतनी संख्या में चेंबर द्वारा आयोजित व्यावसायिक संगोष्ठी में भाग लेने यहां आई है। मैं सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला विंग की सचिव प्रियंका सिंघानिया ने किया। कार्यक्रम में कृष्णा अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, इंद्रजीत सिंह डिंपल सभी ने अपनी बातें रखी। मौके पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, प्रियंका सिंघानिया एवं सदस्यों को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आज व्यवसाय करने हेतु फाइनेंस की मुख्य समस्या आती है जबकी बैंकों और सरकार द्वारा कई फाइनेंस योजनाएं चलाई जा रही है परंतु जानकारी के अभाव में महिलाएं व्यवसाय नहीं कर पाती है। आज महिला विंग द्वारा झारखंड चैंबर से आई आस्था किरण एवं रेनू गोपीनाथ पाणिकर को चैंबर द्वारा आमंत्रित कर महिलाओं को कैसे व्यापार करें कि जानकारी दिलाना एक शुभ संकेत है। अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि महिला समूह का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें एक्सपर्ट रखे जाएंगे किसी भी महिला को कोई भी जानकारी व्यवसाय संबंधित लेनी हो तो ग्रुप में डालें जानकारी मिलेगी और सहयोग भी मिलेगा। शंकर ने कहा कि उपायुक्त से बात कर जितने भी मॉल डालटनगंज में खुल रहे हैं उसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री अवश्य रखने का स्टॉल बनाया जाए।

#### व्यवसाय एवं उद्योग विकास का सहयोगी है चैंबर : शर्मिला सूमी



शर्मिला सूमी ने कहा कि पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा आयोजित सॉगोष्ठी में इतनी संख्या में आई महिला चेंबर के प्रति अपनी आस्था जता रही है और चेंबर का भी प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को व्यवसाय करने में या कुटीर उद्योग लगाने में उनके सहयोगी बने।

#### जिस चीज में फैशन वही काम करें : संध्या जायसवाल

शहर की चर्चित आर एस रेशम बुटीक जो शिवाय ब्लू होटल के नीचे तल्ले में संचालित है। संचालिका संध्या जयसवाल ने बताया महिलाओं में हर वह क्षमता है जो कुशल व्यवसाई में होना चाहिए। मैं भी काम शुरू करने से पहले डरी थी लेकिन आज कुशलतापूर्वक संचालन कर रही हूं। उन्होंने कहा कि इंसान को जिस चीज में फैशन हो वही काम करना चाहिए दबाव में अधिकतर कार्य सफल नहीं होते हैं।

#### सबसे बड़ा रोग, क्या कहेंगे लोग : रेनू

मोटीवेटर रेनू पानीकर ने कहा कि हम बहनों का सबसे बड़ा रोग है क्या कहेंगे लोग। मैं बहनों से कहना चाहूंगी कौन क्या रहेगा यह मत सोचिए आपको क्या करना है उसे दिशा में सोचिए आपकी सफलता सबों का जवाब होगा।

#### पलामू की महिलाएं साहसी हैं : आस्था किरण

झारखंड चैंबर से आई पैशे से ड्रेस डिजाइनर आस्था किरण ने यहां की महिलाओं से मिलकर कहा आज मुझे महसूस हुआ पलामू में उद्योग के लिए सबसे बड़े जो चीज की आवश्यकता होती है वह है साहस। जो यहां के महिलाओं में कूट–कूट कर भरा हुआ है अगर इन्हें दिशा दी जाए तो पलामू झारखंड का नंबर वन जिला महिला उद्यमियों का बन सकता।

#### डर के आगे जीत है : पिंकी वर्मा

महिला उद्यमी पिंकी वर्मा ने कहा कि मैं वर्षों से कार्य करते आ रही हूं कोरोना काल भी देखा लेकिन उससे कुछ सीखने को मिला। अब उस डर से निकल चुकी हूं और सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने बहनों से कहा कि आप भी आगे आएं डरे नहीं कौन क्या कहेगा क्योंकि डर से आगे जीत है।

## एमएसीटी केस को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# क्लेम के मामले में सबसे बड़ा रोल पुलिस अधिकारी का : संतोष कुमार

**सभी थाना वाइज बना है वेहिकल एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल : अर्पित श्रीवास्तव**

वर्कशॉप प्रशिक्षणार्थियों के लिए है काफी उपयोगी : डीएसपी सुरजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर रविवार को एक कार्यशाला का आयोजन पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर किया गया। कार्यशाला का उदघाटन पलामू के प्रथम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार, डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार ने पुलिस अधिकारियों बताया कि कानून की पूरी जानकारी के अभाव में लोगों को क्लेम नहीं दिला पाते हैं। उन्होंने कहा कि क्लेम के मामले में सबसे बड़ा रोल पुलिस अधिकारी का होता है। पुलिस अधिकारी को ऐसे मामले में क्लेमेंट प्रति अच्छा बर्ताव करना चाहिए। उन्हें उचित मुआवजा मिले इसके लिए कानून के पूरे प्रावधान का पालन करना चाहिए। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि सभी थाना वाइज वेहिकल एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल बन गया है। इसके तहत प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के यहां डालटनगंज शहर, सदर, मनातू, लेस्लीगंज व रामगढ़ थाना से जुड़े मामले की सुनवाई होगी। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक सुजीत कुमार ने कहा कि आज का वर्कशॉप प्रशिक्षणार्थियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगा। वर्क शॉप में बहुत कुछ लोगों को एम ए सी टी से जुड़े मामले में सीखने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि प्रशिक्षण पाने वाले लोग कानून सम्मत काम कर लोगों को मदद करने में उपयोगी होंगे।

# क्रशर और प्लांटो की बिजली काट कर किसानों को उपलब्ध करायें : विधायक कमलेश सिंह

>> अकाल व बिजली समस्या पर गंभीर हैं हुसैनाबाद विधायक

>> चेयरमैन से हुसैनाबाद के किसानों को हर हाल में 20 घंटे बिजली उपलिब्ध कराने का आग्रह किया

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह समेत पार्टी के पदाधिकारी सक्रियता के साथ जुटे हैं। विधायक कमलेश सिंह ने झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (संचरण) के प्रबंध निदेशक के के वर्मा व अविनाश कुमार प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य ऊर्जा निगम लिमिटेड (वितरण) से बात कर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब हुसैनाबाद - हरिहरगंज की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर बिजली की मांग और आपूर्ति में आए असंतुलन का खामियाजा संपूर्ण झारखंड को भुगतना पड़ रहा है। इसी वजह यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार हो जाने का आश्वासन दिया है। कमलेश सिंह ने बताया कि बिजली और अकाल की समस्या से निबटने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। बिजली में तत्काल सुधार कराने की मांग विभागीय वरीय अधिकारियों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा नहीं होने से किसान निराश हैं। सावन का दो महीना बगैर बारिश बीत गया। किसानों ने धान की कुछ रोपनी मोटर पंप से किया था। बिजली के अभाव में वह भी सूख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पहले किसानों को बिजली उपलब्ध कराएं। अधिक होने पर क्रशर या अन्य प्लांटों को बिजली दें। उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री व जिले के उपायुक्त से मजदूरों को रोजगार की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार दो वर्ष से अकाल की मार ने किसानों और मजदूरों को तोड़ दिया है। उन्होंने सम्पूर्ण पलामू में राहत कार्य चलाने की आवश्यकता बताया है। सिंह ने कहा कि वह जानता की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं। ईमानदारी से किया जा रहा प्रयास रंग लायेगा। हुसैनाबाद की समस्याओं का सरकार को समाधान करना होगा।

### ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं : आशीष



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रबदा पंचायत के परसही तथा फुलवरिया गांव के खिलाड़ियों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने रविवार को फुटबॉल वितरण किया। मौके पर रबदा पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि शंभू उरांव जिला परिषद पति अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता शंभू मेहता मौजूद थे। आशीष सिन्हा ने कहा कि विगत 4 सालों से फुटबॉल वितरण कर रहा हूं ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी अपना खेल का प्रदर्शन करने में सहयोग मिल सके। मौके पर उदय सिंह, महिला खिलाड़ी संगीता कुमारी, मंजू, एनिमा, सुशीला, संजू कुमारी, मनीता कुमारी, अमृता कुमारी, संजू कुमारी, पूनम, सुमिता, धर्मेंद्र उरांव, मनदीप उरांव, श्रीकेश उरांव, धर्मेंद्र उरांव, दिनेश उरांव, अंकित उरांव, उपेंद्र उरांव, नवीन उरांव, रंजीत उरांव, रामधनी उरांव समेत कई खिलाड़ी मौजूद थे।

## लेवी के पांच लाख रूपये के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

पुलिस द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था : एसडीपीओ अजय कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**छतरपुर पलामू।** छापेमारी अभियान के दौरान छतरपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान नक्सलियों के विरूद्ध चलाया जा रहा था। जिस दौरान महुदंड मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे जिसे पुलिस ने संदेह के आधार पर उनकी तलाशी लिया तो मोटरसाइकिल के डिक्की से पांच लाख रूपये व भाकपा माओवादी के नक्सली पर्चा बरामद किया गया। जब इन लोगों से पूछताछ किया गया तो राजकेश्वर यादव उर्फ विनोद यादव पिता स्व सरयू यादव ग्राम खेंदरा खुर्द थाना छतरपुर एवं हरिहर यादव पिता कैलाश यादव ग्राम गोरिया थान थाना हुसैनाबाद का रहनेवाला है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार नक्सलियों से जब पूछताछ की गई तो इन लोगों ने पैसा से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि क्रशर, माइंस, ईट भट्ठा मालिक, ट्रांसपोर्टर समेत अन्य लोगों से लेवी के रूप में पैसा वसूल किया गया है। जो भाकपा माओवादी के नीतेश उर्फ इरफान के निर्देश पर हरिहर यादव के माध्यम से पैसा जमा कराया जा रहा था।

# नकली नोट का कारोबार करनेवाले चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**500 रूपये के 58 पीस नकली नोट बरामद**

**मेदिनीनगर।** शहर में नकली नोट का प्रचलन होने से आम लोग काफी परेशान हो रहे हैं। नकली नोट के कारोबार करनेवाले शहर में घूम घूमकर असली नोट के बदले नकली नोट अधिक दे रहे थे। जिस लालच में लोग नकली नोट ले रहे हैं और उसका प्रचलन बाजार में किया जा रहा है। नकली नोट का कारोबार करनेवाले गिरोह का सूचना पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को मिला। इस पर उन्होंने शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस निर्देश के आलोक में थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थान पर छापेमारी किया। इस संबंध में थाना प्रभारी सिन्हा ने बताया कि नकली नोट का कारोबार करनेवाले गिरोह रेलवे स्टेशन रोड स्थित ओवर ब्रीज के पास एक चाय दुकान में गिरोह द्वारा नकली नोट का लेन देन किया जा रहा था। जिसे पुलिस ने संदेह के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए सभी की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिये गये लोगों के पास से पांच सौ रूपये के 58 पीस नकली नोट बरामद किया गया है। जिसकी पुष्टि भारतीय स्टेट बैंक कचहरी शाखा के प्रबंधक द्वारा कराया गया। उस पुष्टि के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए हिरासत में लिये गये चार लोगों को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के निवासी रघुराज सिंह के पुत्र विमलेश कुमार एवं संदीप कुमार पासवान, कांदू मुहल्ला निवासी राजू रंजन उर्फ मुकेश दूबे, रेड़मा बिजली ऑफिस के पीछे रहनेवाले रामनरेश सिंह शामिल हैं। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के साथ टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, आरक्षी सारिक इरशाद, संतन कुमार मेहता, सहायक आरक्षी प्रफुल्ल कुमार सिंह, चालक संजीव साव शामिल थे।

## सहायक अध्यापक 6 सितंबर को अनशन में होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के टेट सफल सहायक अध्यापकों की बैठक रविवार को बीआरसी के समीप हुई। बैठक की अध्यक्षता निर्मल गुप्ता तथा संचालन संजय कुमार यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति सदस्य सह प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश कुमार मेहता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू जिला अध्यक्ष अविनाश रंजन, उपाध्यक्ष कौशल वर्मा, शाह हुनैन अंसारी, संतोष प्रजापति, तथा अब्दुल अली हसन उपस्थित हुए। बैठक के बाद टेट सफल सहायक अध्यापक प्रखंड कमिटी गठित किया गया । जिसमें अध्यक्ष संजय कुमार यादव, उपाध्यक्ष विदेशी साव, महासचिव निर्मल कुमार गुप्ता, सचिव हशीबूल अंसारी, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, संगठन मंत्री मोहम्मद आरिफ को चयनित किया गया। इस दौरान महेश कुमार मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य टेट सहायक अध्यापक समन्वय समिति के बैनर तले वेतनमान की लड़ाई में साथ दें और आगामी पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर काला बिल्ला लगाकर शैक्षणिक कार्य करें तथा छः सितंबर को शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ पलामू जिला से आमरण अनशन में रांची शामिल हों ताकि आंदोलन को और तेज किया जा सके।

### कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में ऋषि पांडेय ने कहा है कि बारिश नही होने के कारण पलामू जिला में धान की रोपनी पांच प्रतिशत भी नही हुई है। भदई फसल पहले ही पूरी तरह नष्ट हो चुका है। जिसके कारण यहां के किसानों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो चुकी है। रोजगार की तलाश में यहां के छोटे किसान व मजदूर अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। किसानों की खराब स्थिति को देखते हुए पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करते हुए तत्काल राहत कार्य चलाया जाए।

## कोटखास पंचायत के मुखिया का प्रयास लाया रंग, तीन साल का पानी टैक्स कराया माफ

अवध किशोर राय राजू



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज ग्रामीण जलापूर्ति योजना चालू हुए 3 वर्ष हो जाने के बाद भी आज तक पानी का बकाया बिल कंजूमर से नहीं लिया गया था। पानी का बकाया बिल कोटखास पंचायत के मुखिया जूली सिंह ने 3 साल का जल कर भुगतान की राशि को कोटखास पंचायत वासियों को माफ करा दिया है । मुखिया ने बताया कि आज इसकी शुरूआत जुलाई और अगस्त का पानी टैक्स 100 रुपया भरकर शुरूआत किया है। 3 साल से पानी का पैसा बाकी होने के कारण कोटखास पंचायत वासी पैसा देने में सक्षम नहीं थे। इधर लगातार वर्षा नहीं होने के कारण गरीब किसानों को पैसा देने में काफी परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए मुखिया के अनुशंसा पर 3 साल का पानी टैक्स कोट पंचायत के लिए माफ करा दिया गया है। मौके पर मुख्य प्रतिनिधि ने बताया कि अब हर महीना में अपना पानी का टैक्स जमा करते जाएं। पंचायत वासी समय से पानी का टैक्स जमा करते रहेंगे तो उन्हें समय से पानी मिलता रहेगा। मौके पर जलसहिया सुनीता देवी, राजन सिंह, नीरज सिंह, पिंटू सिंह, ज्ञानू राय, विकास शर्मा, पंचम सिंह शामिल थे।




# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की बैठक में भागवत कथा को भव्य बनाने पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** परमपूज्य श्री देवकीनदंन ठाकुर जी महाराज के सात दिवसीय भागवत कथा के सफलता के लिए दस सितंबर को हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में सनातनी समाज के साथ राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा बैठक किया जाएगा। उक्त निर्णय रविवार को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के बैठक में लिया गया। रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने की। जबकि संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय व प्रदेश प्रवक्ता रवि शर्मा ने किया। गौरतलब है कि आगामी 21नवंबर से 28 नवंबर तक राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के द्वारा अंतराष्ट्रीय भागवत कथा वाचक श्री देवकिनदंन ठाकुर जी महाराज के द्वारा भागवत कथा का अमृत वर्षा प्रस्तावित है। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अगले रविवार को सुबह 10:30 बजे से सर्वसमाज के साथ बैठक किया जाएगा और बैठक के लिए सभी सनातनियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में भागवत कथा को भव्य बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में युवा वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा, प्रदेश संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, छोटन उपाध्याय, संतोष शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, प्रवीण पाठक, प्रदेश मिडिया प्रभारी आशीष अदंभ, गोरख पाठक, मनु प्रसाद तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, बृजेश शुक्ला, राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, राजशेखर दिवेदी, अजय शुक्ला, सुनील पाण्डेय (लल्लू), अध्यक्ष चंदन तिवारी, पलामू प्रभारी मनीष तिवारी, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, रघुवीर पाण्डेय, प्रदीप दूबे, दिलीप त्रिपाठी,बबलू ओझा, मुकेश तिवारी, सुधांशु पाण्डेय, आर के चंदन, मनीष तिवारी, प्रभात दूबे, अमीत तिवारी, परितोष पाण्डेय, मनोज ज्वाला, सुधाकर दूबे, राधाकृष्ण दूबे, दिलीप तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, राकेश तिवारी लडडू, विक्कू शुक्ला, दिलीप पाठक, अरुण शुक्ला, संजय पाण्डेय, सुचीत मिश्रा, अशोक तिवारी, मुन्ना तिवारी व रुपेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बेरमो : बाइक हादसे में घायल युवक की मौत

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के लेपो लक्ष्मी लाइन होटल के समीप सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गईण बताया जाता है कि पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सदमाकला पंचायत के कोचाकुल्ही टोला निवासी सिधेश्वर महतो ;33द्ध वर्ष 2 अगस्त को बाइक से घर लौट रहा था कि विपरीत दिशा से आ रहे एक मालवाहक वाहन ने टक्कर मार दीण इससे बाइक सवार सिधेश्वर महतो गंभीर रूप से घायल हो गयाण तत्काल उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करायाए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयीण घटना की जानकारी मिलते ही पेटरवार थाना प्रभारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया।

## बदहवास महिला को युवाओं ने ओढ़ाया वस्त्र

**झरिया।** झरिया के कतरास मोड़ दुखहरणी मंदिर के समीप स्थानीय लोगो ने सच्चे अर्थों में मानवता की मिसाल पेश की है। शनिवार की रात धनबाद झरिया मुख्य मार्ग दुखहरणी मंदिर के समीप एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे बदहवास स्थिति में मिली। उसके कपड़े भी अस्तव्यस्त थे। यह देख झूलन सिंह नामक युवक ने अपने गमछे से महिला को ढंका। वही झूलन के मित्र सौरव शर्मा ने महिला से जानकारी लेनी चाही, लेकिन बदहवास महिला कुछ भी बोलने में असमर्थ थी तो सौरव ने फौरन झरिया पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद झरिया पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन दुखहरणी मंदिर के समीप पोहुच जांच पड़ताल की लेकिन महिला कुछ भी बता पाने में असमर्थ थी। वही मौके पर पोहुची झरिया पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था कर महिला को इलाज के लिए एसएनएमसीएच भेज दिया।

## आठ आदर्श और दो सखी मतदान केंद्र चिन्हित

**बोकारो।** 33 डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान जिले में कुल 08 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी के अनुसार निर्वाचन आयोग की मंशा है कि जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान होता है उन मतदान केंद्रों में ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचें। नावाडीह प्रखंड में पांच एवं चंद्रपुरा प्रखंड में तीन मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। मतदाताओं के अभिवादन को वोलेंटियर भी मतदान केंद्रों पर तैनात किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र में 02 सखी मतदान केंद्र नावाडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंड में चिन्हित किया गया है। इस मतदान केंद्र में पीठासीन पदाधिकारी समेत सभी मतदान कर्मी महिलाएं होंगी। उल्लेखनीय है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिले के नावाडीह प्रखंड में 129 एवं चंद्रपुरा प्रखंड में कुल 45 मतदान केंद्र हैं।

## श्रमदान से हुई मस्जिद के छत की ढलाई

**गोमो।** राजा कमिटी के द्वारा आमटांड हूटूग टुंगरी में रविवार को मस्जिद की छत ढलाई का आज आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढ़कर छत की ढलाई में हिस्सा लिया जिसमें पुरुषों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई और बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं इस दौरान ढलाई में पहले कढ़ाई उठाने के 12 हजार एक सौ रुपया ताउन कर अलीनवाज ने पहला कढ़ाई उठाया ,तथा दूसरा कड़ाही श्यामडीह की हाशिबन बीवी ने 12500 देकर उठाई। वहीं तीसरा कड़ाही शाहनवाज अंसारी ने ?12000 देकर उठाया इसी दौरान और कड़ाइयों को भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ताउन किया। मौके पर रामाकुंडा पंचायत के पूर्व मुखिया परशुराम महतो, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक, समाजसेवी आलम अंसारी, निसार अंसारी, शायर फहीम धनबादी, मो खलील, बी चितरो मुखिया प्रतिनिधि अजमत अंसारी, आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर मो सरफुद्दीन, सेक्रेटरी मो मकसूद, खजांची मो तनवीर आलम, एवं मो खाजाउद्दीन, मो रमजान आदि शामिल हैं।

# ट्रक-टैंकर की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## रफ्तार का कहर

खबर मन्त्र संवाददाता



जीटी रोड के कालाडीह मोड़ पर हुई ट्रक और टैंकर की टक्कर।

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जीटी रोड कालाडीह मोड़ के समीप रविवार को रफ्तार के कहर ने दो लोगों की जान ले ली । यहां कोलकाता लेन में में बरवाअड्डा से गोविंदपुर की ओर आ रही पानी टैंकर एवं कोयला लदा ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। आगे चल रही ट्रक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार पानी टैंकर ने पीछे जोरदार टक्कर मार दी । जिसके बाद कोयल लदी ट्रक पलट गया। जिसके चपेट में आकर दो लोगों की मौत ट्रक में लदे कोयले के मालवा के नीचे दब जाने से हो गई। जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार भी शामिल था । मृतकों में कंचनपुर पंचायत के बाघमारा गांव निवासी हार्डकोक भट्ठा कर्मी लालमोहन किस्कू 42 वर्ष एवं पेट्रोल पंप कर्मी कांडरा निवासी किशन सिंह 60 वर्ष शामिल हैं। घटना के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर दल-बल के साथ पहुंचे पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने ग्रामीण के सहयोग से एक जेसीबी एवं दो क्रेन के सहारे राहत एवं बचाव कार्य चलाया । एक घंटे के मशक्कत के बाद मृतकों के शव को मलवे से बाहर निकला गया। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। इस दौरान जीटी रोड की दोनों ओर सड़क पर लम्बा जाम लग गया। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के समय दोनों वहां से गुजर रहे थे। मोटरसाइकिल सहित दोनों ट्रक के नीचे दब गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जीटी रोड कालाड़ीह मोड़ पर बने अवैध क्रॉसिंग के कारण यहा अक्सर सड़क दुर्घटना हो रही हैं। जिसमें लोगों की जाने जा रही हैं। ग्रामीणो ने क्रासिंग को बंद करने की मांग की है। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर जीटी रोड को जाम करने का प्रयास किया। जिसे समझा बूझकर पुलिस ने हटा दिया। बचाव कार्य में सहयोग करने वालों में झामुमो नेता एजाज अहमद, माथुर अंसारी, भाजपा नेता जहीर अंसारी, अजय गिरी,किसने महाराज भानू बाउरी आदि शामिल थे। जीटी रोड से दुर्घटनाग्रसत दोनों वाहनों को हटाने के बाद पुलिस ने जीटी रोड पर लगे जाम को हटाया।

## जैनामोड़ मुख्य मार्ग पर हाइवा के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**बेरमो।** फुसरो जैनामोड मुख्य मार्ग पर पिछरी टाटा येनरआर वर्कशॉप के समीप तेज रफ्तार आ रही हाईवा के चपेट में आने से बाइक चालक की मौत मौके पर ही हो गई ।मृतक जीता मांझी उम्र 35 वर्ष अपने गाड़ी री 09f 5032 से एक और साथी के साथ पचौरा जा रहे थे। घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वही एक अन्य व्यक्ति जीवन डे को गहरी चोट आई है। उसे स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों व्यक्ति पिछरी श्राद्धकर्म में बावर्ची का काम करने आए हुए थे। वापस अपने आवास पाचोरा जाने के क्रम में दुर्घटना हुई। हाइवा दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश में था पर उसमे असफल रहा ।विदित हो कि कुछ इस मुख्य मार्ग के उक्त स्थान पर प्राय दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसमें कई लोगों की जान अब तक जा चुकी है। यहां घटने वाली प्राय घटनाओं का कारण तेज रफ्तार से हाईवा ही रहती हैं। यह बहुत ही चिंताजनक विषय है। घटना के बाद आक्रोशी लोगों ने ट्रक हाईवा आदि कई वाहनों का शीशा तोड़ डाला।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
G20
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## नारी सेवा संघ के शिविर में 21 लोगों ने किया रक्तदान



शिविर में रक्तदान करते संस्था के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** रक्तदान महादान के तहत विद्यापति परिषद प्रांगण में नारी सेवा संघ ने रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी निदेशक पंकज राय ने फीता काटकर किया। शिविर में धनबाद स्थित एशियन जालान की मेडिकल टीम ने कुल 21 रक्तवीरों से रक्त संग्रह किया। बीते एक महीने से चल रहे कैंप में रक्तदान संबंधित जानकारी दी गई। सभी रक्तवीरों को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रक्तवीरों में मुख्य रूप से संघ अध्यक्ष रंजना शर्मा, उमा शर्मा, प्रतिमा गोप, बबीता गोप, विष्णु गोप, सरस्वती देवी, जुली तिवारी, अल्पी तिवारी, उषा सिंह, मीनू सिंह, नीतू सिंह,त्रजूही शर्मा, निशा शर्मा, डोली दास, गीता चटर्जी, किरण सिंह, उषा सिंह, शालिनी शर्मा, किशोर कुणाल, बी के मिश्रा, उत्कर्ष विश्वकर्मा शामिल थे। धनबाद एशियन जालान की मेडिकल टीम में डॉ एन के सिंह, मनजीत, सोनू, रवि शामिल थे।

# डुमरी उपचुनाव : सीएम के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रोड शो

## बारिश में भी नहीं थमा काफिला

खबर मन्त्र संवाददाता



हेमंत सोरेन के वाहन से आगे-आगे बाइक पर चलते कार्यकर्ता।

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन डुमरी में कई किलोमीटर लंबा ऐतिहासिक रोड शो कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेबी देवी के पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। डुमरी के कुलगो से शुरू होकर मुख्यमंत्री का काफिला इसरी बाजार होते हुए निमियाघाट के पास पहुंचा। रोड शो में हजारों कि संख्या में मोटरसाइकिल और चार पहिया गाड़ियों पर सवार नेता और कार्यकताओं का जोश देखते ही बन रहा था। रोड शो के दरम्यान पूरे रास्ते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन करते रहे। खुली जीप पर उनके साथ मंत्री आलमगीर आलम, हफीजुल हसन, सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मंत्री व प्रत्याशी बेबी देवी, विधायक अनूप सिंह, सुदिव्य सोनू सहित कई बड़े नेता भी मौजूद थे। गाजे.बाजे के साथ विभिन्न रंग रूपों और पारंपरिक वेश.भूषा में समर्थक व कार्यकर्ता नाचते.गातेए नारा लगाते साथ चल रहे थे। रोड शो पर इंद्र देवता भी मेहरबान दिखे। शुरूआत में थोड़ी बारिश के बाद मौसम साफ हो गया, हालांकि अंत में एक बार फिर जोरदार बारिश हुई तो इस रोड शो को निमियाघाट से कुछ पहले ही समाप्त कर दिया गया। यदि ऐसा कहा जाए कि इस रोड शो के बहाने मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन ने विरोधियों को अपनी ताकत का एहसास करायाए तो कोई गलत नहीं होगी। वही दुसरी तरह इस चुनाव में प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी और उनके समर्थक डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट देने के लिए मनाते नजर आयेगे। कुल मिलाकर प्रचार काा भोपू बंद होते ही अब वोटो पर सेंधमारी का दौर शुरू हो जायेगा ऐसा लगभग सभी चुनावो मे देखा गया। इस मामले में तो यह उपचुनाव काफी आगे दिखेगा क्योंकि यह चुना वईंडिया और एनडीए गठबंधन के लिए नाक की लड़ाई जो बन गई है।

## वज्रपात की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**चिरकुंडा।** गलफरबाड़ी ओपी अंतर्गत काली माटी खेल मैदान के समीप आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर ईसीएल मुग्मा रीजनल हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी अमन कुमार(25) और मोहुल बना कालोनी निवासी सूरज मल्लाह(32) काली माटी खेल मैदान में क्रिकेट खेलने गए थे। इसी बीच बारिश आ गई और दोनों युवक वज्रपात की चपेट में आ गए। घायल अवस्था में दोनों को स्थानीय नर्सिंग होम में ले जाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच धनबाद भेज दिया गया पर रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई।

## एक नजर में

## बोकारो : प्राइवेट आईटीआई में कार्यशाला




कार्यशाला में शामिल प्राइवेट आइटीआई के सदस्य।

बोकारो। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया बोकारो चैप्टर द्वारा बोकारो आईटीआई में क्वालिटी सर्किल एवं 5 एस सिस्टम ऑफ वर्कप्लेस मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाट्न जीएम सीएसआर सह सचिव बोकारो प्राइवेट आईटीआई सी आर के सुधांशु द्वारा किया गया। इस अवसर पर जीएम ;विजिलेंस एसआरयूद्ध एवं अवैतनिक सचिव ;क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया बोकारो चैप्टरद्ध एमके दूबे एजीएम संजय सिन्हा सहायक प्रबंधक एलवी सिंह पूर्व डीजीएम सुदामा प्रसाद प्रिंसिपल एसबी पांडेय वाइस प्रिंसिपल वी प्रसाद आईटीआई के इंस्ट्रक्टर तथा लगभग 40 प्रतिभागी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सुदामा प्रसाद ने किया।

## डीपीएस बोकारो में संस्कृत दिवस समारोह

बोकारो। डीपीएस बोकारो में आयोजित संस्कृत दिवस समारोह में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार द्वारा भगवान विष्णु की प्रार्थना के बाद छात्रा रिया ने संस्कृत में सुविचार एवं छात्र अमोघ आनंद झा ने संस्कृत में ही समाचार वाचन किया। छात्रा मानसी पांडेय ने गीता श्लोक .पाठ किया। छात्रा श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी ने आधुनिक काल में संस्कृत की महत्ता को रेखांकित करता संस्कृत संभाषण प्रस्तुत किया। श्रेष्ठा ने संस्कृति को संस्कार राष्ट्रप्रेम समुन्नति आदि का आधार बताया। समारोह का संचालन छात्रा प्राप्ति ने किया। प्राचार्य डॉ गंगवार ने संस्कृत को समस्त भाषाओं की जननी और भारत की गौरवशाली संस्कृति का आधार बताते हुए इसके प्रति जागरुकता अनिवार्य बताई। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। संस्कृत में ही राष्ट्रीय एकता व अखंडता की प्रतिज्ञा ली गई।

## हर्ट अटैक से प्राणरक्षा की जानकारी जरूरी

**सिंदरी।** आपातकालीन स्थिति में प्राणरक्षा विषय पर हर्ल सिंदरी प्रशासनिक भवन सभागार में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शनिवार को देर शाम हुआ। कार्यशाला में अमेरिकन हर्ट एशोसिएशन के सर्टिफाइड इंस्ट्रक्टर सह आपातकालीन चिकित्सा पद्धति चिकित्सक डॉ ओंकारनाथ ठाकुर ने मानव पुतला के सहारे जानकारियाँ साझा की। इस अवसर पर हर्ल सिंदरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने हर्ल कर्मियों के लिए डॉ ओंकारनाथ के मार्गदर्शन में विश्व स्तरीय आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात की और डॉ ओंकारनाथ को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ ओंकारनाथ ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद हर्ट अटैक की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इससे निपटने के लिए आम आदमी को प्राणरक्षा की जानकारी होना जरूरी है।

## बीएसएल में यातायात विभाग का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बोकारो।** अगस्त में बोकारो स्टील प्लान्ट में हॉट मेटल क्रूड स्टील एवं सेलेबल स्टील उत्पादन में बेहतरी लाने में यातायात विभाग का भी अहम योगदान रहा। यातायात विभाग ने 335758 टन सेलेबल स्टील और स्लैब का उच्चतम मासिक रेलवे डिस्पैच दर्ज किया है।

## असामाजिक तत्वों ने फूंक डाली घर के बाहर खड़ी बाइक

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द मारवाड़ी धर्मशाला के पीछे घर के बाहर लगे दो मोटरसाइकिलो में असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई आग। जिससे दोनों मोटरसाइकिल जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। इस मामले को लेकर भुक्तभोगी ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दिया है। भुक्तभोगी ने बताया कि शनिवार की देर रात लगभग दो बजे कुछ जलने का अभ्यास हुआ तो घर से बाहर निकला तो देखा कि मोटरसाइकिल में आग लगी हुई है।हो हल्ला करने पर आसपास लोग आग को बुझाने लगे जब तक आग बुझती तब तक पूरी तरह मोटरसाइकिल जल गई।

# प्रेस क्लब कतरास ने मृत पत्रकार के परिजन को दिलाया 7 लाख मुआवजा

## सड़क हादसे में घायल पत्रकार की हुई थी मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



पत्रकार की पत्नी को मुआवजा राशि का चेक प्रदान करते पत्रकारगण।

**कतरास।** सड़क दुर्घटना में घायल वरीय पत्रकार विमल चक्रवर्ती का इलाज के दौरान शनिवार को निधन हो गया। निधनोपरांत रविवार को प्रेस क्लब, कतरास एवं ग्रामीण पत्रकार संघ के पत्रकार साथी सलानपुर उनके पैतृक घर पहुंचे। जहां धक्का मारने वाले गाड़ी मालिक को बुलाया गया। जहां काफी लंबा बातचीत के उपरांत मृतक विमल चक्रवर्ती के परिजन को 7 लाख रुपया देने पर सहमति बना। मामले में क्लब के संरक्षण उमेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान एवं कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे के तल्ख तेवर के बाद गाड़ी मालिक ने सम्मान जनक सहयोग राशि देने पर सहमति जताया, जिसके बाद मृतक की पत्नी को तत्काल नगदी 50 हजार नगद एवं 6 लाख 50 हजार का चेक सौंपा। जिसके बाद विमल चक्रवर्ती को लिलौरी मंदिर मुक्त धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्रेस क्लब, कतरास के संरक्षण उमेश श्रीवास्तव, मुस्तकीम अंसारी, अजय राणा, ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष ऐहसान फैज, प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे, महा सचिव बिनोद रजक, सचिन अजय तिवारी, उपाध्याय मो. अब्दुल हमीद अंसारी, विनय वर्मा, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, मुन्ना यादव, रौशन जमील, कामदेव सिंह, अविनाश मिश्रा, राजा खान, निवेक पांडेय, संतोष दे, अमरेंद्र झा, शेखर खां, रमेश सिंह, मुन्ना सिंह के अलावे समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इकबाल, उमेश ऋषि, पंकज सिन्हा, बबलू बनर्जी, निमाई मुखर्जी, अमित राय, अरविंद सिन्हा, सकलदेव प्रमाणिक जयदेव बनर्जी आदि मौजूद थे।

# अशर्फी अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

## इलाज में लापरवाही का आरोप

परिजनों ने अपने मरीज से मिलने की कई बार गुजारिश की, लेकिन अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज से मिलने नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर मरीज का इलाज करने की बात कहती रही। जबकि मरीज की मौत पहले ही हो चुकी थी। लगातार अस्पताल प्रबंधक पैसे की मांग कर रहा था। जबकि देर शाम अस्पताल के डॉक्टर द्वारा मरीज की मौत की खबर दी गई। परिजनो ने आरोप लगाया कि इलाज के नाम पर अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा सिर्फ पैसे लिए गए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित अशर्फी अस्पताल में भर्ती एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों के द्वारा अस्पताल में जमकर हंगामा किया गया। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर के ऊपर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रबंधन ने आरोपो से इनकार किया है। बताते चले कि वासेपुर गुलजारबाग के रहने वाले मोहम्मद सरफराज को शनिवार को करीब 10:30 बजे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सरफराज को पेट दर्द की शिकायत थी। परिजनों का कहना है कि मरीज को ठीक करने का आश्वासन अस्पताल के द्वारा दिया गया था ।डॉक्टर के द्वारा दवाइयां भी मंगवाई गई थी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने हंगामे को शांत कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि मरीज की स्थिति पहले से खराब थी । जिसकी जानकारी परिजनों को भर्ती के दौरान दी गई थी। परिजनों के द्वारा लगाए गए आरोपी को उन्होंने निराधार बताया है।

## चिन्मय में शिक्षकों के लिए कार्यशाला शुरू

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय में सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा निर्देशित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा प्राचार्या शारदा महाजन एवं उप प्राचार्या अनिंदिता रॉय ने किया। शारदा महाजन ने कार्यशाला के विषय पर संक्षिप्त ज्ञान का आदान प्रदान किया।

# डुमरी उपचुनाव : स्कूल में भारी संख्या में कैश होने की अफवाह



**बेरमो।** बोकारो जिला के नवाडीह के एक स्कूल में कैश मिलने की अफवाह के बाद जिला प्रशासन की टीम बेरमो एसडीएम के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस दलबल के साथ पहुंची। वही दोनो पार्टियों के समर्थक भी मौके पर पहुंचे और दोनो तरफ से हो हंगामा होने लगा। मौके पर पहुंचे एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची पुलिस की टीम और मजिस्ट्रेट के टीम के द्वारा एक एक गाड़ियों की तलाशी बारीकी से की गई। जहां कुछ नही निकला। बताते चले की नवाडीह प्रखंड के निर्मल ज्ञान विद्यालय स्कूल में गाड़ियों का जमावड़ा था। जहां से खबर फैली की इस स्कूल में भारी संख्या में कैश रखा हुआ है जो डुमरी उपचुनाव को लेकर इसका उपयोग किया जाना है। इस खबर के बाद दोनो ही गठबंधन के कार्यकर्ता आपस में जुट गए और हंगामा करने लगे। इस दौरान बेरमो एसडीएम के नेतृत्व में एक एक गाड़ियों की तलाशी ली गई जहा गाड़ियों में और स्कूल में कुछ भी नही मिला। रात भर चली गहमा गहमी सुबह तक रही वही एसडीएम बेरमो ने कहा की पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# स्वच्छ वायु सप्ताह : झरिया में चला डोर-टू-डोर अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



घर-घर अभियान चलाते संस्था के लोग।

## सात सितंबर तक चलेगा अभियान

7 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस तक लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । मो अखलाक ने कहा कि हमे स्वच्छ प्राणवायु का अपने अधिकार के लिए जागरूक होना होगा। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, फारूक शेख, मो अमन, सलमान दानिस, असद आलम, रवि चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

**झरिया।** धनबाद नगर निगम की सहयोगी संस्था असर के पहल पर ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में अंतराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस को लेकर सप्ताहव्यापी जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। रविवार को डोर टू डोर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को वायु की गुणवत्ता एवं प्रदूषण से नुकसान की जानकारी दी गई। संस्था के लोग काला फेफड़े का मॉडल को दिखा कर दूषित प्राणवायु का प्रभाव को बता रहे थे । ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि वायु की गुणवत्ता में सुधार हेतु हमें हवा में धूल कण की मात्रा को कम करना होगा । और इसके लिए कोयला कंपनी, अधिकारी, प्रतिनिधि व आम नागरिक को जागरूक होना जरूरी है । धूल युक्त सड़कों पर पानी का छिड़काव जरूरी है । डॉ मनोज ने कहा कि अपने आस पास कूड़ा कचड़ा जमा न होने दें , इससे विषैली गैस का उत्सर्जन होता है। युथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हवा को स्वच्छ रख सकते हैं । कोयलांचल के लोगों का स्वास्थ्य स्तर बहुत ही भयभीत करने वाली है, यहां लोग अपनी उम्र से 10 साल कम जी रहे हैं।

Before the Executive Magistrate Dhanbad
Affidavit



I, Sunil Kumar Choudhari, S/o Murari Mohan Choudhari, aged about 43 years, by faith-Hindu by occupation-Business, R/o Kalipahari, Nirsa, P.O Maithandam, P.S- Chirkunda (Maithan O.P.), Dist-Dhanbad (Jharkhand) do he reby solemnly affirm on oath and declere as under :
1. That , Prachi kumara is my minor daughter, which is ber actual and correct name which is also mentioned in her Aadhar card No. 6490 9281 6474 and her school record
2. That, in her birth certificate, her name has been mentioned as Nancy Kumari
3. That, Prachi Kumari and Nancy Kumari are the names of same and one identical girl i.e. the name of my said daughter.
4. That, the contents of this affidavir are true, correctand genuine and nothing has been concealed herein.
5. That, I am swearingthis affidavit to file it before the competent authori by for confirmation that actule name of my said daughter is Prachi Kumari for needful purpose.
Executive Magistrate Dhanbad .3168 (30/08/2023)

# एक देश एक चुनाव

केंद्र सरकार द्वारा संसद का यह विशेष सत्र पांच दिनों के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच बुलाया गया है। यूं तो विगत में भी कई बार विशेष सत्र बुलाए गए हैं लेकिन जब इस साल पांच राज्यों में विधानसभा और अगले साल कुछ राज्यों की विधानसभा के साथ लोकसभा के चुनाव होने हैं, तो इस विशेष सत्र को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के एजेंडे पर आगे बढ़ सकती है। हालांकि, संसदीय कार्यमंत्री ने विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में कोई संकेत नहीं दिये हैं, लेकिन संसद के विशेष सत्र की घोषणा के बाद ह्यएक देश एक चुनावह्ल पर एक समिति बनाये जाने से इन चचाओं को बल मिला है। मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में ह्यएक देश एक चुनावह्ल की संभावना तलाशने के लिये एक समिति गठित की है। संसदीय कार्यमंत्री की दलील है कि समिति इस मुद्दे पर रिपोर्ट तैयार करेगी, उस पर विमर्श होगा, संसद में चर्चा होगी। यह भी कि पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के सामने नये विषयों का आना व चर्चा होना सामान्य बात है। दलील दी जा रही है कि 1967 तक देश में लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे, मौजूदा दौर में इस मुद्दे पर चर्चा तो होनी चाहिए। विगत में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक देश, एक चुनाव के मुद्दे पर चर्चा करते रहे हैं। इस मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई थी। राष्ट्रपति रहते हुए भी रामनाथ कोविंद ने कहा था कि देश की ऊर्जा व धन की बचत के लिये एक साथ चुनाव होने चाहिए। तर्क दिया गया था कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास की प्रक्रिया बाधित होती है।एक अनुमान है कि एक लाख करोड़ रुपये की बचत और देश के विकास को गति देने की बात भी प्रमाणिक और सत्य जान पड़ती है।

# चुनावी फुहार

मानसून में राहत की फुहार बरास्ता रसोई गैस उपभोक्ताओं तक जा पहुंची है। कहने को इसे गृहिणियों को रक्षाबंधन का तोहफा कहा गया है। साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख महिला उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन देने की भी बात है। सरकार ने रसोई गैस की कीमतों में प्रति सिलेंडर दो सौ रुपये की कटौती करने की बात कही है, जो बुधवार से लागू हुई हैं। उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे हैं क्योंकि अब तक दाम बढ़ने की ही खबर आती रही है। उज्ज्वला योजना के तहत पहले से दो सौ रुपये की सब्सिडी ले रहे लोगों को यह राहत अब चार सौ रुपये की हो गयी है। सरकार दावा करती रही है कि उज्ज्वला स्कीम में दी जाने वाली सब्सिडी से सरकार पर करीब साढ़े सात हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त दबाव पड़ा है। दरअसल, अब तक देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला स्कीम के साढ़े नौ करोड़ लाभार्थी हैं। अब जब 75 लाख नये लाभार्थी योजना में शामिल हो जाएंगे तो यह संख्या करीब साढ़े दस करोड़ तक पहुंच जायेगी। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई के बीच आम जनता को राहत देने का प्रयास स्वागत योग्य कदम है। पिछले दिनों टमाटर व अन्य सब्जियों के दामों में अप्रत्याशित तेजी ने लोगों की रसोई का जायका बिगाड़ा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि गत जुलाई में खुदरा महंगाई की दर 7.4 तक जा पहुंची थी। हालांकि, टमाटर व अन्य सब्जियों के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि का कारण मौसम की मार भी थी, जिसके चलते आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से महंगाई बढ़ी। वैसे देश में 17 करोड़ परिवार चाहे वे गांव में हो या शहर में उनके लिये गैस की कीमत महंगे प्रहार की तरह है। सब्सिडी पहले जैसी हो यह वादा राजस्थान की राज्य सरकार ने किया है। ऐसे में जहां इन उपायों से महंगाई पर काबू पाने का मकसद है तो दूसरी ओर चुनावी लाभ लेना भी है।

# संकल्प, साहस और सामंजस्य के प्रतिमूर्ति

स्मृति शेष

खबर मन्त्र के संस्थापक, अभिभावक और प्रधान संपादक विनम्र स्वभाग के घनी डा अभय कुमार सिंह के बताये मार्ग पर हम चल रहें हैं। आज उनके महाप्रयाण का तीन साल हो गया। उनका चला जाना खबर मन्त्र परिवार के लिए एक अंतहीन पीड़ा है। इस पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। पत्रकारिता के क्षेत्र में खबर मन्त्र झारखंड में डा सिंह के नेतत्व में जिस प्रकार से अपना स्थान बनाया यह उनके दृढ़निश्चय, दूरदर्शिता, धैर्य और व्यवहारकुशलता का परिणाम है। ऐसे समय में जब लोग अखबार निकालने का साहस नहीं करते, आपने इस दिशा में खबर मन्त्र का सफल नेतृत्व किया। आपका कुशल व्यवहार और विनम्रता से किसी भी समस्या को समझने और उसका निष्पादन करने की क्षमता पूरे वृंदा मीडिया और वन वृदावन कंस्ट्रक्शन के कर्मियों के लिए प्रेरणाश्रोत रहा। उनके मार्गदर्शन में जिस प्रकार लोगों को प्रोत्साहन मिला उससे उनके उदात्त गुणों को उनके असमय निधन ने और अनगिनत लोगों को लाभान्वित होने से रोक दिया। अपने लगन और मेहनत से आप जिस ऊंची मुकाम पर पहुंचे, वह विरले लोगों के लिए भी संभव है। इतनी बड़ी सख्सियत के बाद भी आपके व्यवहार में जरा भी अहंकार कभी नहीं था। सभी के साथ सहजता से मिलते। एक ओर पत्रकारिता की उलझनें तो दूसरी ओर कंस्ट्रक्शन के चुनौतिपूर्ण कार्य के बीच आप सदैव मुस्कुराते हुए हम सब के प्रेरणाश्रोत बने रहे। हमारे बीच आपकी स्मृतियां सदैव हमें आपकी याद दिलाती रहेंगी। हमारे लिए सहज नहीं है प्रकृति के इस कठोर सत्य को स्वीकार करना। निश्चित तौर पर जीवन मृत्यु के कठोर प्रहार से न कोई बचा है और न ही कोई बच सकेगा, लेकिन उसका प्रहार इतना क्रूर और निर्दयी होगा इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। तन-मन इतना बोझिल हो गया जैसे प्रकृति के इस सत्य को नकार दिया जाये। इस संक्रमण के दौर में हमारे प्रधान संपादक डा अभय सिंह की असामयिक मौत ने मन-मस्तिस्क को झकझोर कर रख दिया।

याद है जब हम सबने आपके मार्गदर्शन में खबर मन्त्र का प्रकाशन आंरभ किया था। मीडिया में अपनी एक लकीर खींची थी और तमाम विपरीत स्थितियों के बीच हम यह मानते हैं कि हमारे अभिभावक के गुण ही थे कि हर कठिनाई में हम सफल हुए। सृष्टि के सत्य निरंतर नियम को हम अवश्य स्वीकार करेंगे लेकिन सवाल है कि इस असामयिक दुख और अलगाव को किस प्रकार सहन कर सकेंगे। हमें दुखः रहेगा कि हमने अपने अभिभावक को इस तरह चुपचाप जाने दिया। एक दिन पहले भी दफ्तर आये सबसे हालचाल पूछा, स्वभाव से कम बोलने और उतना ही बोलना जितनी आवश्यकता है आपका स्वभाव था। लेकिन कैसे हैं आप, में जो शीतलता थी, जो अनुशासन था जो कर्तव्यनिष्ठा थी जो एक दशक तक निरंतर सुनायी पड़ती रही।

हमसब कृतज्ञ हैं उस महापुरुष का जिनकी वाणी और व्यवहार ने मन को कभी दुखी नहीं होने दिया, चाहे स्थितियां जैसी भी हो। आज भी याद है आपका विनम्र स्वर जब नये कार्यालय में पहले दिन आये थे तब कहा था यह ऑफिस आप सब का है। अच्छी जगह पर है, अच्छे से काम करना है। विगत 15 वर्षो से आपका- हमारा परिचय रहा। जब मैं दैनिक हिंन्दुस्तान में काम कर रहा था तो सफल उद्यमी और समाज के उदाहरण के योग्य व्यक्ति मानकर उनका चयन प्रबंधन ने साक्षात्कार के लिए किया था। तब आपने जो बातें कही थीं आज भी स्वतः स्मरण हो रहा है। आप बार-बार कहते थे कोई चीज छोटा नहीं होता, छोटा से ही तो बड़ा होता है। अगर हर व्यक्ति हार मान ले तो दुनिया नहीं चलती। शब्दों की सीमा होती है। पर न सुख की सीमा है और न ही दुख की। जाना नियति है लेकिन बहुत कुछ बाकी था आप चले गये। सत्य सनातन पद्धति है यह, लेकिन हमें स्वीकार नहीं।





- एनके मुरलीधर

**एक सहजता, क्षण भर में असहजता में बदला। याद है चुनाव के क्रम में विशेष पेज की बात हो या आंचलिक पत्रकारों के लिए दिशा-निर्देश भेजने की। जब कोई यह कहता कि मेरे पास काम ज्यादा है तब बड़ी सहजता से कहते - आप कर लीजियेगा। हम जानते हैं न। मैं चुप। इस अटूट विश्वास का ऐसे चला जाना मन को उद्विग्न कर गया। वज्रपात हठात ही होता है। आपके संघर्ष में हम एक छोटे सहयोगी थे। जब कभी भी हमलोग अपनी समस्याओं से हारने लगते थे तब आप साहस देते। उसी साहस के भरोसे आज भी हमलोग चल रहे हैं।**

आप विराट धैर्य के स्वामी थे। तब तो आपने इतना बड़ा फासला तय किया। एक दिन आपने कहा था- मैं काम के पीछे भागता हूं। परिणाम स्वतः आता है। आपलोग काम करते रहिये, देखियेगा परिणाम खुद आयेगा। अखबार के भवन निर्माण के दिन से खबर मन्त्र के प्रकाशन होने और अनिकेत मॉल में नये कार्यालय में प्रवेश तक सात साल का क्रम टूट गया। एक सहजता, क्षण भर में असहजता में बदला। याद है चुनाव के क्रम में विशेष पेज की बात हो या आंचलिक पत्रकारों के लिए दिशा-निर्देश भेजने की। जब कोई यह कहता कि मेरे पास काम ज्यादा है तब बड़ी सहजता से कहते, आप कर लीजियेगा। हम जानते हैं न। सब चुप। इस अटूट विश्वास का ऐसे चला जाना मन को उद्विग्न कर गया। वज्रपात हठात ही होता है। आपके संघर्ष में हम एक छोटे सहयोगी थे। जब हम कभी-कभी अपनी समस्याओं से हारने लगते थे तब आप साहस देते। अपना उदाहरण भी देते कि किस प्रकार शिक्षा के काम के बाद व्यापार में उतरे। फिर वन वृंदावन कंस्ट्रक्सन से लेकर मीडिया का अति प्रतियोगी और जोखिम भरा काम आरंभ किया। हर काम को मुकाम तक पहुंचाने का धैर्य और पक्की योजना पर काम करते रहे। एक बेहतरीन प्रोफेसर की नौकरी से इतना बड़ा सफर आसान नहीं था। उसी समय आप सक्रिय हो गये थे। तैयारी आरंभ हो गयी। सामने तीन-तीन चुनाव थे लेकिन बाद में स्थितियां बदल गयी। हम शहर के बीच अल्बर्ट एक्का चौक पर जब नये ऑफिस में पहले दिन आप आये तो हम तमाम सहयोगी बधाई देने गये। मैंने कहा हमलोगों का यह तीसरा ऑफिस है सर। सबसे शानदार। उन्होंने कहा जगह भी ठीक, ऑफिस भी ठीक, अब आपलोग खूब ठीक से काम करिये। मैं जब बायें सर घुमाता सर सामने दिखते। आज भी मैं ऑफिस में हूं और नजरें घुमाता हूं लेकिन...। ईश्वर के इस अन्याय को मानने को मैं तैयार नहीं, लेकिन एक सूनापन, एक शून्य, संपादक से अधिक अभिभावक को नही देख पाने का असह्य पीड़ा ...। यह पीड़ा अंतहीन है। प्रकृति के इस बड़े अन्याय का प्रतिकार भी नहीं कर सकता, पर आपके सपनों के सहारे जीने का प्रण तो कर ही सकता हूं। हठ आपके जिद को पूरा करने की।

**बड़े शौक से सुन रहा था जमाना, तुम्हीं सो गये दास्तां कहते-कहते।** विनम्र श्रद्धांजलि।

## खास बात

### खेती पर फोकस




**चुटुपालू** लैम्पस प्रांगण में किसान सभा का आयोजन इफको एवं लैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। खेती के बदलते स्वरूप में जहां किसान बीज और दवा पर तो अपना ध्यान केंद्रित करते हैं पर फसलों के लिए जो पोषण का प्रबंधन करना चाहिए उसपर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। आज भी अधिकांश किसान केवल यूरिया और डीएपी के द्वारा ही खेती कर रहें हैं। गोबर जो कि फसलों का सम्पूर्ण आहार हुआ करता था का प्रयोग भी नगण्य हो गया है क ऐसे अच्छे बीज स्प्रे करने के बाद भी फसल से वांछित उपज नहीं मिल रहा है और अब खेती अलाभकारी होने लगा है। खेती में पोषक तत्व प्रबन्धन कैसे करें इसी विषय पर आज का गोष्ठी किया गया और किसानों को बताया गया कि यदि आप अपनी खेती में फसलों को पौष्टिक खाना खिलाएंगे तो कम से कम कीट व्याधि का प्रकोप होगा और आप गुणवत्तायुक्त और अधिक उत्पादन लेंगे। ऐसी खेती के लिए आपको यूरिया और डीएपी पर कम निर्भर होना पड़ेगा और आधुनिक युग के खाद इफको नैनो यूरिया और डीएपी को खेती में बढ़ावा देना होगा। ये ऐसे खाद हैं जो फसलों के सिस्टम में सीधे प्रवेश कर बहुत ही त्वरित गति से कार्य करते हैं और लम्बे समय तक अपना प्रभाव फसलों पर रखते है जिस कारण अच्छा बढ़वार, फूल का अधिक लगना और फलन अधिक होता है। ये उर्वरक चूंकि फसलों में सीधे समाते इसलिए मिट्टी की जैव भौतिक और रासायनिक दशा का खराब होने पर भी इनकी उपयोग दक्षता में कोई ऋणात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है और ये लगभग 90% तक फसलों को प्राप्त होते हैं जबकि पारम्परिक उर्वरकों का अधिकतम 30% ही फसल उपयोग कर पाता है। इन उर्वरकों का दाम भी कम है जिस कारण खेती में लागत भी कम होता है। इस कार्यक्रम में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक श्री यू के सिन्हा, इफको नई दिल्ली के प्रबंधक श्री सोमेन पात्रा सहित कुल 50 किसानों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

झारखंड राज्य में 50936 वार्ड सदस्य की ट्रेनिंग 4 सितंबर से,चरणबद्ध शुरू की जा रही है। पाठ्यक्रम में नवीन प्रयोग किया जा रहा-शार्ट वीडियो,मूवी,खेल,नाटक,गीत, प्रतिभागियों का समूह बना कर रोल प्ले,इत्यादि,को भी जोड़ा गया है।

**- निशा उरांव, डायरेक्टर, पंचायत विभाग**

## रोचक ट्वीट

डुमरी उपचुनाव के अवसर पर आज डुमरी की जनता के बीच रहा।
जगरनाथ दा को सच्चा सम्मान
डुमरी चुनेगा तीर-कमान।

**-हेमंत सोरेन, सीएम**





**आध्यात्मिक** गुरु, प्रेरक वक्ता एवं ईशा फाउंडेशन के संस्थापक श्रद्धेय सद्गुरु जग्गी वासुदेव जी को जन्मदिवस की अनंत मंगलकामनाएं।
ईश्वर से आपके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

**-बाबूलाल मंराडी**

# महान उत्तरदायित्व

## धर्म-प्रवाह

**श्री राम शर्मा आचार्य**

**इस** ईश्वर प्रदत्त महान वरदान का उपयोग भौतिक सुविधाएँ कमाने तक ही सीमित रखा जाए, यह उचित नहीं। इनके साथ-साथ एक नैतिक उत्तरदायित्व यह भी जुड़ा हुआ है कि एक दूसरे को सन्मार्ग पर चलने की, कुमार्ग पर बढ़ने से रोकने की जिम्मेदारी उठाएँ ।

अनाचार का बढ़ना तभी संभव होता है, जब दूसरे लोग उसे सहन करते हैं अथवा रोकने में उपेक्षा बरतते हैं। दुष्टता को प्रोत्साहन उसी आधार पर मिलता है। स्वार्थपरता, संकीर्णता और कायरता, अनीति की जननी हैं। देखने में यह दोनों बातें साधारण-सी लगती हैं, पर वस्तुतः अनीति की जननी यही हैं। कानून की दृष्टि में जिस प्रकार हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार आदि दण्डनीय अपराध हैं, उसी प्रकार आध्यात्मिक दृष्टि से, ईश्वरीय कानून की दृष्टि से संकीर्ण स्वार्थपरता तक सीमित रहना और सामाजिक उत्तरदायित्वों की उपेक्षा करना भी एक भयावह पाप हैं। लोगों की इन्हीं दुष्प्रवृत्तियों के कारण व्यक्ति और समाज का पतन होता है और फिर सभी को इसका दुष्परिणाम भोगना पड़ता है। पिछले दिनों यही होता रहा है। शेष लोग चुपचाप अपने बिलों में बैठे-बैठे दिन गुजारते और तमाशा देखते रहे हैं। छोटे-बड़े प्रतिरोधों द्वारा रोकने के लिए जो प्रयत्न किया जा सकता था, वह नहीं हुआ है ।

## कार्टून वर्ल्ड

दुनिया गयी ...



कॉटूनमूवमेंट डॉट कॉम

# अभय सर: जिन्होंने अपनी टीम को एक परिवार माना

**प्रोफेसर कोरनेलियुस मिंज**

## श्रद्धांजलि

**मृत्यु** के सत्य को सहना सबके लिये सहज नहीं था। मेरे लिये तो अत्यंत कठिन। झारखंड में ये कहावत प्रचलित है। जिनगी कर दौड़ घर से मसना तक। सच भी है मनुष्य को एक न दिन जाना है। यह कड़वा सच है कि हमें इस धराधाम को सबको अलविदा कहना है। जीवन का कोई भरोसा नहीं कब यह तन धरा को छोड़ देगा। कहा भी गया है -

**जिनगी एक दिनक खेल, चारि पहर के झेल,तन सांझि समाधि समाय जे।।**

मनुष्य आज है तो कल नहीं है। इसलिए हमें ऐसे कार्य करने चाहिए, जिससे समाज आपको हरदम याद रखे। जीवन अपने लिए जीये तो क्या जीये। जी सब कोई हैं पर दूसरों के लिए जीना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इस मायने खबर मन्त्र के मालिक व प्रधान संपादक डॉ अभय कुमार सिंह बिल्कुल खरा उतरते हैं। उन्होंने अपने जीवन को कभी अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों की सेवा और समस्या समाधान के रुप में जीया। यह मैंने मीडिया हाउस खबर मन्त्र में उनके सान्निध्य में रहकर काम करके देखा, समझा और अनुड़ाव किया है। खबर मन्त्र के प्रकाशन के पहले दिन से आज तक मैंने काम करते हुए कई बार उन्हें नेक कार्य करते हुए देखा। उनके सामने जो भी समस्या आती थी उसे वे तुरंत टैकल करके उसका समाधान निकालते थे। उनके लिए समस्याएं छोटी-बड़ी मायने नहीं रखती थी। समस्या है तो समाधान होना चाहिए, की सोच से काम करते थे। वे कभी भी समस्याओं में अंतर करते हुए नहीं करते थे। हर छोटी से छोटी समस्याओं पर भी बारीकी नजर रखते थे। एक बार चिरौंदी वाली ऑफिस से अपनी रिपोर्टिंग फाइल करके रात के 11 बजे घर जाने के लिए निकलने ही वाला था कि उन्होंने मुझे अपने चेंबर में बुलाया। उस दरम्यान मैं अपनी निजी समस्याओं से जूझ रहा था। उन्हें इसकी खबर लग गयी थी इसलिए उसके समाधान के लिए ही मुझे बातचीत करने के लिए बुलाये थे। करीब आधे घंटे तक उन्होंने मेरी समस्याओं पर बातचीत की और दूसरे दिन समाधान करवा दिया। यह तो एक उदाहरण है लेकिन इस तरह के सैंकड़ों घटनाएं हैं जिनका उन्होंने प्रेमपूर्वक, विनम्रता से समाधान निकाल दिया। पता नहीं ऐसा क्यों कि अक्सर अच्छे लोग जल्दी ही चले जाते हैं। इस संबंध में झारखंड में एक लोकल कहावत है - बढ़ियां पतइये में चरई छेइर देवेला। मगर ऐसे लोग अपने कार्यों से भावी पीढ़ी को रास्ता भी दिखा जाते हैं। सहृदयता से बात करने और चीजों पर पैनी दृष्टि रखने वाले डॉ अभय कुमार सिंह के नहीं रहने से हम सब मर्माहत और व्यथित हैं। उन्होंने एक परिवार की तरह हमें देखते थे। कभी ये नहीं लगता था कि हम किसी मीडिया काम कर रहे हैं। ये तो सर अभय ही थे इस तरह हमें एहसास कराते रहते थे। अगस्त में हमारी उनसे मीटिंग हुई थी। उन्होंने कहा था कि यह हमारा एक परिवार है और अखबार को आगे बढ़ाना है। अपना समझ के काम करना है। अब उनके नहीं रहने से बरगद रुपी छाया हमारे सर से उठ गया। उनके ऑफिस आते ही माहौल में प्रसन्नता सी छा जाती थी। उनका मुस्कुराता चेहरा हम सब को उर्जावान बना देता था। अब उनके सपनों को आगे बढ़ाकर ही हमें उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। आज मैं भले खबर मन्त्र में नियमित कार्य नहीं कर रहा हूं लेकिन मेरी खबरें और आलेख से मैं खबर मन्त्र की जो सेवा कर रहा हूं उसके पीछे अभय सर की ही प्रेरणा है। आज मैं शैक्षणिक कार्य से जुड़ा हूं लेकिन लंबे समय तक खबर मन्त्र में बतौर रिपोर्टर मैने जो काम किया और प्रेरणा मुझे अपने प्रधान संपादक अभय सर से मिली वह विस्मृत नहीं होगी।

(लेखक गोस्नर कॉलेज के प्राध्यापक हैं और खबर मन्त्र से जुड़ें रहें हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### पाक पस्त

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने पिछले साल अजय मिस्त्री और वेणु माधव डोंगारा को भी आतंकी घोषित करने की मांग की थी। हालांकि, तब भी उसकी ये कोशिशें नाकाम हो गई थीं। पाकिस्तान की ये हरकतें उसकी भारत के खिलाफ सोची समझी साजिश मानी जा रही है। लेकिन फिर पाक यूएनएससी के मंच पर परास्त हो गया है।

**-विंदा सिंह, गढ़वा**

### बेटियों से दुष्कर्म

सरकार ने भी महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कड़े कानून बना रखे हैं, लेकिन समाज के दरिंदों को राजनीति संरक्षण होने के कारण ये कानून भी कमजोर नजर आते हैं। हर दिन बच्चियों से युवतियों से रेप की खबर छप रही है और अब तो उनकी हत्या भी की जा रही है। इसका डर पहले से ही था कि अगर रेप की सजा फांसी हुई तो लड़कियां मारी जायेंगी।

**-प्रियंका सिन्हा, हजारीबाग**

# अब सूरज की ओर कदम...

**..प्रभुनाथ शुक्ल**

## सामयिक

अंतरिक्ष विज्ञान में भारत महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे कम खर्च में हमारे वैज्ञानिकों ने बुलंदी का झंडा गाड़ा है। हम चांद पहुंच चुके हैं और कदम सूरज की तरफ बढ़ गए हैं। इसरो के चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग ने सारी दुनिया को चौंका दिया। इस सफलता की पूरी दुनिया गवाह बनी।

अंतरिक्ष में यह नए युग की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चन्द्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है।

चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से-कहानियों में होता था। अब चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास है। दुनिया के लिए चांद अब रहस्य नहीं है। वैज्ञानिक शोध से यह साबित हो गया है कि चांद पर जीवन बसाना आसान है। अब हमारे कदम सूर्य की तरफ बढ़ गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दो सितंबर को देश के पहले सूर्य मिशन के तहत 'आदित्य-एल1' यान को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित कर दिया है। इसरो ने कहा है कि प्रक्षेपण सफल रहा।

'आदित्य-एल1' सूर्य परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर 'एल1' (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अवलोकन करेगा। 'आदित्य एल1' सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष यान है। इसे इसरो के सबसे भरोसेमंद पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के जरिये श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। 'आदित्य-एल1' के 125 दिन में लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है। इस कक्षा को सूर्य के सबसे करीब माना जाता है।

इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं के अलावा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है। 'आदित्य-एल1' के साथ सात पेलोड हैं। इनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे। इसरो ने साफ किया है कि सूर्य गैस का एक विशाल गोला है और आदित्य-एल1 सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही सूर्य के करीब आएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदित्य छ-1 की सफल लॉन्चिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रेलकर्मी ने फांसी लगा की आत्महत्या



**बरकाकाना।** स्टेशन कॉलोनी गांधी मैदान में रेलकर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रामगढ़ भेज दिया । जानकारी के अनुसार रेल कर्मी दिलीप कुमार अपने क्वार्टर संख्या 252/ए में अकेले रहते थे। सुबह से ही आवास का दरवाजा बंद था। उनकी पत्नी द्वारा लगातार फोन करने के बाद भी फोन नही उठाया। तब मृतक की पत्नी द्वारा अपने पड़ोसी से संपर्क कर पति द्वारा फोन नही उठाने की बात कहा गया। इसके बाद उनके परिचितों द्वारा भी दरवाजे में आवाज लगाया गया। जब काफी देर तक कोई उतर नही मिलने पर उपस्थित लोगों द्वारा दीवार फांद कर आवास में प्रवेश किया गया। जहां मृतक को दुपट्टे के सहारे लटका पाया गया। पड़ोसियों द्वारा मामले की जानकारी जीआरपी व आरपीएफ पोस्ट बरकाकाना को दी गयी। रेल पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर रेलवे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा जांच कर दिलीप कुमार को मृत घोषित किया गया। मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को प्राप्त हुआ है। जिसमें मृतक द्वारा अपनी पत्नी को सॉरी कहते हुए फांसी लगाने की बात कही गयी है। मृतक मूलत: बिहार के बक्सर का रहने वाला था। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कुजू : 12 चक्का ट्रक में लगी आग



**कुजू।** डटमामोड़ स्थित एक बॉडी गैरेज में रविवार को खड़े 12 चक्का ट्रक में अचानक आग लग गई। जिससे ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया। वहीं, गैरेज में खड़े अन्य वाहनों को वहां से हटाया गया। बाद में ट्रक पर आग की लपटे देखकर आस-पास के लोगों व गैरेज के कर्मियों द्वारा पानी डालकर बुझाया गया। बताया जाता है कि चैनपुर निवासी राजेश्वर प्रसाद का 12 चक्का ट्रक संख्या जेएच02एक्स- 8595 डटमामोड़ स्थित गैराज में खड़ा था। इसी बीच हुई शॉट सर्किट के कारण ट्रक पर आग लग गया। आग लगने से ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया। आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया था।

### भुरकुंडा ओपी प्रभारी का स्वागत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के समाजसेवियों ने रविवार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान लोगो ने गुल्दस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत भी किया। साथ ही भुरकुंडा थाना क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग की अपील की। इस अवसर पर थाना प्रभारी मयंक प्रसाद ने लोगो को पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित कर काम करने का भरोसा दिया। मुलाकात करने वालों में वारिश खान, अफजल अंसारी, मो. जिलानी अंसारी, औरंगजेब खान, शाहबाज खान, अमरुल अंसारी, साबिर सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन पतल बेचने आने वाले करीब 150 महिला पुरुष एवं बच्चों के बीच पाव भाजी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंच के लोगो ने बताया कि पिछले सात आठ वर्षो से समाज के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है। जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, अशोक झा, डॉ जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, लालू उरांव, विरेन्द्र पाण्डे, अफजल अंसारी, रेणुका देवी, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर मंडल के तत्वाधान में रविवार को संकल्प यात्रा को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली एवं संचालन महामंत्री मोती नारायण सिंह ने किया। बैठक में आगामी 9 सितंबर को रिवर साइड भुरकुंडा स्तिथ बुध बाजार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को ले संकल्प यात्रा की तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर पंचायत से लोग इस संकल्प यात्रा में भारी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मतकमा चौक में बाबूलाल मरांडी के आगमन पर भाजपाइयों द्वारा उनका का जोरदार स्वागत किया जाएगा। मौके पर प्रभारी सह हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, किसान मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष सनी प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, मंडल के महामंत्री सागर दांगी, उपाध्यक्ष परमेश्वर चंद चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, राजेंद्र मुंडा, पंचम महतो, बालेश्वर राम, सोनू कुशवाहा, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष छोटू सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

### डॉ नदीम अनवर का स्वागत

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** न्यू सरदार कॉलोनी वासियों द्वारा झामुमो नेता संजय वर्मा के नेतृत्व में आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा से सेवानिवृत हुए पूर्व बरका-सयाल मेडिकल ऑफिसर डॉ. एचके सिंह के सेवानिवृत्त होने के पश्चात शनिवार को उनके आवास में अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। लोगों ने डॉ. एचके सिंह को अपने कार्यकाल में किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भुरकुंडा वासियों को आपके स्वास्थ्य से जुड़ी अनुभव की अब भी काफी जरूरत है। लोगों को हमेशा आपकी जरूरत पड़ेगी। इधर नए क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अनवर को भी पदभार ग्रहण करने के पश्चात पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया।

## शहीद सतीश प्रसाद कुशवाहा की प्रतिमा का सांसद ने किया अनावरण, कहा

# प्रतिमा लगाना सच्ची श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** सलगावा पंचायत पकरार गांव के शहीद सतीश प्रसाद कुशवाहा की चौथी पुण्यतिथि पर पकरार चौक पर उनके भव्य प्रतिमा का अनावरण सांसद जयंत सिन्हा ने किया । चौक का नाम शहीद सतीश चौक के नाम से रखा गया है।

सांसद ने कहा कि शहीद सतीश प्रसाद कुशवाहा ने देश के लिए अपनी जान की कुबार्नी दे दी। वे गैस टैंक को ठीक करने के लिए अपने जवानो के साथ गए थे उसी क्रम मे टैंक ब्लास्ट कर गया जिससे उनकी मौत हो गयी थी । भव्य प्रतिमा बनाना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है।



सीआईएसफ के असिस्टेंट कमांडेंट विकास कुमार ने बताया कि शहीद सतीश प्रसाद कुशवाहा सिटी फायर सीआईएसएफ के बटालियन में थे । 3 सितंबर 2019 को ओएनजीसी उड़न मुंबई में गैस ब्लास्ट होने के कारण शहीद हो गए । उनकी चौथी पुण्यतिथि पर उनके गांव में उनका भव्य प्रतिमा बना यही हम लोगों के लिए सौभाग्य बात है। इस दौरान शहीद के माता-पिता को सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट एवं सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा शॉल एवं तिरंगा देकर सम्मानित किया गया । कमांडेंट ने बताया कि शहीद को शौर्य चक्र एवं फायर सर्विस मेडल से भी सम्मानित किया गया है। मंच संचालन सांसद प्रतिनिधि अजय राणा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन शहीद के पिता द्वारिका प्रसाद कुशवाहा के द्वारा किया गया था ।

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी शालिनी खालको, स्थानीय मुखिया मधु रानी मुखिया प्रतिनिधि महेश प्रसाद ,भाजपा के वरिष्ठ नेता के के पी ओझा, गांव के वरिष्ठ व्यक्ति नरेश प्रसाद ,मुकेश कुमार, सोहर महतो, दुखण महतो द्वारिका प्रसाद ,मनोहर प्रसाद ,जैनेंद्र प्रसाद के अलावे सैकड़ो लोग इस अनावरण दिवस पर उपस्थित थे।

## बड़कागांव में कई दलों के 200 कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

0 प्रखंड के सीकरी पंचायत में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता निर्मल महतो व संचालन झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजय सिंह ने किया ।बैठक में बतौर झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया की उपस्थिति में दूसरे दलो के 200 कार्यकताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इन कार्यकर्ताओं को संजीव कुमार बेदिया ने माला पहनकर स्वागत किया ।इस दौरान सीकरी पंचायत झामुमो कमेटी का गठन भी किया गया जिसमें सर्व समिति से प्रयाग कुमार अध्यक्ष,मो शफीक सचिव व ईश्वरी पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया गया ।मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो झारखंड की माटी की पार्टी है इसलिए इस पार्टी में विधायक और नेता झारखंड के माटी के पुत्र हैं। झामुमो जमीनी संघर्ष करती है। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन



झारखंडी की हक अधिकार की लड़ाई लड़ता रहा ।मैं भी उन्हीं के मार्ग पर चल कर झारखंडियों को अधिकार दिलाने के लिए काम करता हूं ।मैं असामाजिक तत्व के लोगों के लिए कोई काम नहीं करता हूं ।झारखंड में तमाम कंपनी को स्थानीय 75% लोगों को रोजगार में रखने का सख्त निर्देश हेमंत सरकार ने दी है ।कंपनी झारखण्ड सरकार के निर्देश का पालन करें ।हेमंत सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे फूलों झानो योजना का लोग लाभ उठाएं , युवाओं के लिए ऋण योजना ,शुकर पालन, बत्तख पालन, मुर्गी पालन,बकरी पालन,गाय पालन,बृद्धा पेंशन ,सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अलावा विकास की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। संजीव बेदिया ने पंचायत कमेटी को निर्देश दिया कि घर-घर जाकर 60 वर्ष के ऊपर वृद्धो का सूची बनाने एवं उन्हें पेंशन योजना से जोड़वाने के लिए काम करें सभी जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा। मौके पर मोहन सोरेन,रेशमी टुडू,हेमंत भुईंया,विशेश्वर राम,मुजफ्फर अंसारी, संजय भुईंया,अरुण कुमार,कामेश्वर महतो,धनु महतो,तेजन महतो,रघुवीर पासवान,मोहम्मद सफीक,रमेश कुमार,अवध किशोर महतो,अवधेश पासवान,अजय राम,जोगेंद्र राम, कृष्णा महतो,विनोद राम,संतोष राम, रामप्रसाद महतो शहीत भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### दारू : आंगनवाड़ी सेविका के चयन में गड़बड़ी का आरोप

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के दारू पंचायत के सुल्तानी रविदास टोला में ग्राम सभा के द्वारा लक्ष्मी देवी पति अमर कुमार का चयन किया गया था जिसकी घोषणा ग्राम सभा में मौजूद सीडीपीओ ने किया था । चयन हो जाने के कुछ दिनों के बाद जिला कार्यालय से किसी अन्य महिला सोनिया कुमारी का चयन क्या गया। इसका विरोध करते हुए चयनित महिला लक्ष्मी देवी और ग्रामीणों ने जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयोग, बीडीओ दारू सहित अन्य अधिकारियों को सेविका चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए फिर से जांच करने की मांग की गई है। लक्ष्मी देवी ने बताया कि जुलाई में ग्राम सभा हुआ था जिसमे कुल पांच अभ्यर्थी आए थे। सभी अभ्यर्थियों में उसका अंक अधिक होने के कारण उसके चयन की घोषणा की गई थी। इसके कुछ दिनों के बाद उसे जानकारी मिली कि विभाग द्वारा उसकी जगह किसी अन्य महिला का चयन सेविका पद पर कर दिया गया है। जानकारी मिलते ही चयनित महिला और ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देखकर सेविका 6 में गड़बड़ी का आरोप लगाया था ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों को लिखित आवेदन में कहा कि विभाग के द्वारा गलत ढंग से किसी दूसरे व्यक्ति का चयन की घोषणा की गई है निष्पक्ष जांच की मांग वह करते हैं। आंगनवाड़ी की सुपरवाइजर अंजनी कुमारी से बताया कि यह सही है कि ग्राम सभा में लक्ष्मी देवी का चयन किया गया था सेविका का चयन उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र में आए प्राप्तांक के आधार पर किया जाता है। सेविका चयनित घोषणा होने के बाद जिला के कार्यालय में उन्होंने फिर लक्ष्मी देवी और सोनिया देवी के शैक्षणिक अंक जोड़ने में गड़बड़ी पाई गई और फिर से जोड़ने पर सोनिया देवी का एक अंक लक्ष्मी देवी से अधिक पाया गया। सोनिया देवी का अंतिम रूप से चयन किया गया है।

### आदित्य एल 1 के लांचिंग में भी शामिल हुए आदित्य

**भुरकुंडा(रामगढ़)।** भुरकुंडा का लाला आदित्य राज सिन्हा आदित्य एल 1 के लांचिंग में शामिल हुए। इससे कोयलांचल वासियों में खुशी का माहौल है। आदित्य इसरो में एसडी वैज्ञानिक है। आदित्य चन्द्रयान 3 मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों की टीम का भी हिस्सा था। आदित्य ने नागपुर से इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद 2018 में इसरो में एससी वैज्ञानिक में ज्वाइनिंग किया था। आदित्य ने बताया कि आदित्य 1 सेटेलाइट एक सूर्य प्रोजेक्ट है। जिसे लॉन्च वेकिल पीएसएलवी-सी57 रॉकेट से लैंगरेज प्वाइंट के हैलो ऑर्बिट में भेजा गया है ।लैंगरेज प्वाइंट की दूरी पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर है। जो चन्द्रमा की दूरी का करीबन चार गुना है। सिन्हा ने बताया कि इसका उद्देश्य सौर वातावरण, कोरोना व क्रोमोस्फेयर के वातावरण को जानना और सौर वातावरण में चुम्बकीय बल, ऊष्मा का वितरण व प्रभाव को जानना है।



## चरही घाटी बना एक्सिडेंटल जोन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुर्घटनाओं को रोकने के एनएच 33 के अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया**

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ घाटी एक्सिडेंटल जोन बनकर रह गया है ।इस घाटी में सैकड़ों गाड़ियां पलटी है और कई लोगों की जाने चली गई है। इस घाटी की सड़कें हत्यारी मोड़ से ढलान और तीव्र घुमावदार है। वाहनोंकी रफ्तार तेज होने के घुमावदार सड़क सही से पता नहीं चल पाने के कारण दुर्घटना के कारण बन जाती है ।अक्सर देखा जाता है कि बाहर से झारखंड आने वाले वाहन इस खूनी सड़क के भेंट चढ़ जाते हैं ।और अपना जान गवां बैठते हैं। प्रतिदिन इस घाटी में दुर्घटना घटती रही है।

यहां पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के फिलहाल एनएच 33 के अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ताकि होने वाली दूर घटनाओं को रोका जा सके। घाटी में तीव्र घुमावदार सड़क होने के कारण लगातार घटना घटती रहती है। एनएच विभाग को घुमावदार सड़क को सीधाकर बनाया जाय तो सड़क दुर्घटना में कमी आ सकती है। वर्तमान में सड़क पर ब्रेकर लगाने की जरूरत है। ताकि आने वाली वाहनों की रफ्तार कम हो सके ।इस कार्य से होने वाली दुर्घटना रुक सकती है ।इससे वाहन चालकों की काफी सहूलियत मिल सकती ।इस तरह के काम होने से दुर्घटना में कमी होगी ।इसी तरह से चरही-घाटो मोड़ के पास तीन मुहाने सड़क बना हुआ है ।यह सड़क और भी खतरनाक नाक है ।लोगों सड़क पार करने में 15 मिनट से ऊपर समय लग जाता है।

इस सड़क पर भी कई लोगों ने अपने जान की आहुति दे चुके हैं। तीनों ओर से वाहनों को परिचालन सैकड़ों की संख्या ने होती है ।इससे लोगों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता ।लोग डरे सहमे सड़क को पार करते हैं ।अगर चुक हो गई तो जान जाना निश्चित है ।इस सड़क पर भी एनएच विभाग को ठोस कदम उठाने की जरूरत है ।ताकि भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में कोई सड़क दुर्घटना नहीं हो सके ।तथा कोलियरी क्षेत्र से कोयला लादकर निकलने वाले हाइवा वाहन भी तेज रफ्तार में चलते हैं ।उस पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है ।हाइवा वाहन के चपेट में आने से कई लोगों की मौत हो चुकी है ।इस जिला प्रशासन की दायित्व बनती है कि इस पर रोक लगाए।

### बलसगरा में बाबूलाल की संकल्प यात्रा 11 को

कुजू। यूथ रिक्रिएशन क्लब कुजू में भाजपा मांडू प्रखंड की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन महामंत्री अशोक कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संकल्प यात्रा के मांडू विधानसभा के प्रभारी प्रो खिरोधर साहु, मंडल प्रभारी महेन्द्र प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति शामिल हुए। बैठक में 11 सितंबर को बलसगरा हाई स्कूल मैदान में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा का सफल बनाने का निर्णय लिया गया। मांडू मंडल के 80 बूथों से कार्यकर्ता को जाने को लेकर सभी शक्ति केंद्र, बूथ समिति की बैठक सुनिश्चित का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व मांडू प्रखंड अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद साहू, प्रदीप सिन्हा, दश्रथ प्रसाद केशरी, बसंत साहू, गणेश सोनी, श्रवण सिंह, रतन प्रसाद साहू, रामकुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू, पंचित कुमार महतो, आशीष साहू, बालगोविंद बेदिया, दीपक कुमार, प्रेम रविदास, हिमांशु गुप्ता उपस्थित थे।

## बलकुदरा आउटसोर्सिंग में 22 से काम ठप करेंगे विस्थापित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा के स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की बैठक रविवार को नया टोला रिचीबंधा फुटबॉल ग्राउंड में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झामूमो के युवा नेता सह विस्थापित नेता योगेंद्र यादव उपस्थित थें। बैठक में कहा गया कि बरका-सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना के कार्यालय जाकर परियोजना पदाधिकारी को पिछले 12 नवंबर को सैकड़ो स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन सभा के माध्यम से पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। जिसमें किसी तरह से सकारात्मक पहल नहीं किया गया। पुनः 28 नवंबर को परियोजना पदाधिकारी भुरकुंडा को अनिश्चितकालीन बंदी को लेकर ज्ञापन सौपा गया था। जिसमें सीसीएल प्रबंधन



द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आपलोगों की मांगों पर बहुत जल्द सकारात्मक पहल किया जाएगा। लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी किसी तरह से पहल नहीं किया गया। स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों द्वारा फिर से पुनः 13 अप्रैल को परियोजना पदाधिकारी, भुरकुंडा को ज्ञापन सौपा गया। जो लगभग 4 माह बीत जाने के बावजूद भी अभी तक सीसीएल प्रबंधक द्वारा स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की मांगों पर पहल नहीं किया गया है। पिछले एक सप्ताह से भुरकुंडा परियोजना बरका-सयाल क्षेत्र के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी पीएसएम माइनिंग लिमिटेड द्वारा बलकुदरा खदान के बैरियर पैच के लूज ओबी हटाने का काम शुरू किया गया है। सीसीएल

**कंपनी विस्थापितों की कर रही उपेक्षा : झामुमो**

प्रबंधन और आउटसोसिंग कंपनी पीएसएम माइनिंग लिमिटेड द्वारा यहां के स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है। स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो द्वारा दिए गए मांग पत्र पर किसी तरह से सकारात्मक पहल नहीं होने और बलकुदरा खदान में विस्थापित ग्रामीणो को दरकिनार कर काम करने के कारण विस्थापित ग्रामीण द्वारा बाध्य होकर 22 सितंबर को अनिश्चितकालीन बलकुदरा आउटसोर्सिंग का कार्य बंद करने का निर्णय लिय गया है। बैठक की अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन मनोज महली ने किया।

## एक नजर में

### नाटक से जैविक खाद की दी गयी जानकारी



इचाक। हजारीबाग आत्मा के सौजन्य से ग्राम पंचायत कुरहा एवं ग्राम पंचायत पारसी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया । कृषि संबंधी झारखंड सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई । जैसे रासायनिक खाद का उपयोग बहुत कम मात्रा में उपयोग करने एवं केंचुआ व जैविक खाद अधिक से अधिक उपयोग कर अधिक मुनाफा कमा सके। किसान को झारखंड सरकार के द्वारा किसनो की कृषि त्रृण माफी 50,000 तक का किया जा रहा है जिसे किसानों को ?1 का टोकन प्रज्ञा केंद्र में जाकर के टोकन कटवाये और पीएम किसान जिन किसानों के आ रहा है और ईकेवाईसी नहीं करवाए होंगे वैसे किसान ई केवाईसी प्रज्ञ केंद्र में जाकर के करवा ले आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग अगर नहीं हुआ हो वह आंचल में जाकर के करवाए ले । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुरहा मुखिया संगीता देवी पंचायत समिति सदस्य कुरहा केदार मेहता मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता प्रखंड 20 सूत्री सदस्य रामप्रवेश सिंह पुष्पा कुमारी कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता कृषक मित्र संघ के प्रखंड मीडिया प्रभारी तुलेश्वर महतो उर्फ अशोक मेहता कृषक मित्र अनुपा मेहता, संतोष कुशवाहा, निश्चित नारायण सिंह, किसान रोशन कुमार, सरिता देवी ,अजय मेहता श्याम कुमार मेहता ,बद्री प्रसाद मेहता, शोभा देवी , सरिता सरिता, महावीर महतो किरण देवी मीना देवी विद्या देवी चंद्रिका देवी सरिता देवी स्मिता कुमारी एवं सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित है।

### आदित्य एल-1 इसरो की बड़ी उपलब्धि : शैलेश कुमार



**बरही।** आदित्य एल – 1 की लॉन्चिंग इसरोबकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है ।इस बात की जानकारी आइलेक्स पब्लिक स्कूल निदेशक सह प्राचार्य शैलेश कुमार ने बताया ।उन्होंने कहा कि आदित्य एल 1 धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर एक पॉइंट पर जाकर स्थिर हो जाएगा और सूर्य की परिक्रमा करते हुए सूर्य के बारे में कई सूक्ष्म जानकारियां निकलेंगे और इसरो को भेजेगा। इसरो की जितनी भी उपलब्धियां रही है उसमें और ढेर सारी उपलब्धियां जुड़ती जा रही हैं। जिसमें चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग है, आदित्य एल–1 का सफल प्रक्षेपण है और अब सभी गगनयान जो भारत का पहला मानव बेस्ड मिशन होगा उसको लेकर उत्साहित हैं। आज भारत ने चांद की फतेह कर ली है और अब सूर्य की बारी है, जिसकी शुरूआत हो गई है। इससे सभी देशवासी उत्साहित हैं ।साथ ही लोगों को सूर्य में छिपी कई विभिन्न प्रकार की जानकारियों से लोग अवगत होंगे।

### संकल्प यात्रा को सफल बनायें : भाजपा



**बरही।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अंतिम बैठक का आयोजन किया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उदयभान सिंह, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपाध्यक्ष राजेश सहाय सहित जिला एवं विभिन्न मंडलों के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर अंतिम रूप से तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही सभी ने संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने को लेकर अपना अपना विचार रखा। मौके पर रामस्वरूप पासवान, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, अरविन्द सिंह, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, मुकेश कुमार, मुकेश सिंह सहित दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चरही : वन और एनएच भूमि पर अवैध कब्जा

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र में कई एकड़ वन भूमि और एनएच की भूमि पर वर्षों से कई ने लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है ।इस भूमि पर कई लोगों ने जबरन होटल बनाकर अपना व्यवसाय कर रहे हैं। वन भूमि पर कब्जा कर जंगलो को उजाड़ने में लगे हुए हैं ।होटल संचालकों ने कई लगे पेड़ों को काट कर चुपके से बेच दिए हैं ।धीरे धीरे लोग उक्त जमीन को हथियाने के लिए एड़ी-चोटी लगा दिए हैं। कुछ दिन बाद भूमि को अपने रैयती जमीन से मिलाकर दलालों के माध्यम से बेच देते हैं ।वन भूमि का फर्जी हुकूमनामा बनाकर स्वयं को जमीन मालिक बन जाते हैं ।यहां तक की वन भूमि पर अवैध रूप खेती किसानी किया जा रहा है। शायद वन विभाग के पदाधिकारी इस मामले पर पड़ना नहीं चाहती। या फिर जान बुझ कर चुपी साध लेते हैं ।अगर देखा जाय तो चरही घाटी से लेकर 14 माइल तक कई लोगों का वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा है ।अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कई लोग जंगल को उजाड़कर कब्जा कर लेंगे।

### कम अनाज मिलने से कार्डधारी हुए मायूष

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर अनाज घोटाले का मामला चारों तरफ छाया हुआ है। इस बार कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के संगम महिला मंडल डीलर, द्वारा प्रति व्यक्ति को निर्धारित माप से एक किलो अनाज कम दिया है। अनाज कम बांटने से जहां लाभुक नाराज हैं वहीं राजनीतिक कार्यकर्ताओं और स्वयं सेवी संगठनों ने इसकी भर्त्सना की है। उनका कहना है कि कटकमसाडी प्रखंड में लगातार अनाज का घोटाला किया जा रहा है किंतु सूचना के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आपूर्ति विभाग का यह मौन मिली भगत का संकेत है। जबकि यह योजना केंद्र सरकार का है किंतु कोई भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस पर कुछ बोलने या करने से कतरा रहे हैं। झामुमो के नेता सरयू मेहता ने भी अनाज घोटाले को गरीब विरोधी बताया है और दोषी डीलरों का अनुज्ञप्ति रद्द करने की मांग की है। सामाजिक संगठन विकास मंच ने भी अनाज घोटाले को बर्बर बताया है और कठोर कार्रवाई की मांग की है। महिला स्वयं सहायता समूह ने भी घोटाले पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया है।

### विष्णुगढ़ में वन भूमि पर लोगों का अवैध कब्जा

विष्णुगढ़। प्रखंड प्रक्षेत्र में कई एकड़ वन भूमि पर लोगों का अवैध कब्जा किया है। साथ हीं ऐसे वन भूमि पर कब्जा कर जंगलो को समाप्त किया जा रहा है। कई हरे भरे पेड़ों को काट कर पहले जंगल को खत्म किया जाता फिर धीरे धीरे जंगल जमीन को हथियाने के लिए सम्बंधित लोगों से एड़ी-चोटी के मेहतन करते है फिर कुछ दिन बाद अपने रैयती जमीन से मिला लिया जाता है या दलालों द्वारा बेच दिया जाता है, या फिर वन भूमि का फर्जी हुकूमनामा बना कर खुद को जमीन मालिक बन जाते हैं।

### वज्रपात से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

पतरातू। कटिया गांव में रविवार को वज्रपात की चपेट में आने से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। सुरेंद्र महतो का 13 वर्षीय बेटा ओम प्रकाश कुमार और प्रेम सागर महतो की 17 वर्षीय बेटी खुशबू कुमारी बकरी चराकर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बरतुआ रोड के पास बारिश शुरू हुई तो उक्त दोनों बच्चे पास के एक झोपड़ी में चले गए। इसी दौरान तेज आवाज के साथ बिजली कड़की और ठनका गिरने से दोनों बच्चे इसके चपेट में आ गए और वहीं बेहोश होकर गिर गये। आनन फानन में मुखिया किशोर कुमार महतो उक्त दोनों घायल बच्चों को पीवीयूएनएल कंपनी के एंबुलेंस से पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए दोनों बच्चों को रिम्स रेफर कर दिया।

# झारखंड में निक्कमी सरकार, अपराधी बेखौफ : मरांडी

## 2024 में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा संकल्प यात्रा का तीसरा चरण लोहरदगा से प्रारंभ हुआ। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के संकल्प सभा को लोहरदगा में संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्ट व निकम्मी सरकार करार दिया। उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने वीर बुद्धू भगत व पांडेय गणपत राय की भूमि को नमन करते हुए वर्षा के बीच जनसभा को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चोरी, डकैती, हत्या अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक हेमंत सरकार में हुए है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को अपराधियों को धर दबोचना था वे सरकार के इशारे पर हेमंत सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर केस करना व वसूली कार्य में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और सरकारी पदाधिकारी मोबाइल रिचार्ज की तरह वसूली के माध्यम से रिचार्ज कर रहे। अधिकारी बोलते हैं देकर आए हैं,लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन पाँच से ज्यादा हत्या, पाँच से ज्यादा दुष्कर्म, पाँच से ज्यादा अपहरण के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबसे हेमंत मुख्यमंत्री बने हैं तबसे बेतहाशा अपराध बढ़ा है। अपराधियों में हिम्मत बढ़ गई है। आम लोग डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में जिस प्रकार से कोर्ट में सरेआम पेसकार को पीटा गया इससे प्रतीत होता है कि प्रदेश में तालिबानी शासन है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना राज्य की जरूरत है। श्री मरांडी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लालकि ले के प्राचीर से कहा था कि भ्रष्टाचार को समाप्त करना है और भ्रष्टाचारियों को जेल में डालना है। किंतु हेमंत सरकार खुद भ्रष्टाचार फैलाने में व्यस्त है। पैसे के बिना इस सरकार में कोई काम नहीं होता है। कोयला बालू पत्थर की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने दिल्ली मुंबई वालों को बालू घाट व खनिज संपदा को लूटने की खुली छूट दे दिया है। उन्होंने कहा कि महाजनों से लड़ते लड़ते सोरेन परिवार खुद महाजन हो गये। झारखंड में सर्वाधिक जमीन सोरेन परिवार के पास है। यह जमीन गरीब गुरबा, मुंडा, उराँव, संथाल आदिवासियों की जमीन हड़प कर ले लिया है। उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गाँव, गरीब, किसान युवा महिलाओं की चिंता करते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर गैस में दो सौ और उज्जवला योजना के तहत मिले गैस पर चार सौ की सब्सिडी देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सधनु भगत ने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ भाजपा का फिर से दामन थामा।इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। कार्यक्रम को सांसद सुदर्शन भगत ,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव,जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,पूर्व मंत्री सधनु भगत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष मनीर उराँव, व महामंत्री संचालन बालकृष्णा सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक शिव शंकर उराँव, पूर्व मंत्री सधनू भगत, पूर्व विधायक दिनेश उरांव,पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, ज़िला प्रभारी मनोज मिश्रा, विनय लाल, ओमप्रकाश सिंह,श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद ,राजकिशोर महतो, सहित अन्य शामिल थे।



भाजपा का संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मंच पर अतिथिगण व कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

## स्पीड न्यूज

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लोहरदगा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**लोहरदगा।** स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा सब जूनियर कैडेट राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन दुमका जिले के कन्वेंशन सेंटर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कृषि मंत्री के प्रतिनिधि सत्यनारायण यादव विशिष्ठ अतिथि मंत्री के छोटे भाई विक्रम पत्रलेख तथा स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांसी मानस सिंहा शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कराटे प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। वही दुमका में हुए प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला कराटे संघ से 23 चयनित कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए 6 गोल्ड 6 सिल्वर तथा 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर राज्य स्तरीय खेल में जिला का नाम रोशन किया। लोहरदगा के साक्षी उरांव ने 10 वर्ष बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करके डबल गोल्ड अपने नाम की वहीं रुना कुमारी ने कैडेट 45 किलो भार में रामगढ़, हजारीबाग, रांची और खुंटी को अपना लोहा मनवाते हुवे गोल्ड जीता। गोल्ड मेडल जीतने वाले में यस उरांव, करण साहू, प्रियांशी कुमारी शामिल हैं

### जिस मकसद से झारखंड का गठन हुआ वह अब तक नहीं हुआ पूरा: एनोस

**गुमला।** झारखंड पार्टी गुमला जिला का अधिवेशन रविवार को नगर भवन गुमला में संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री अशोक कुमार भगत , कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद , प्रदेश सचिव ललित समद , सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोष प्रतिमा मिंज , सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत समद आदि शामिल हुए। मौके पर एनोस एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य उन सिद्धांतों पर कार्य नहीं हुआ जिस मकसद के लिए राज्य का गठन हुआ है। एनोस एक्का के मंत्री रहते जो विकास कार्य हुए थे। उसे आदर्श मानते हुए झारखंड पार्टी के नेतृत्व में राज्य के 81 विधानसभा में चुनाव लड़ने को बात कही गई। इसी निमित गुमला जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र में पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए आज की जिला अधिवेशन में गुमला जिला का पार्टी का जिलाध्यक्ष लेवोनार्ड खलखो और जिला महासचिव खुर्शीद आलम को बनाया गया। जिन्हें पंद्रह दिनों में कमिटी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत भाषण लेवनार्ड खलखो के द्वारा दिया गया।

### मेदांता हॉस्पिटल रांची के द्वारा रोटरी भवन में हेल्थ कैंप का आयोजन

**गुमला।** रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी एवं मेदांता अस्पताल रांची के द्वारा रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपाधीक्षक सदर अस्पताल गुमला अनूपम किशोर उपस्थित थे। शिविर में मेदांता अस्पताल रांची के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए करीब 125 मरीजों की निशुल्क जांच की गई एवं चिकित्सीय परामर्श दिया गया। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलेश मिश्रा, कान नाक गला विशेषज्ञ डॉक्टर कृष्ण के दास, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमूल्या स्वाती एवं डॉक्टर नाहिद ने अपनी सेवाएं प्रदान की। मेदांता अस्पताल के एक्जीक्यूटिव मैनेजर श्री विकास पाठक ने इस कैंप को आयोजित करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई एवं इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब सदस्यों की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर रोटेरियन भैरव प्रसाद, पी राम, सत्यनारायण प्रसाद, श्री भगवान साबू, पवन गुप्ता, विनोद अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अनूप गुप्ता, राम जी गुप्ता, अनमोल गुप्ता, दीपक गुप्ता, डॉक्टर सुगेंद्र साय, बसंत कुमार, मनोज कुमार, विमल कुमार पंकज, अजय कुमार, राजकुमार जायसवाल, अनिल आनंद एवं जगजीत सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।

### रजिस्ट्रेशन को लेकर नवडीहा में शिविर का हुआ आयोजन

**घाघरा।** नवडीहा करंजटोली गांव में सूखाड़ राहत योजना के तहत रजिस्ट्रेशन को लेकर रविवार को शिविर का आयोजन किया गया । इस क्रम में सूखाड़ राहत के रजिस्ट्रेशन के 20 आवेदन प्राप्त हुए ।मौके पर उप मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि वर्षा कम होने के कारण कई किसान काफी परेशान है किसानों को पानी खेत में नहीं मिलने के कारण खेत में दरार आ चुकी है । जिसे लेकर सरकार द्वारा सूखाड़ राहत का रजिस्ट्रेशन भरवाया जा रहा है इस निमित्त गांव-गांव में शिविर के माध्यम से लोगों को सूखाड़ राहत का फॉर्म लिया जा रहा है। ताकि किसानों को लाभ मिल सके ।मौके पर कृषक मित्र मंगलदेव उराव, मंगलेश्वर उरांव ,अनुज कुमार साहू, शंकर उरांव ,भिनेश्वर भगत, बंधु पहान, एतवा पहान सहित कई ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

### बिशुनपुर में प्रतिभा की कमी नहीं है: डीआईजी रविंद्र भगत

**घाघरा।** सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बिशुनपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अंडर 10 फुटबॉल प्रतियोगिता में सेलेक्ट हुए बालक बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिशुनपुर प्रखंड की बेटी अष्टम उरांव भारतीय महिला फुटबॉल टीम में देश की प्रतिनिधित्व कर रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। आज उपस्थित जितने भी चयनित बालक बालिका है। उन्हें और मेहनत करने की जरूरत है। ताकि आने वाले समय में बच्चे ब्राजील, अर्जेंटीना जैसे फुटबॉलर हमारे इसी बिशुनपुर प्रखंड से निकलेंगे। ऐसे भी गुमला को खेल के नगरी के रूप में जाना जाता है। वहीं उपस्थित अंडर 10 बालक बालिकाओं के बीच डीआईजी रविंद्र भगत के द्वारा 40 पीस जर्सी, 40 जोड़ा बूट जूता फुटबॉल सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

### चेंबर ऑफ कामर्स का पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के द्वारा रविवार को डुमरडीह स्थित विकास सिंह के बारी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व चेंबर अध्यक्ष श्री दामोदर कसेरा डीके ने की। जिसमें आम और कटहल सहित कई तरह के फलदार वृक्ष लगाए गये। अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि आज के परिवेश में एक पौधा लगाना कई जीव को जीवन देने के बराबर है। आज के परिवेश में जहां कल कारखाने भारी मात्रा में खुल रहे हैं। वायु प्रदूषण हो रहा है। ऐसे में पौधों का लगाना पुण्य का काम है।

# चुनाव नजदीक आते ही केंद्र सरकार को महसूस हुआ जनता का दर्द : अजयनाथ

**केंद्र सरकार के द्वारा गैस सिलेंडर का दाम कम करने को कांग्रेस ने कहा राजनीतिक स्टंट**


प्रेस कान्फ्रेंस करते कांग्रेस के गुमला जिला प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस के प्रभारी अजयनाथ शाहदेव ने रविवार गैस सिलेंडर में दो सौ रूपये केंद्र सरकार द्वारा कटौती किये जाने को लेकर स्थानीय परिसदन में प्रेस कान्फ्रेंस किया गया। मौके पर श्री शाहदेव ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रहा है। क्या यह बहुत शर्म की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आम जनों को पीड़ा हो रही है। चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता का दर्द महसूस हुआ और रसोई गैस की कीमत दौ सौ रूपये कम कर दिए। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ रही है। पिछले 7 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गया। 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया। पिछले दो दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर नजर डालने पर हर मतदाता की आंखें खुल जाएगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है की कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई। एलपीजी सिलेंडर में दो सौ रूपये की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में पांच राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने का एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अब भी महंगा है मगर बीजेपी या ढोल पीटा है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है। वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गई है की प्यास से लगे तो दो बूंद पानी है पिलाकर सबको पानी देने की बात कही जा रही है। केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण ही पूरे देश की जनता महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### गैस सिलेंडर के दामों में 200 की कटौती भाजपा का चुनावी स्टंट: अजय



प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेसी

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में एक्सप्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष सकील अहमद , डॉ अजय शाहदेव और नेसार अहमद ने ने केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में कटौती को एक चुनावी स्टंट बताते हुए कहा कि भाजपा आने वाले चुनाव में हार के डर से इस तरह के फैसले ले रही है। अगर आम लोगों की चिंता वास्तव में भाजपा को है तो 2014 से लगातार 400 प्रति सिलेंडर से बढ़कर 2023 तक 1140 रुपए कैसे हो गई। मोदी सरकार अमीरों की सरकार है। इन्हें आम लोगों से कोई मतलब नहीं है कांग्रेस सरकार में कच्ची तेल की कीमत ज्यादा थी इसके बावजूद आम लोगों को राहत देते हुए पेट्रोल डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई थी। जबकि मौजूदा समय में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है। इसके बावजूद पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में सरकार कोई कटौती नहीं कर रही है। आने वाले समय में पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं इन राज्यों से भाजपा का सफाया होने वाला है इसी डर से भाजपा के द्वारा गैस सिलेंडर की कीमत में ?200 की कटौती की गई है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि अजय शाहदेव,नेसार अहमद,कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, पवन गौतम,विशाल डुंगडुंग सहित कई लोग मौजूद थे।

### भाईचारा, प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है टूनार्मेंट : वीरेंद्र

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के एकागुड़ी स्थित खेल मैदान में नव युवक संघ द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया था.आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट में 32 टीम भाग लिया था. वही सभी टीम के खिलाड़ियों ने अपना खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को पराजित कर हुए फाइनल में प्रवेश किया आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उराँव,उप मुखिया सधनु लोहरा मुख्य संरक्षक नरेश उराँव,शंकर लोहरा एवं गणमान्य लोग संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को आरम्भ कराया। मौके पर अध्यक्ष धर्मदेव मुंडा, सचिव बिमल उराँव, कोषाध्यक्ष संतोष उराँव अर्जुन उराँव रतिया उराँव सूरज उराँव के अलावे कमिटी के कार्यकर्ता और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### तीन दर्जन पशु के साथ तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के इचरी टेंगरिया रास्ते से गौवंशीय पशु तस्करी का मामला प्रकाश में आते ही सेन्हा पुलिस ने वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी कर तीन दर्जन गौवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना लाया और थाना परिसर में सुरक्षित रख कर आगे की कारवाई में पुलिस जुट गई है। एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर पशु तस्करी के विरुद्ध कारवाई किया गया है। विदित हो कि गुमला जिला क्षेत्र के लरंगो बाजार से बाहर ले जाने के नाम पर गौवंशीय पशु तस्करी की गुप्त सूचना पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुआ था। जिसके बाद सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए 36 पशु के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## एक नजर में

### बेहद प्रभावकारी है हवन के साथ योग अभ्यास : शिव शंकर सिंह

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में विशेष योग कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। लोहरदगा के सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्र कर के साथ हवन कर योगाभ्यास कराया जा रहा है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह एवं पतंजलि जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में योगाभ्यासियों को विशेष योग प्रशिक्षण जड़ी बूटी के द्वारा हवन की आहुति कराकर उसके लाभ व बीमारी आधारित योग का अभ्यास कराया जा रहा है। ताकि जल्द से जल्द पीड़ित व्यक्ति स्वस्थ हो सके। इस अवसर शिव शंकर सिंह ने कहा कि योग वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर किया जाय तो और बेहतर लाभ मिल सकता है। नियम सम्मत योग, प्राणायाम, यौगिक क्रियाओं को निरंतरता के साथ योग्य योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया जाय तो लाभ जल्द व स्थाई मिलेंगे। मौके पर प्रीति जायसवाल, मंजू जायसवाल, किरण कुमारी, सरिता जायसवाल, प्रदीप अग्रवाल, रघुनंदन शर्मा, बंधी साहू, कृष्णा राम, सतीश जायसवाल, पतंजलि के जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, रामसुभग राय व अन्य मौजूद रहे।

### करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम सह करमा पर्व के आयोजन को लेकर बैठक

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती स्थित जिला परिषद निरीक्षण भवन में रविवार को करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम सह करमा पर्व मनाने के लिए पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम बिटपी मुरली तालाब के समीप स्थित जय सरना लुरकुड़िया भवन के प्रांगण में 21 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। जबकि 25 सितंबर को करमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम मे 50 से अधिक खोडहा समूहों भाग लेंगे । आदिवासियों के भाई-बहनों का प्रमुख त्योहार करमा की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम की बेहतरी के लिए अगली बैठक 10 सितंबर को करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम मे भाग लेने वाले खोडहा को 15 सितम्बर तक अपने टीम का नामांकन कराना होगा । प्रत्येक खोडहा टीम मे कम से कम 30 की संख्या मे महिला पुरुष होंगे । मौके पर समिति के संरक्षक शामिल उरांव ने कहा कि करमा पर्व को बेहतर बनाने के लिए समाज के सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का पवित्र त्योहार करमा आपसी भाईचारगी के साथ मनाया जाएगा। करमा पर्व त्योहार में मादक पदार्थ का प्रयोग न करते हुए इससे दूर रहकर पर्व को मनाने की जरूरत है। मौके पर समिति के सचिव बिद्धू उरांव ने कहा कि संगठन के साथ मिलजुल कर एकजुटता का परिचय देते हुए पर्व त्योहार मनाएं। इस मौके पर रामचंद्र उरांव,चतुर उरांव,सुखराम उरांव,तिवारी उरांव, विष्णु पहान, गुलशन उरांव, विनोद उरांव,कार्तिक उरांव, आदि समाज के अगुवा मौजूद थे ।

### अमर शहीद विश्राम टाना भगत तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**कैरो।** प्रखंड के येड़ादोन फुटबॉल मैदान में अमर शहीद विश्राम टाना भगत तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम पहान मंगरु उरांव, पुजार मड़वा उरांव द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर व शहीद विश्राम टाना भगत के प्रतिमा में बड़े भाई द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। उद्घाटन मैच बाघा और पतराटोली के बीच खेला गया जिसमें बाघा की टीम पेनाल्टी में विजेता रही। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, अध्यक्ष रौशन उरांव, मनोज उरांव, प्रवीण साहू, मेघनाथ भगत, देवा उरांव, सोमनाथ भगत आदि मौजूद थे।

### भंडरा मुख्य पथ पर जलजमाव से राहगीर व आमजन परेशान

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती मे रविवार की दोपहर जोरदार बारिश के कारण भंडरा मुख्य पथ पर जलजमाव से लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। वहीं किसानों के बीच खुशी देखी जा रही है। पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण सड़क पर जलजमाव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मुख्य सड़क पर जलजमाव होने से यात्रियों को यातायात में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बतातें चले कि रविवार दोपहर वर्षा के कारण रांची में जाने वाली मुख्य सड़क में बैंक ऑफ इंडिया के पास दो फीट वर्षा जल का जमाव हो जाने से उक्त सड़क पर यात्रा करने वाले यात्रियों का काफी परेशानी हो रही है। जिसका मुख्य कारण है। सड़क किनारे जलनिकासी के लिए पक्का नाला का नहीं होना। पानी का जलजमाव हो जाने के कारण उक्त सड़क तालाब मे तब्दील हो जाता है। सर्वाधिक परेशानी राहगीरों एव सड़क किनारे बसे दुकानदारों व ग्रामीणों को हो रही है। घर से पानी सने होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय उत्तम गुप्ता,दीपक गुप्ता,प्रदीप गुप्ता अब्दुल कुद्दूस सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि अगर शीघ्र प्रखंड प्रशासन इस जल जमाव का स्थाई निदान नहीं करते हैं तो ग्रामीण सड़क जाम आंदोलन चलाने को बाध्य हो जाएंगे। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस समस्या के निदान को लेकर कई बार प्रखंड प्रशासन से शिकायत करने के बाबजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। इन समस्याओं के प्रति पदाधिकारी गंभीर नहीं है। जिला से आवंटन प्राप्त होते ही सड़क के किनारे पक्का नाला का निर्माण कराए जाएंगे।

### तीन दिवसीय स्व. गोवर्धन सिंह स्मृति नॉक आउट फुटबाल प्रतियोगिता आरंभ

**रायडीह।** द्वितीय स्व. गोवर्धन सिंह स्मृति नॉकआउट तीन दिवसीय फुटबॉल टुनामेंट का शुभारंभ रविवार को शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह स्टेडियम रायडीह में हुआ। टूनामेंट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि भुनेश्वर साहू, थाना प्रभारी अमित कुमार, उपप्रमुख दीपक कुजूर, मुखिया चूयां कुजूर, मुखिया जरजट्टा मार्था एक्का, नवागढ़ पंचायत समिति सदस्य हिमांशु कुमार गुप्ता, उपमुखिया तस्लीम संचालन समिति के महेन्द्र सिंह व पप्पु सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से स्व. गोवर्धन सिंह व शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया ।तत्पश्चात टूनामेंट का आगाज किया गया। उदघाटन मैच जे के ब्रदर्स कोजांग बनाम खान ब्रदर्स बकासपुर के बीच खेला गया। जिसमे 2-0 से खान ब्रदर्स की टीम जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टूनामेंट का आयोजन स्व. गोवर्धन सिंह शिक्षक सह नागपुरी गायक व कवि (शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह के परिजन) के छोटे पुत्र महेन्द्र सिंह के अगुवाई मे टुनामेंट का आयोजन किया गया है। पुरस्कार मे कैश मनी, ट्रॉफी फुटबॉल व जर्सी आदि रखा गया है। खेल संचालन में अध्यक्ष राजेंद्र साहू उपाध्यक्ष मनोज कुमार साहु, सचिव सुरेंद्र सिंह सह सचिव रंजित दास (बुटु), कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह सह कोषाध्यक्ष मनोज कुमार साहू (इ) संरक्षक पप्पू कुमार सिंह, श्याम सिंह, सतीश लकड़ा, आनंद साहू, असरफ राय लालो आदि मौजूद थे।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नगर भाजपा की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** भाजपा गुमला नगर मंडल की बैठक रविवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल ब्राह्मण प्वांईट में हुई। जिसमें संकल्प यात्रा के माध्यम से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु चर्चा की गई। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के झारखंड के सभी विधान सभा में संकल्प यात्रा का शुभारंभ कर दिया गया है। इस क्रम में 19 सितंबर को गुमला विधानसभा का संकल्प यात्रा तय किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान के हेमंत सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार अराजक डर का माहौल, झूठा वादा और ठगी का पदार्फाश किया जाना है। साथ साथ मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में अमृत वाटिका का निर्माण तथा प्रत्येक पंचायत की मिट्टी को जमा कर राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष श्री बालकेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम का विषय प्रवेश गुमला जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान में चाईबासा के जिला प्रभारी श्रीमान सविंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जिला अध्यक्ष श्री अनूप चंद्रा अधिकारी, गुमला विधानसभा के पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव, भाजपा के वरिष्ठ अनुभवी अभिभावक श्री भूपेन साहू, श्री राकेश वर्मा के द्वारा कई सुझाव दिये गये। इस अवसर पर श्री निर्मल गोयल, श्री सतनारायण पटेल, श्री दामोदर कसेरा, श्री सागर उरांव, गायत्री शर्मा, शकुंतला उरांव, पायल तिवारी, ललिता गुप्ता, अनीता सिंह, हेमलता देवी, सावित्री मेहता, ज्योति कुमारी, बसंती जी, सुषमा गुप्ता, सोनी देवी, सीमा कुमारी, बबलू वर्मा, रमेश राम, किशोर मिश्रा, दिनेश्वर साहू, अमित श्रीवास्तव, विजय कुमार राम,सतपाल सिंह, ललित उरांव, ओम प्रकाश साहू उपस्थित थे।


बैठक में शामिल भाजपा नेता व कार्यकर्ता

## स्पीड न्यूज

### 21वां स्थापना दिवस सह खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग में संचालित शिशु ज्ञान निकेतन विद्यालय का 21वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लम्बीं दौड, कुर्सी दौड़, गणित दौड़ ,विस्कुट? दौड़, निशानेबाजी,घड़ा फोड़ का आयोजन हुवा। जिसमें प्रत्येक खेल में प्रथम,द्वतीय और तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को कॉपी, कलम, पेंशिल व टॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मौजूद प्रधानाचार्य मनोज कुमार साहू ने बच्चों को विद्यालय के उत्थान एवं उपलब्धियों के बारे में बतलाया।

### नगर परिषद में कीटनाशक का छिड़काव कराने की मांग

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने नगर प्रशासक को पत्र लिखकर नगरपरिषद झुमरीतिलैया के सभी वार्डो में मक्खी और मच्छरों के प्रकोप से आमजनों को निजात दिलाने के लिए कीटनाशक का छिड़काव करने की मांग की। सईद नसीम ने पत्र में बताया कि वर्तमान में मच्छरों के काटने से डेंगू बहुत तेजी से फैल रहा है। मौसम में परिवर्तन के चलते इन दिनों संक्रामक रोगों की दस्तक को लेकर आशंका जताते हुए बताया कि ऐसे समय सावधानी व बचाव बेहद आवश्यक है। मच्छरों और मख्खियों की बढ़ती संख्या के कारण संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है। उन्होंने बीमारियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए जल्द नगर में कीटनाशक दवा छिड़काव कराने की मांग की।

### रुपए ट्रांसफर करने के बहाने 17 हजार ठगे, थाने में शिकायत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पानी टंकी रोड कंधवे कॉम्प्लेक्स परिसर में संचालित विद्युत उपकरण के दुकानदार कुंदन पांडे ने थाने में आवेदन देकर 17 हजार ठगी करने का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि शनिवार सुबह उनके पिता श्रवण पांडे के मोबाइल पर किसी ने फोन कर कहा कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। उसे इमरजेंसी में रुपये ट्रांसफर करना है। कॉल करने वाले ने दुकान के बगल स्थित एक खैनी दुकानदार को नगद रुपए देने की बात कही और खैनी दुकानदार से पिता की बात भी कराई। इसके बाद श्रवण पांडे ने कॉल करने वाले व्यक्ति के द्वारा बताए गए फोन पे और पेटीएम नंबर पर एक बार 12 हजार एवं दूसरी बार 5 हजार ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद श्रवण पांडे जब अपने पड़ोसी खैनी दुकानदार के पास पहुंचे तो खैनी दुकानदार ने बताया कि कॉल करने वाले के द्वारा कैश नहीं दिया गया है। उसने बताया कि वह एटीएम से रुपए निकाल कर लाकर दे देगा।

### इंटर कॉमर्स की स्टेट थर्ड टॉपर रिया को जैक ने किया सम्मानित

**कोडरमा।** जैक के स्थापना दिवस पर शनिवार को जैक सभागार रांची में आयोजित कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में राज्य में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें इंटर कॉमर्स के रिजल्ट में 475 अंक प्राप्त कर स्टेट थर्ड टॉपर बनी जिले के झुमरीतिलैया ताराटांड निवासी रिया केसरी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो उपस्थित थे। उनके द्वारा प्रतिभावान बच्चों को नगद पुरस्कार, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। वहीं रिया केसरी को विधानसभा अध्यक्ष ने दस हजार रुपए नगद राशि, कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को अपने कौशल और प्रतिभा से सफलता की शिकार पर पहुंचने की शुभकामनाएं दी। वहीं रिया ने कहा कि राज्य स्तर पर सम्मानित होने से उन्हें भविष्य में और भी बेहतर करने की सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी।

### डोमचांच में आयोजित संकल्प यात्रा अब 8 सितंबर को

**कोडरमा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की डोमचांच में आयोजित संकल्प यात्रा अब 8 सितंबर को होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के द्वारा झारखंड की निकम्मी एवं भ्रष्टाचारी सरकार के विरुद्ध, हेमंत सरकार के विरुद्ध संकल्प लेते हुए आम जनता से ऐसी निकम्मी सरकार को हटाने के लिए अपील करने व कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए कोडरमा में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि डोमचांच प्रखंड में चंद्रावती हाई स्कूल मैदान के बगल में सारी तैयारियां हो रही है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव अपने-अपने तरीके से कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मरांडी राजधनवार से होते हुए बरियारडीह मोड़ पहुंचेगें, जहां पहले स्वागत होगी, फिर नवलशाही होते हुए डोमचांच मैदान सभा स्थल पर पहुंचेगें।

### रसेल वाइपर सांप होटल में घुसने से मची अफरा तफरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही चौक स्थित गुप्ता होटल में बीती शनिवार रात को करीब सात बजे एक रसेल वाइपर सांप होटल में घुस जाने से अफरा तफरी मच गयी। होटल मालिक खुबलाल साव (चरखु) के द्वारा हल्ला करने के बाद अगल बगल के लोग जुट गये। वहीं समाजसेवी शंकर साव के द्वारा सांप पकड़ने में माहिर खेशमी निवासी शिबु पंडित को सुचना देकर बुलाया गया। बहुत मशाक्कत के बाद शिबु पंडित ने सांप को पकड़ कर कानी केंद्र जंगल में छोड़ दिया। शिबू पंडित ने बताया कि करेत सांप के बाद दूसरा विषधर सांप रसल वाइपर ही है। वहीं होटल मालिक और अगल बगल लोगों में डर का महौल बना हुआ है।

### आरएमवी क्लब रूपायडीह के तत्वावधान में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** आरएमवी क्लब रूपायडीह के तत्वाधान में स्थानीय खेल मैदान में नॉक आउट फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख अंजु देवी व मुखिया गणपत यादव ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच चंदवारा प्रखंड के गैडा व जयनगर प्रखंड के खेडोबर के बीच खेला गया। जिसमें गैडा की टीम एक गोल से विजयी रही। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि फुटबॉल ग्रामीण क्षेत्र का सबसे लोकप्रिय खेल है, खेल के क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सृजित है। वहीं प्रमुख अंजु देवी ने कहा कि खिलाडियों ने अनुशासन में रहकर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है। मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुखिया राजकुमार यादव, उप मुखिया चंदन वर्णवाल सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

---

शिक्षक दिवस पर एकल सत्याग्रह करेंगे राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत डा. रमेश चंचल

# हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं मिल रहा न्याय, मेडल व पुरस्कार की राशि करेंगे वापस

## हाई कोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखा रहा है डीएसई कार्यालय गढ़वा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय गढ़वा हाई कोर्ट के आदेश को भी ठेंगा दिखा रहा है। राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत गढ़वा के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक डा. रमेश कुमार तिवारी उर्फ डा.रमेश चंचल को हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद न्याय नहीं मिल रहा है।

विभाग की मनमानी से आहत 70 वर्षीय वयोवृद्ध डा. चंचल ने शिक्षक दिवस के मौके पर पांच सितंबर को डीएसई कार्यालय के समक्ष लगातार चार घंटे खड़े रहकर मौन सत्याग्रह करेंगे। बावजूद न्याय नहीं मिल पाने की स्थिति में गांधी जयंती के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदत राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार 2007 को मेडल एवं नगद राषि सहित वापस करने का औपचारिक लिखित प्रस्ताव भारत सरकार के सचिव को प्रेषित करेंगे।

इसकी सूचना डा. चंचल ने उपायुक्त कार्यालय एवं डीएसई कार्यालय को दे दिया है। जानकारी देते हुए डा. चंचल ने बताया कि रांची हाई कोर्ट में पारित न्यायादेश डब्लयूपी (एस) नंबर 3613/2011 का विगत दो वर्षों से डीएसई कार्यालय गढ़वा द्वारा खुल्लम खुल्ला उल्लंघन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित होने की तिथि 17 अप्रैल 1995 से अंतर वेतनादि तथा सेवानिवृति के बाद एक दिसंबर 2014 से अंतर पेंशनादि मद की राशि का



भुगतान नहीं कर रहा है। इस संबंध में रांची हाई कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए भुगतान करने का न्यायादेश पारित कर दिया है। फिर भी डीएसई कार्यालय पुराने अनुपयुक्त नियमों को आधार बनाकर हाई कोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखा रहा है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त को आवेदन देकर हाई कोर्ट के पारित आदेश का पालन कराने एवं न्याय सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया।

परंतु करीब डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इससे वे काफी मर्माहत हैं। इस कारण उन्होंने शिक्षक दिवस के मौके पर डीएसई कार्यालय के समक्ष न्याय याचक भाव से लगातार चार घंटे अकेला खड़ा रहकर मौन सत्याग्रह करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया। परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## डॉ कुलदेव ने किया मेडिकल दुकान का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड से 10 किलोमीटर की दूर गेरुआ पंचायत अंतर्गत बिछियादामर मेन रोड पर अंश हेल्थ केयर फार्मेसी का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अयक्ष सह युवा समाजसेवी ड कुलदेव चौरी, विशिष्ट अतिथि गेरुआ मुखिया अनिल कुमार चौरी, वीआईपी के प्रदेश सचिव सह भावी विाानसभा प्रत्याशी मनदीप मल्लाह, वीआईपी गढ़वा जिला अयक्ष सरोज चौरी, भवनाथपुर विाानसभा के भूतपूर्व प्रत्याशी दशरथ चौरी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मौके पर ड चौरी ने कहा कि इस मेडिकल स्टोर के खुलने से स्वरोजगार के साथ-साथ समाज सेवा भी हो पायेगा। क्योंकि एक तरफ अपने परिवार को पालन पोषण करने के लिए रोजगार चाहिए तो दूसरी तरफ जब आपातकालीन स्थिति में



उद्घाटन करते डॉ कुलदेव

कोई मरीज आता है और उसे प्राथमिक उपचार मिल जाये तो मरीज को लाभ तो मिलेगा ही लोग इसे समाज सेवा के रुप में भी देखते हैं। ड चौरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज में काफी परिवर्तन आया है और लोग जागरूक भी हुए हैं। लेकिन अभी भी भूत-प्रेत, आंविश्वास, नशापान, जुआ-ताश और अज्ञानता से दूर नहीं हो पाए हैं। शिक्षा के दम पर जाति-ार्म से उठकर जिंद्गी जीने की नसीहत दी। मुखिया अनिल कुमार चौरी ने कहा कि कई गांव के बीच इस मेडिकल सेंटर खुल जाने से दिन रात कभी भी इमरजेंसी सेवा प्राप्त हो पायेगा। मौके पर मेडिकल के संचालक फार्मासिस्ट ओमकार चौरी, एएनएम ज्योति कुमारी, चनरु चौरी, शिक्षक दुलारू चौरी, रामलाल चौरी, नागेंद्र चौरी, महेंद्र चौरी, कुलदीप चौरी, शंकर चौरी, कोमल चौरी, रामनाथ चौरी, अजीत कुमार, सुनील चौरी, मुन्ना चौरी, विश्वनाथ चौरी, विजय चौरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### शारदीय दुर्गापूजा समिति गुमो की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शारदीय दुर्गापूजा समिति गुमो की बैठक मंदिर परिसर में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता दिनेश सिंह और संचालन त्रिवेणी पांडेय ने किया। बैठक में दुर्गापूजा को हर्ष उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पुरानी कमेटी में थोड़ा फेर-बदल किया गया। इस कमेटी में अशोक पांडेय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, शिवशंकर पांडेय, सचिव उमाकांत पांडेय, सह सचिव मनोज पांडेय, संजय पांडेय, कोषाध्यक्ष सुनील पांडेय, सह कोषाध्यक्ष राजन पांडेय को चुना गया। कार्यकारिणी समिति में रतन पांडेय, विवेक पांडेय, नवकुमार पांडेय, उज्जवल पांडेय, मुरली पांडेय, इंद्रजीत पांडेय, अभिजीत पांडेय, पंकज पांडेय, पंचम पांडेय, अशोक राय, बच्चू पांडेय, सोमनाथ पांडेय, पंकज पांडेय, पप्पू पांडेय, समेत अन्य को रखा गया है। जबकि संरक्षक के रूप में त्रिवेणी पांडेय, मोतीलाल पांडेय, दशरथ पांडेय, सीताराम पांडेय, अजय पांडेय, भारत लाल पांडेय, अनिल पांडेय, सत्यदेव राय, दिलीप वर्मा, शशिकांत पांडेय, दीनानाथ पांडेय, मनोहर राम, राम नरेश पांडेय, विजय पांडेय, शक्तिकांत सिन्हा के नाम शामिल हैं।

### सराढू में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न

**टंडवा (चतरा)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सराढु में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अजित कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से पूजा मनाने का निर्णय लिया गया, जिसे लेकर कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बरुण कुमार सिंह सचिव शंकर सिंह कोषाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर उपाध्यक्ष अवधेश कुमार व मिथुन कुमार उप सचिव गुलाब राणा अश्विनी कुमार सिंह उप कोषध्यक्ष इंद्रजीत कुमार मीडिया प्रभारी दीपांशु कुमार संरक्षक महादेव राणा संजय कुमार सिंह पूजा प्रभारी जयनंदन सिंह को बनाया गया।

### बोलेरो में लगी आग जलकर हुआ राख, बाल बाल बच्चा चालक

**गिद्धौर।** थाना के अंतर्गत चतरा चौपारण मुख्य रोड में बेलगाछ के समीप एक बोलेरो में चलते-चलते शॉर्ट सर्किट के वजह से आग लग गई। जिससे बोलेरो पूरी तरह जल के राख हो गया। किसी भी प्रकार की मौका आग बुझाने के लिए नहीं मिल पाया।बताते चले की गाड़ी चतरा से चौपारण जा रही थी।गाड़ी का नंबर खल02 इट4247 बताया जा रहा है।एवं गाड़ी चालक का नाम सुभाष दांगी बताया जा रहा है। घटना स्थल पर सूचना मिलती ही गिद्धौर थाना के एस आई विजय गुप्ता पहुंचे एवं जांच पड़ताल किया।

## राजद की बढ़ती लोकप्रियता से साम्प्रदायिक शक्तियों में खलबली : रामधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यकारिणी की बैठक साहू भवन झुमरीतिलैया में रविवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने किया। बैठक में पार्टी संगठन और राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, जबकि संगठन के आगामी गतिविधि को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि राजद की जनाधार लगातार बढ़ रही है।

कोडरमा में राजद गांव-गांव तक अपना विचारधारा पहुंचा रही है। कोडरमा में राजद की बढ़ती लोकप्रियता से साम्प्रदायिक शक्तियों में खलबली मची है। राजद के बढ़ते जनाधार से केंद्र की सत्ताधारी दल के नेता बौखलाहट



में राजद को पहचानने से इंकार कर रहे हैं, जबकि उनकी पहचान ही राजद से बनी है। श्री यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही चरम पर है। देश में नागपुर की विचारधारा थोपी जा रही है। जाति-धर्म के नाम पर गंगा-यमुनी सभ्यता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

राजद आपसी प्रेम और सौहार्द को तोड़ने वालों को सत्ता से दूर करेगी। इस दौरान डॉ.समशूल हक, दलित आंदोलन के अग्रज नेता दुर्गा राम ने राजद पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष, रोहित मेहता, डॉ. जावेद अख्तर, सरफराज खान, सरफुद्दीन अंसारी, विजय सिंह, संजय दास, विजय यादव, अमरजीत कौर, मो. मुबारक, मनोज यादव, परवेज खान, जैकी यादव, संतोष यादव, राजेश यादव, राम बच्चन यादव, रघुनाथ दास, बसंत यादव, प्रवीण यादव, मो. नसीम, नीरज कुमार, सचिन्द्र राणा, बिनोद साव, मो. असलम, थानु दास, अशोक राजवंशी, खलील अंसारी, सहदेव यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## रसोईया संयोजिका यूनियन (सीटू) की बैठक में कमिटी का गठन

# महंगाई में गरीबों का जीना मुश्किल, रसोईया का मानदेय बढ़ाया जाये : सीटू

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में महेन्द्र तुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में रसोईया की समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई के कारण गरीबों का जीना मुश्किल हो गया है। सरकारी स्कूलों में सैकड़ों बच्चों का खाना बनाने वाली रसोईया बहनें, जिन्हें मात्र दो हजार मेहनताना अथवा मानदेय मिलता है। दूसरी तरफ इनका छह महीने का मानदेय भी बकाया है, इन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दिया जा रहा है। तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के साथ




पिछले वर्ष कई मांगों पर समझौता हुआ था, जिसमें पारा टीचर के तर्ज पर रसोईया एवं संयोजिका का सेवा शर्त नियमावली बनाकर स्थाई करने, आंगनबाड़ी सहायिका के तर्ज पर रसोईया को मानदेय देने, 5 लाख का निःशुल्क बीमा कराने, 60 साल में सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लागू करने और काम के दरमियान चोट लगने अथवा जल जाने पर समुचित इलाज की व्यवस्था करने की भी बात हुई थी। यह समझौता अप्रैल 2023 से लागू होना था, लेकिन वार्ता के एक साल बाद भी इसे लागू नहीं किया गया। इसलिए अब जिला से लेकर राज्य स्तर तक सीटू के नेतृत्व में आंदोलन तेज किया जाएगा। सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा मजदूरों के अधिकार को कुचलकर चार लेबर कोड में बदलकर, काम के घंटे आठ की जगह बारह घंटे किया जा रहा है। इसलिए सभी मेहनतकशों को एक होना होगा। बैठक में रसोईया संयोजिका यूनियन का पुनर्गठन किया गया और नौ सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें संध्या पांडेय संयोजक, चम्पा देवी व शकुंती देवी सह संयोजक, मुनीजा खातुन, रेखा देवी, गुड़िया देवी, सरिता देवी, विमला देवी, मालती देवी कार्यकारिणी सदस्य चूनी गई। बैठक में ललिता देवी, शहनाज खातुन, डलिया देवी, कंचन देवी, फुलवा देवी, प्रमीला देवी, झलिया देवी, बसंती देवी, गीता देवी, किरण देवी, लुकेशरी मसोमात, संतोषी देवी, चंचला देवी, जुलेखा बेगम, नाजरा खातुन, आसमा खातुन, बेबी देवी, गुड़िया देवी, सुनीता मसोमात, सुमित्रा देवी, कौशल्या देवी, छाया देवी आदि शामिल थी।

---

## एक नजर में

### बुद्धिजीवियों की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ इटखोरी प्रखंड के बुद्धिजीवियों की एक बैठक रविवार को प्रखंड अंतर्गत धनखेरी स्थित रामलखन प्रजापति के नवनिर्मित भवन में प्रखंड अध्यक्ष राजेश प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड सचिव महादेव प्रजापति, रामलखन प्रजापति, संजय पंडित, आदित्य प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में समाज के उत्थान व शिक्षा पर जोर देते हुए समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लिया गया। बैठक में 24 सितंबर को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पंचवटी होटल में संविधान निमार्ता रत्नपा कुम्हार की जयंती मनाई जाएगी,साथ ही इटखोरी प्रखंड कमेटी का चुनाव किया जाएगा। चुनाव में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावे अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि संविधान निमार्ता रत्नपा कुम्हार की जयंती के साथ प्रखंड कमेटी के चुनाव को लेकर इटखोरी प्रखंड के इटखोरी, परसौनी, रोमी, पितीज, पितीजी, धनखेरी, कल्याणपुर, बिसनापुर, राजबर, धुना, टोनाटांड, पकरिया आदि गांव से 5 सौ से अधिक प्रजापति समाज से लोग उपस्थित होंगे। बैठक में सर्व समिति से पांच टीम का गठन किया गया। जिसमे में औपचारिक संयोजक सह मीडिया प्रभारी आदित्य प्रजापति, सदस्य रूपेश प्रजापति, विजय प्रजापति, महेश कुमार प्रजापति, महादेव प्रजापति नवनियुक्त किया गया। नवनियुक्त व्यक्ति इटखोरी प्रखंड के विभिन्न प्रजापति गांव-गांव में जाकर स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर कुरीतियों को दूर करेंगे ताकि प्रजापति कुम्हार संघ एकता का परिचय दे सके। मौके पर किशन प्रजापति, अशोक प्रजापति, जागदेव प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, चंदन कुमार, मनोज प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, मितन प्रजापति, कमलेश प्रजापति समेत दर्जनों प्रजापति समाज के लोग उपस्थित थे।

### जिप उपाध्यक्ष ने किया 39वां आजाद कप फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के पथरिया गांव के मैदान में 39वे आजाद कप फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन रविवार को शुरू हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अतिथियों की उपस्थिति में फुटबाल को कीक मारकर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला कृष्णा क्लब सिंदुवारी तथा आजाद क्लब पथरिया के बीच खेला गया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मैदान में उतरे। उन्होंने कुछ समय के लिए पथरिया टीम की ओर से फुटबाल मैच खेला। इस मौके पर अपने संबोधन में जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने हर वर्ष फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन करने के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस गांव के युवकों में जोश तथा जज्बा भरा हुआ है। इसी वजह से पिछले 39 वर्षों से यहां फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन होते आ रहा है। जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने टूनार्मेंट के आयोजन में हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। उद्घाटन समारोह को पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ राम, पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, भाजपा नेता सुजीत भारती, दंत चिकित्सक शालिनी शर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा के जिला मंत्री सतीश सिंह, किसान मोर्चा के जिला मंत्री टुन्नी सिंह, देव कुमार सिंह, रंजय भारती, कमेंटेटर सुशील वर्मा तथा आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। फुटबाल टूनार्मेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष रसिक कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रसिद्ध फुटबाल टूनार्मेंट में चतरा एवं हजारीबाग जिला की कई टीमें भाग ले रही है। फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को पंद्रह हजार रुपए के नगद पुरस्कार के साथ विनर कप तथा उपविजेता रहने वाली टीम को आठ हजार रूपए के नगद पुरस्कार के साथ रनर कप देकर सम्मानित किया जाएगा। मालूम हो कि पथरिया के इस मैदान में पिछले 39 वर्षों से फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन होते आ रहा है। सिर्फ कोरोना महामारी के वक्त फुटबाल टूनार्मेंट के आयोजन को स्थगित किया गया था।

### टंडवा पत्रकारों की प्रखण्ड स्तरीय बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** जेजेए से जुड़े पत्रकारों की संगठनात्मक मजबूती एवं आंचलिक पत्रकारों की चुनौतियाँ पर परिचर्चा से सम्बंधित टंडवा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आगामी नौ सितंबर को सुनिश्चित की गई है। जिसे सफल बनाने को लेकर रविवार को होटल रुक्मणि इन में टंडवा पत्रकारों की प्रखण्ड स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जेजेए प्रखण्ड अध्यक्ष रबिन्द्र बक्शी एवं सन्चालन सचिव बीरेंद्र साहू उर्फ बीरू भाई ने किया। बैठक में कार्यशाला को लेकर विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार की गई। मौके पर मौजूद जिला महासचिव विनय सिन्हा ने बताया कि आगामी नौ सितंबर को होटल रुक्मणि इन में आयोजित कार्यशाला में संगठन के कुछ प्रदेश पदाधिकारी भी शामिल होंगे, जिसकी सूचना पाकर टंडवा के पत्रकारों में उत्साह देखी जा रही है। कार्यक्रम की सफल संचालन हेतु पाँच सदस्यीय टीम का चयन किया गया। जिसमें राजेश ठाकुर रबिन्द्र दास शशि पाठक कुलदीप राम एवं विकाश कुमार का नाम शामिल है। मौके पर रुदेश नायक विजय शर्मा अजीज अंसारी बरूण सिंह रबिन्द्र दास राजेश ठाकुर शशि पाठक कुलदीप राम विकाश कुमार मनीष कुमार एवं कृष्ण मुरारी मौजूद थें।

## लालटेन जलाने के दौरान लगी आग, मां और बेटा हुए घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के लोदमदाग गांव में लालटेन जलाने के दौरान मां और बेटा झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार महेशरी देवी 30 वर्ष पति राजा राम उरांव लालटेन जला रही थी और इसी बीच बगल में रखे पेट्रोल में आग लग गई। जिससे वह उसकी चपेट में आ गई वहीं बगल में उसका पुत्र रोहन उरांव 6 वर्ष भी चपेट में आकर झुलस गया। जिसे समाजसेवी आशीष नाथ शाहदेव की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा ईलाज की गई। इस घटना में महेशरी देवी और उसका बेटा रोहन उरांव को पैर और चेहरा झुलस गया है।

## मारपीट में महिला घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत रूद ग्राम में आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें रुद्र ग्राम निवासी जगदीश भूईया की पत्नी सोनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को परिजनों के द्वारा ईलाज के लिए बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद पीड़िता सोनी देवी ने मारपीट करने वाले के विरुद्ध बरियातू थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर बरियातू थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## टेट पास पारा शिक्षकों की प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड संसाधन केंद्र के प्रांगण में रविवार को टेट पास पारा शिक्षकों की प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक आहूत की गई। जहां बैठक में उपस्थित पारा शिक्षकों ने बताया कि टेट पास पारा शिक्षकों के द्वारा अपनी मांग के समर्थन में पिछले 22 अगस्त से राजधानी रांची स्थित राजभवन के समीप धरना सह आमरण अनशन का कार्यक्रम किया जा रहा है। बताया कि 2019 में चुनाव से पूर्व माननीय हेमंत सोरेन ने हर मंच से यह घोषणा किया था कि मेरी सरकार यदि बनती है तो तीन महीने के अंदर पारा शिक्षकों को वेतनमान देकर नियमित करेंगे। इस भरोसे में झारखंड के तमाम पारा शिक्षकों ने तन-मन-धन से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मगर अफसोस की बात है कि 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी झारखंड के पारा शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ रहा है। शिक्षकों ने आगे बताया कि राज्य स्तरीय निर्णयानुसार प्रतिदिन एक जिला के टेट पास पारा शिक्षकों को अनशन कार्यक्रम में शामिल होने रांची पहुंचना है। इस क्रम में लातेहार जिला की बारी 5 सितंबर को है, और इस दिन शत प्रतिशत टेट पास पारा शिक्षकों को राजभवन के समक्ष अनशन कार्यक्रम में शामिल होना है। साथ ही बताया गया कि आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर राज्य भर के टेट पास पारा शिक्षक सरकार के वादाखिलाफी और हठधर्मिता के खिलाफ अपने-अपने विद्यालयों में काला बिल्ला लगा कर शिक्षण कार्य करेंगे।

# महुआडांड़: झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई संपन्न

## पैसा कोई मांगता है तो मिलकर सामना करें आप एक हो जायेंगे तो उनकी औकात नही है कि वे पैसा मांगेंगे: योगेन्द्र तिवारी

➲ महुआडांड़ बीईओ घनश्याम चौधरी व रा.म.वि. रेंगाई के सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी के आपसी गठजोड़ कर शिक्षकों से जबरन धमकाकर पैसा लेने का लगाया गया आरोप



बैठक करते संघ के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर मे रविवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष अनुपा मिंज की अध्यक्षता में महुआडांड प्रखंड के शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य महासचिव योगेन्द्र तिवारी वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के झारखंड राज्य के कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिन्हा, लातेहार जिला प्रधान सचिव चन्दन कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि योगेन्द्र तिवारी ने कहा कि आप कमजोर है, डरते हैं, तब ही वे आपका कमजोरी का फायदा उठा रहे है और आपसे पैसा का डिमांड करते हैं और आप डर से उन्हे पैसा दे दे रहें हैं। आपलोग डरिए मत। पैसा कोई मांगता है तो मिलकर सामना किजिए। आप एक हो जायेंगे तो उसकी औकात नही है कि वे पैसा मांगेंगे। सभी मिलकर संगठित रहेंगे तब ही आपलोगों को कोई डरा नही पायेगा। बैठक में बीईओ घनश्याम चौधरी व रा.म.वि. रेंगाई के सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी के आपसी मधुर गठजोड़ कर शिक्षकों से जबरन धमकाकर पैसा लेने का आरोप लगाते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमति अनुपा मिंज ने कहा कि यूसुफ अंसारी बीईओ घनश्याम चौधरी के नाम पर शिक्षकों एवं रिटायर हुए शिक्षकों को परेशान कर के रख दिए हैं। छोटे से बड़े काम के लिए पैसा का डिमांड करते है। अनुपा मिंज ने आगे कहा कि बीईओ बहुत ही कम महुआडांड मे रहते हैं। उनका अधिकांश कार्य सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी ही करते हैं। हमलोग फोन करते हैं बीईओ के पास तो वो फोन नही उठाते हैं पर शिक्षक यूसुफ अंसारी का फोन तुरंत उठा लेते हैं और केवल उन्ही से बात करते हैं। यूसुफ अंसारी सेवानिवृत्त शिक्षक मरियानुस खलखो की पत्नी कलारा एक्का से पेंशन दिलाने के नाम पर चार बार मे 75 हजार रुपया ले लिए हैं तथा और भी डिमांड कर रहे है। अनुपा मिंज ने कहा कि यूसुफ अंसारी को रा.म.वि. रेंगाई मे प्रधानाध्यापक के रूप मे पदस्थापित किया गया था। पर वे लुट खसोट करने के कारण विद्यालय का प्रधानाध्यापक का पद अन्य सहायक शिक्षिका को देकर बीईओ कार्यालय मे बैठक कर पैसा वसुलने का काम कर रहे हैं। इस संबंध में महुआडांड बीईओ घनश्याम चौधरी ने दूरभाष पर बताया कि ये सही है कि सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी से मै कार्य लेता हूं पर स्कूल टाईम के बाद। क्योंकि उन्हे जानकारी ज्यादा है। महुआडांड मे कुछ शिक्षकों के द्वारा आदिवासी बनाम जेनरल की जातिवादी की जा रही है। अनुपा मिंज मेरे नाम से पैसा लेती थी। पर मैने इसपर अंकुश लगा दिया। इसी कारण वो मेरे संबंध मे गलत बयान बाजी कर रही है। जंहा तक सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी पर पैसे लेने का आरोप है। मै आकर छानबीन करूंगा।

## विद्यालयों मे है शिक्षकों की भारी कमी

शिक्षक संघ के महुआडांड प्रखंड अध्यक्ष अकरम अंसारी ने विद्यालयों मे शिक्षकों की भारी कमी के रहने, कही एक तो कहीं दो शिक्षक के ही पदस्थापित होने, नेटवर्क नही रहने के कारण बायोमेट्रिक उपस्थिती के नही बनने के कारण 16 शिक्षक शिक्षिकाओं का वेतन बंद करने का मुद्दा उठाया। शिक्षक प्रेम कुमार यादव ने सोशल ऑडिट के नाम पर शिक्षकों को डराकर लुटने का आरोप लगाया। बैठक को कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिन्हा, लातेहार जिला प्रधान सचिव चन्दन कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में शिक्षकों से संबंधित अन्य प्रासंगिक समस्याओं, डिजिटल सदस्यता अभियान और महिला नेटवर्क कॉनफेरेन्स देवघर की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष अनुपा मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अकरम अंसारी, महिला विंग की प्रखंड अध्यक्ष प्रभा टोप्पो, हाबील कुजूर शिक्षिका दीपिका कुमारी, अरूण कुमार खलखो, सफियानी बेक, प्रेम कुमार यादव, सुचिता मिंज, चिंतामणी कुजूर, मरियम टोप्पो, फुलेश्वरी नगेसिया, रेजिना नगेसिया, लुसयन्ती, अरूण कुमार टोप्पो, हेमलता, आदि समेत काफी संख्या में शिक्षक गण मौजूद थे।

# तेतरियाखाड़ कोलियरी में दूसरे दिन भी जमकर रंगदारी, बालूमाथ के ट्रकों को कोलियरी में प्रवेश से रोका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



तेतरियाखाड़ कोलियरी।

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड कोलियरी में सीसीएल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण दो गुटों में हिंसक झड़प की संभावना बढ़ गई है। रविवार को बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज, पांकी, लातेहार समेत कई प्रखंडों के ट्रक अपनी कतार से फॉर्मेट लेकर कोलियरी में प्रवेश करने हेतु पहुंचा। जहां गिरधारी यादव के आदेश पर कई लोगो ने रंगदारी करते हुए ट्रकों को रोक दिया और मनमानी करते हुए सिर्फ बसिया गांव के ट्रक का प्रवेश कराया। इधर शनिवार की संध्या बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आपात बैठक संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। उसके बाद सैकड़ो की संख्या में ट्रक ओनर बालूमाथ थाना पहुंचे व एक मांग पत्र उपायुक्त के नाम से सौपा। जिसमें कहा गया कि सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी सरकार के अधीनस्थ संचालित है और इस कोलयरी में सरकारी नियम के तहत ट्रक लोडिंग समेत सभी कार्य होना चाहिए। लेकिन गिरधारी यादव एवं कुछ समर्थक के द्वारा अवैध वसूली करने की नियत से और अपना दबदबा कायम रखने के लिए सरकारी नियम को ताख पर रख कर अपना नियम से बालूमाथ समेत कई प्रखंडों के ट्रकों को कोलियरी में प्रवेश से कराते हैं। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने लोगों को कहा कि सोमवार को दोनों पक्ष के लोगों का एक बैठक लातेहार एसडीएम शेखर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कराई जाएगी एवं दोनों पक्षों की समस्या का समाधान किया जाएगा। इधर रविवार को बसिया पंचायत के दर्जनों लोगों ने तेतरियाखाड़ कोलियरी में कृष्णा साव की अध्यक्षता में एक आपात बैठक की। उसके बाद सभी लोग बालूमाथ थाना पहुंचे वह मांग करते हुए कहा कि हम लोग विस्थापित व प्रभावित है। कोलियरी जो नियम से चल रहा है। इसी नियम से चलने दिया जाये। हमलोग ने किन्ही का ट्रक को नही रोका है। इधर ट्रकों का परिचालन को लेकर दोनों गुटों द्वारा भारी संख्या में अलग-अलग बैठक कर रणनीति तैयार करने में लगे हैं। जिससे आपसी संघर्ष की संभावना प्रबल हो गई है। समय रहते पुलिस प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करती है। तो कभी भी बालूमाथ में बड़ा घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में कोलियरी मैनेजर विनोद कुमार दीपक ने कहा कि बालूमाथ के ट्रकों को रोके जाने की सूचना मिली है वरीय पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

# पूर्व सीएम सह प्रदेश अध्यक्ष के संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवददाता**



बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

**चंदवा।** आगामी 18 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के लातेहार जिले के लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र में आहूत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर भाजपाई तैयारी में जुट गए हैं। कार्यक्रम के निमित्त रविवार को भाजपा मंडल कमेटी चंदवा की बैठक स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि चंदवा मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडे मौजूद थे। सर्व प्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके पश्चात संकल्प यात्रा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा की चंदवा मंडल के सभी पंचायत एवं सभी बूथ के कार्यकर्ता संकल्प यात्रा में जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आज से हीं जुट जाएं। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा ऐतिहासिक साबित हो रहा है। जिस कारण सत्ता पक्ष के लोग घबरा गए हैं। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चंदवा मंडल को चार जोन में बांटा जाने, सभी जोन में मंडल के पदाधिकारी प्रभारी बनाने व 7 से 11 सितंबर के बीच संकल्प यात्रा सफलता हेतु सभी पंचायत अध्यक्ष से अपने अपने बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक कर लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। मौके पर देवमोहन सिंह, राज कुमार पाठक, रामप्रसाद साहू, आशीष सिंह, मंजू सिंह, संजय साहू, विजय दुबे, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, पंचायत अध्यक्ष मुरारीलाल साहू, जमुना चौधरी, मनोज पाठक, शंकर मुंडा, संतन साहू, रविंद्र साहू, बालक यादव, सूर्यनारायण साहू, राजेंद्र यादव, छोटू कुमार, संजय कुमार भगत, शुभम यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के प्रदेश स्तरीय कार्यशाला बेतला में, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता होंगे शामिल



**बेतला।** भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा पलामू इकाई की बैठक प्रमंडलीय अध्यक्ष सतेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष, सह अधिवक्ता अश्विनी त्रिपाठी ने किया। बैठक में संगठन के कार्यो की समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता द्वारा बनाया गया संगठन है। संगठन पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर कार्य करता है। मौके पर प्रदेश महासचिव अधिवक्ता नितीन पांडेय ने कहा की पलामू प्रमंडल में लगभग 10 वर्ष से संगठन लगातार कार्य कर रहा है। क्षेत्र के सुदूर इलाके में जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रमंडलीय अध्यक्ष सेवानिवृत राजपत्रित पदाधिकारी सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि संगठन के माध्यम से लगातर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। जागरूकता के माध्यम से ही मानसिक प्रवर्तन संभव है। उन्होंने कहा की आज भी कि कई ऐसे पीड़ित व्यक्ति हैं जिन्हें न्याय दिलाने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक बेहतर वातावरण का निर्माण करना ही मोर्चा का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव संजय पांडेय ने भी लोगों को संबोधित किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सभी जिला अध्यक्ष दिसंबर तक 51 सदस्यीय कमेटी बनाएंगे। प्रखंड और पंचायत कमेटी गठन की प्रक्रिया 31 मार्च के बाद शुरू की जायेगी। लातेहार जिला अध्यक्ष रामनिवास पाठक ने बेतला में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इस पर चर्चा उपरांत 24 और 25 सितंबर के बेतला में प्रदेश स्तर पर कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन की योजनाओं के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ई चंद्रकांत त्यागी ने ऑनलाइन संदेश दिया। मौके पर मोर्चा के कई जिला कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे।

# उपायुक्त ने प्रखंड सह कार्यालय महुआडांड़ एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय गारु का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों से समस्याएं सुनते डीसी हिमांशु मोहन।

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन आज प्रखंड सह अंचल कार्यालय महुआडांड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ अमरेन डांग से प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं के अद्यतन स्थिति के बारे जानकारी लिया। उन्होंने विकास योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्यवयन करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा महुआडांड़ प्रखंड आकांक्षी प्रखंड के रूप चयनित है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ से आकांक्षी प्रखंड के विभिन्न मानकों की अद्यतन स्थिति के बारे जानकारी लेकर उसमें अपेक्षित सुधार लाने के लिए दिशानिर्देश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त लातेहार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी महुआडांड़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए किन चीजों की आवश्यकता है इसके बारे भी जानकारी लिया। उपायुक्त लातेहार ने एमटीसी सेंटर का निरीक्षण कर वहां ईलाजरत बच्चों की माताओं से वहां दिये जाने वाले भोजन एवं एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता के बारे जानकारी लिया। उपायुक्त लातेहार ने राजकीय उच्च विद्यालय बांसकरचा एवं राजकीय मध्य विद्यालय राजडंडा का भी निरीक्षण किया तथा विद्यालय में बिजली, पानी, शौचालय डेस्क बेंच की उपलब्धता, शिक्षको की संख्या इत्यादि के बारे जानकारी तथा विद्यालय में पढ़ाई को बेहतर करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त लातेहार ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय गारू का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू प्रताप टोप्पो से प्रखंड स्तर में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के प्रगति के बारे जानकारी लिया एवं उसमें प्रगति लाने के लिए दिशानिर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र समोधटोला एवं मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र धाँगरटोला का निरीक्षण किया एवं आंगनबाड़ी केंद्र का बेहतर ढंग से संचालन करने के लिए दिशानिर्देश दिया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बारिश मे ही बारियातू थाना का चारदिवारी गिरा



गिरा चारदीवारी।

**बारियातू।** हल्की बारिश मे बारियातू थाना का चारदिवारी गिरने से चर्चा का विषय बना हुआ है। संवेदक अमित पाण्डेय द्वारा लगभग एक करोड़ की लागत से बारियातू थाना का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। जो 15 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था। उद्घाटन मे पहुंचे बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, जिप सदस्य रमेश राम, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव भगत सहित अन्य लोगों ने थाना निर्माण व चारदिवारी निर्माण कार्य में कई प्रकार के अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया था। वहीं कार्य निर्माण के दौरान अनियमितता को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्य स्थल पहुँचकर अंजनी अंजन ने भी संवेदक को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बावजूद भी सभी बातों को ताक पर रखते हुए संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराया, आलम यह हुआ की थोड़ी ही बारिश मे एक दिशा की पुरे चारदीवारी गिर गया। जिससे गुणवत्ता की पोल खुल गई।

### कीर्तन धाम अमझरिया में दो दिवसीय बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन



अखंड हरी कीर्तन करते दिल्ली टीम।

**चंदवा।** चलो कीर्तन धाम अमझरिया के तहत शनिवार को चंदवा के अमझरिया में दो दिवसीय बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन हरि परिमंडल गोष्टी दिल्ली/ एनसीआर के द्वारा किया गया। इस मौके पर नारायण सेवा का भी आयोजन किया गया है। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिल्ली से 35 सदस्यीय टीम शनिवार की सुबह अमझरिया पहुंचे। इस कीर्तन मंडली का साथ अमझरिया कीर्तन नगर डेवलपमेंट सोसाइटी के लोगों ने दिया। कीर्तन नगर अमझरिया पहुंचकर दिल्ली के आनंद मार्गी भाव विभोर हो गया और पूरी तरह भक्ति में डूब गए। पूरा अमझरिया बाबा नाम केवलम की गूंज से गुंजायमान हो उठा। विदित हो कि 30 जून से 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस अखंड कीर्तन को सफल बनाने में आनंद मार्गी पूरी तरह से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में ही दिल्ली के मार्गियों ने दो दिन के लिए कीर्तन मैं शामिल होने पहुंचे हैं। इस मौके पर आचार्य राशेस्वरानंद अवधूत, प्रणव कौल, प्रमोद कुमार, प्रियदर्शी, बसंत, दिव्येंदु आनंद, तन्मय कौल, उदय कुमार साहू, संजय कुमार, नीलम देशवाल, ललनिराम, तनरून, परवीर, संतोषानंद दादा, सुंदरम, त्रिलोकी, गणेश सती, अजय पांडे, बालेश्वर प्रसाद, गौतम कुमार, मीना कुमारी, निधि सती, अनीता खंदुरी, राकेश रंजन, प्रभा रंजन, महल सुरजीत, राजीव कुमार, संजय कुमार, शिवप्रसाद मेहता आदि लोग मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न

बरवाडीह। रविवार को विवाह मंडप के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी छिपादोहर मंडल कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष मुद्रिका सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें मंच संचालन मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिपादोहर मंडल प्रभारी संजय प्रसाद और विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री बंसी यादव ने उपस्थित थे। जहां बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बताया कि आगामी 18 सितंबर को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी का आगमन बरवाडीह में होने जा रहा है। जिसकी तैयारी के लिए आज कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई है। वहीं संजय प्रसाद ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यकताओं ने इसके लिए अभी से कमर कस ली हैं। बैठक में भिमानंद गिरी, भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, शत्रुधन सिंह, बृजदेव प्रसाद, सुधीर प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जाकिर अंसारी, प्रमोद प्रसाद, आदि लोग मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड में दो माह से राशन नहीं मिलने से परेशान कार्ड धारियों ने किया बैठक



➲ कार्ड धारियों को जल्द राशन मुहैया नहीं कराने पर किया जाएगा आंदोलन: मिथिलेश

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिजन स्कूल के प्रांगण में दिन रविवार को मनिका पंचायत के राशन कार्डधारियों ने दो माह से राशन नहीं मिलने पर बैठक का आयोजन कर जिला प्रशासन से जल्द से जल्द राशन मुहैया करवाने का मांग किया। जिसे लेकर सभी राशन कार्ड धारियों ने बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान को ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर मिथिलेश पासवान ने कहा कि पूरे मामले से लातेहार जिला के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले के उपायुक्त से हम सभी मांग करते हैं कि जल्द से जल्द गरीबों के बीच राशन मुहैया करवाया जाए नहीं तो हम सभी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं राशन कार्डधारियों ने कहा कि हम लोगों को जुलाई और अगस्त महीने का राशन डीलरों के द्वारा नहीं दिया गया है। जिसके कारण हम सभी के घरों में भुखमरी कि स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि कई ऐसे गरीब लोग हैं जो की सरकार द्वारा दी जाने वाले राशन के ऊपर ही अपने जीवन बसर करते हैं ऐसे में दो महीने से राशन नहीं मिलने से जैसे हमारे जीवन पर आफत आ गया है। मौके पर उपस्थित सभी कार्ड धारी ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द राशन मुहैया करवाने का गुहार लगाया। मौके पर संतोष पासवान, ज्ञानचंद पासवान, रमेश पासवान, मुकेश प्रसाद, शंभू पासवान,परशु मांझी, विनोद भुइयां, विनोद बैठा, संतु पासवान, जवाहर पासवान, अयोध्या पासवान, मदन समेत कई लोग उपस्थित थे।

# डीएसओ ने जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया बैठक

➲ अपात्र राशन कार्डधारी अबिलम्ब कार्ड करे सरेंडर, अन्यथा जुमार्ने की होगी वसूली : डीएसओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा करते डीएसओ।

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी बासुदेव प्रसाद ने पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके पूर्व श्री प्रसाद ने गोदाम परिसर का औचक निरीक्षण किया। सहायक गोदाम प्रबंधक बालेश्वर गंझु से गोदाम की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने खाद्यान उठाव के बारे में जानकारी प्राप्त की। मौके पर बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय कुमार मौजूद थे। उन्होंने बीडीओ से नए गोदाम भवन बनाने को लेकर स्थल का चयन कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। इसके पश्चात प्रखंड सभागार में पीडीएस दुकानदारों की बैठक की। उन्होंने अगस्त व सितंबर माह के आबंटन में कटौती को लेकर दुकानदारों की बातों को सुना व बारी बारी से सभी को निर्देशित भी किया। आबंटन कटौती को लेकर उन्होंने सभी दुकानदारों को जानकारी दी। कहा कि सभी दुकानदार उठाव के पश्चात वितरण कार्य शुरू करे। सभी दुकानदारों को अपने अपने दुकानों को संधारित करने को लेकर भी निर्देशित किया। उन्होंने राशन कार्ड में छुटे हुए कार्डधारकों का शतप्रतिशत आधार इंट्री कराने को लेकर कार्य करने को निर्देशित किया। इसके अलावे वैसे कार्डधारी जो पात्रता सूची की अहर्ता नही रखते है उन्हें अबिलम्ब अपने कार्ड को प्रखंड या जिला कार्यालय में सरेंडर करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में अहर्ता नही रखने वाले कार्डधारकों के विरुद्ध जुमार्ना की कारवाई भी जाएगी। मौके पर रंजीत यादव, रामकृष्ण मिश्रा, शाहिद खान, विजयशंकर सिंह, महेंद्र प्रसाद, बालदेव गंझु, राजकुमार पासवान, दामोदर उपाध्याय, अजय चौधरी, संतोष प्रसाद, मुंशी प्रसाद समेत सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा कमिटी का हुआ गठन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष किशुन यादव, उपाध्यक्ष बाली यादव, उपसचिव दिलीप यादव, उप-कोषाध्यक्ष सचिन कुमार राम, महामंत्री संतोष यादव, मीडिया प्रभारी नागदेव यादव, मीडिया सह प्रभारी गंगेश्वर यादव, महामंत्री सुरेश यादव, परदेशी राम, राजेन्द्र यादव को चुना गया। मौके पर बोलते हुए कमिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि पिंडारकोम गांव मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा।

स्पीड न्यूज

### राजस्थान में महिला को निर्वस्त्र कर बर्बर व्यवहार सरकार की नाकामी है : पुष्पा

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने राजस्थान में एक आदिवासी महिला को पहले अगुवा कर फिर निर्वस्त्र कर उसके साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किए जाने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आक्रोश भरे शब्दों में निंदा करते हुए कहा है कि कहीं ना कहीं सरकार की कमजोरी के कारण इस तरह की घटना को अंजाम देने में अपराधी प्रवृत्ति के लोग नहीं हिचकते हैं। सरकार चाहे जिसकी भी रही हो महिलाओं पर अत्याचार इसलिए होता है क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार गंभीर नहीं है। राजस्थान में महिला के साथ इस तरह का अपराध करने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर उम्र कैद की सजा दी जानी चाहिए। ताकि इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले ताउम्र जेल से ही नहीं निकल सके।

### कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** डुमरी प्रखंड क्षेत्र के सुवाली गांव निवासी 35 वर्षीय महिला ने कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे परिजनों द्वारा रविवार को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी देता है परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह 8:30 बजे लगभग घर में विवाद हुआ। जिससे गुसाई महिला ने घर में रखा कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसे परिजनों द्वारा 9:30 बजे उप स्वास्थ केंद्र डुमरी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज हेतु गुमला रेफर कर दिया।

### अनियंत्रित होकर गिरा बाईक सवार, लगी चोट

**गुमला।** गुमला प्रखंड क्षेत्र के सतपारा घाट निवासी 30 वर्षीय संदीप कुजूर एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में नवाबगीचा मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया। इस घटना में उसके चेहरे में गंभीर चोट लगी है। जिसे साथियों के द्वारा आन्नन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही साथियों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को लता टोली मैदान में फुटबॉल मैच का खेल हो रहा था। उसी को देखने के लिए संदीप कुजूर खेल मैदान आ रहा था। उसी दरम्यान नवा बगीचा मोड़ के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिर गया।

### पेड़ से गिरकर महिला घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र के रेहलदाग निवासी 27 वर्षीय मुन्नी लोहारा पेड से पत्ते तोड़ने के क्रम में गिरकर घायल हो गई है। जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी देते हुए घायल महिला के पति बलकू लोहारा ने बताया कि शनिवार शाम 5:00 बजे लगभग साग तोड़ने हेतु कोयनार पेड़ पर चढ़ी थी। उसी क्रम में पैर फिसल जाने से 14 फीट नीचे जमीन पर गिर पड़ी। इस घटना से मेरी पत्नी मुनी लोहारा का दाहिना कंधा फैक्चर कर गया है।

### आसमानी बिजली गिरने से पांच घायल, इलाज के दौरान एक की मौत

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के शेखपुर करमदोन गांव में शानिवार की शाम आसमानी बिजली गिरने से पांच लोग घायल हो गये। जिसमें तीन महिला सहित दो बच्चे शामिल हैं। जिनमें से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। सभी महिलाएं वज्रपात से झूलस गई। मृतक महिला का नाम 65 वर्षीय फिलासिता तिर्की है। वहीं घायलों में अरुणा मिंज (45), सरिता तिर्की (30), अंकिता तिर्की (7) एवं अनुज तिर्की (2)वर्ष शामिल हैं। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को शनिवार की रात्रि करीब 8 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी में भर्ती कराया गया। इस घटना के संबंध में घायल महिला के पति हीरवर्ड मिंज ने बताया कि ये सभी महिला शनिवार को अपने खेत पर घास निकवन करने गई हुई थी। शाम को खेत से काम कर सभी लौट रहे थे।

# चुनाव के समय जनता को 200 रुपये का लॉलीपॉप दे रही केंद्र सरकार : प्रदीप यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज कांग्रेस जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता एवम पोडैया हाट विधान सभा सदस्य प्रदीप यादव ने जिलाकार्य कारिणी समिति की बैठक में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से देश में व्याप्त महंगाई बेरोजगारी स्थानीय विद्युत व्यवस्था के संबंध में प्रधान मंत्री मोदी द्वारा २००रुपए गैस सिलेंडर कम किए जाने और अन्य खाद्य सामग्रियों की आसमान छूती महंगाई पर बीजेपी की नीतियों की आलोचना करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को घेरते हुए कई आंकड़े भी पेश किए और कल से इसे लेकर जनता से रूबरू होंगे और बताएंगे किस तरह मोदी जी ने जनता को मूर्ख बना कर उनके हाथ में लोलीपॉप थमा दिया ।देश की जनता के सामने महंगाई एक प्रमुख मुद्दा है जिसे लेकर मैं अपनी पार्टी को साथ लेकर आम जनता के पास जाऊंगा। दूसरा और भी महत्वपूर्ण मुद्दा है जो मोतिया स्थित अदानी पावर प्लांट से जुड़ी है ।पर्यावरणीय क्लीयरेंस सर्टिफिकेट के आधार पर कंपनी ने ये लिखित रूप से ये वादा किया था कि ऑस्ट्रेलिया के कोयले से हम अपना थर्मल पावर प्लांट चलाएंगे जो परिष्कृत कोयला ग्रेड ए में आता है उसका इस्तेमाल करेंगे जिससे प्रदूषण की समस्या नहीं रहेगी। लेकिन अब ये कंपनी बंगाल से कोयला लाकर थर्मल पावर प्लांट में ईंधन के रूप में इस्तेमाल कर रही है जिसका भयानक असर वायुमंडल पर पड़ रहा है और प्रदूषण फैल रहा है ।इस संदर्व में उपायुक्त गोड्डा को मैने एक पत्र लिखा है कि इसपर कार्रवाई करें जिसे उन्होंने दिखाया भी ।स्थानीय विद्युत समस्या को लेकर उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य के ऊर्जा सचिव और सीएमडी से बात की है और अपने देखा होगा कि कल से विद्युत व्यवस्था में सुधार हुई है। अदानी कंपनी से 25६ बिजली गोड्डा जिले को देने के प्रश्न पर उन्होंने बताया की विद्युत उत्पादन दर इतनी महंगी है कि बांग्लादेश छोड़कर उसे कोई नही खरीद सकता। बैठक में उनके साथ जिलाध्यक्ष दिनेश यादव ,प्रिय वर्त झा ,सोनी सिंह,मुहम्मद अकबर अली समेत और भी कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजीव मेहता की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे ने किया ।इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है।इस कार्यक्रम के लिए गोड्डा जिला के सभी बूथों पर मिट्टी का कलश भेजा जायेगा प्रखंड स्तर के पदाधिकारी जिसमें मंडल अध्यक्ष और पूरे कमिटी के लोग गाजे बाजे के साथ बृहत पैमाने पर अपने मंडल के क्षेत्र में घर-घर से कलश में मिट्टी और दो अन्न का दाना को लेकर प्रखंड में एक जगह जमा करेंगे और सभी कलर्स के मिट्टी को एक जगह जमा कर रांची प्रदेश भेज दिया जाएगा। रांची के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी के द्वारा यह कलश की मिट्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भेजा जायेगा। जिला अध्यक्ष श्री राजीव मेहता ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश इस कार्यक्रम के तहत मंडल स्तर पर सभी मंडल पर 75-75 वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर अमृत वाटिका का निर्माण हो। धन्यवाद ज्ञापन जिला के महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने किया। आज की बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संतोष आनंद, लक्ष्मी चक्रवर्ती, अनिल साह अशोक सिंह जी, श्री निरंजन सिन्हा जी, सूरज सिंह जी, श्यामसुंदर साह, संजीव टेकरीवाल, बबलू सिंह, श्री कांत साह, नवल किशोर यादव आदि उपस्थित थे। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह ने प्रेस को दी।

## सचिव पद के चुनाव में सुभाष चंद्र विजयी हुए

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** रविवार को झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एंप्लॉयीस फेडरेशन (झारोटेफ ) जिला ईकाई गोड्डा के सचिव पद के लिए मतदान सम्पन्न हुआ जिसमें सुभाष चंद्र ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आलोक कुमार को 183 मतों से पराजित किया। चुनाव मैदान में दो प्रत्याशी आमने सामने थे जिनमें सुभाष चन्द्र को 346 वोट एवम् अलोक को 163 वोट मिले। स्थानीय +2 बालिका उच्च विद्यालय में मतदान 11बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक संपन्न हुआ। उक्त चुनाव में कुल 509 मतदाताओं ने अपना मतदान किया। निष्पक्ष चुनाव हेतु प्रांतीय पर्यवेक्षक के रुप में काशीनाथ महतो, प्रांतीय उपाध्यक्ष एवम् अलोक राज, जिला संयोजक, देवघर को प्रतिनियुक्त किया गया था। दोनो पर्यवेक्षकों एवम् जिला अध्यक्ष डा सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से विजयी प्रत्याशी सुभाष चन्द्र को चुनाव जीतने संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया। चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे आलोक कुमार को पूर्व घोषणा के अनुसार झारोटेफ के संयुक्त सचिव का पद प्रदान किया गया। चुनाव परिणाम आने के बाद दोनो उम्मीदवारों ने एक दूसरे को माला पहनाकर संघीय एकता का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला मीडिया प्रभारी राजीव साह ने कहा कि भारी वर्षा के बाबजूद भी 46.61 प्रतिशत मतदान हुआ जो एनएमओपीएस/झारोटेफ के प्रति कर्मियों के विश्वास और समर्पण को प्रदर्शित करता है। जिला अध्यक्ष डा सुमन कुमार ने कहा कि झारोटेफ से भारी संख्या में सरकारी कर्मी जुड़ रहे हैं यह संगठन के लिए अच्छा संकेत है। सुभाष चंद्र एवम् अलोक कुमार ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए कार्यों का निर्वहन पुरी तन्मयता के साथ करूंगा। चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करने में मुरारी प्रसाद शर्मा,आशुतोष पाण्डेय, गौतम कुमार ठाकुर, मीना सोरेन, विकास रंजन, प्रीती प्रिया, विद्यानंद प्रसाद आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## बिहार पुलिस में सिपाही बहाली के लिए 45,667 आवेदन हुए रद्द

**पटना।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के द्वारा बिहार पुलिस में 21,391 पदों पर सिपाही बहालीकी प्रक्रिया चल रही है। आवेदन करने की आखिरी तारीख भी समाप्त हो गई है। इसके बाद केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने सिपाही भर्ती के लिए प्राप्त कुल आवेदनों में से 45,667 आवेदन को रद्द घोषित कर दिया है। पर्षद ने वेबसाइट पर नोटिस जारी करते हुए सभी 45,667 आवेदकों की लिस्ट जारी की है। इसमें सभी आवेदकों की जानकारी सहित रद्द करने का कारण भी बताया गया है।

### बिहार शिक्षक भर्ती को लेकर आया बड़ा अपडेट

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्कूलों में भर्ती को लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन शेड्यूल जारी कर दिया है। बीपीएससी की वेबसाइट पर जारी नोटिफिकेशन के अनुसार डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया कल 4 सितंबर से शुरू होगी और 12 सितंबर 2023 तक चलेगी। डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया जिला मुख्यालयों पर संपन्न होगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि बिहार से बाहर के कैंडिडेट्स का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया पटना में होगी। जो उम्मीदवार बीपीएससी शिक्षक भर्ती के लिए लिखित परीखा में शामिल हुए थे बीपीएससी की ओर से जारी शॉर्ट नोटिस के अनुसार जो उम्मीदवार बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल हुए थे वे चार से 12 सितंबर 2023 तक अपना डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन करा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व स्थल का किया गया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज उपायुक्त ,गोड्डा जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक,दुमका सह प्रभारी पुलिस अधीक्षक, गोड्डा पीतांबर सिंह खेरवार के द्वारा संयुक्त रूप से गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के कुशमाहा पंचायत अंतर्गत डमरुहाट फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त, गोड्डा के द्वारा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आगमन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमन्त सोरेन के द्वारा कल विकास मेला का उद्घाटन, नियुक्ति-पत्र का वितरण, योजनाओं का शिलान्यास समेत परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध सुविधाओ का जायजा लेते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल, लोगों के बैठने की व्यवस्था, स्टेज, ग्रीन रूम, डी एरिया, मीडिया सेल, शिलापट्ट, फायर सेफ्टी, यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल के समीप पार्किंग व्यवस्था, बिजली ,पेयजल एवं शौचालय के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सुंदरपहाड़ी प्रखंड के आसपास के संबंधित थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार भी स्थल निरीक्षण में साथ साथ थे ।

### अचानक हुए वज्रपात में एक मवेशी की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी कुसुमटोली गांव में अचानक हुए बज्रपात से बुधवा भगत का एक मवेशी की मौत रविवार को शाम 4 बजे हो गई। वहीं मवेशी चरा रहे बुधवा करीब आधे घंटे तक बेहोश पड़ा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 4 बजे गरज के साथ वर्षा होने लगी। इसी क्रम में अपने छः मवेशी के साथ बुधवा अपने मवेशी को चराते हुए घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक बज्रपात हुई। जिसकी चपेट में एक मवेशी आ गया और बुधवा भी बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो देखा कि बाकी के पांच मवेशी वहां नहीं थे। वे घर पहुंच चुके थे। आनंद-फानन में वृद्ध बुधवा खुद को संभालते हुए गांव गया। वह लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण व परिजन घटनास्थल पहुंचे। वह इस पीड़ा से निजात पाने के लिए आर्थिक सहयोग का गुहार लगाया।

# एलपीजी गैस के मूल्य में कटौती भाजपा की है चुनावी स्टंट : कांग्रेस

## जिला मुख्यालय में कांग्रेस केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ करेगी विरोध प्रदर्शन आज



**दुमका।** गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपए की कटौती महज एक चुनावी स्टंट है। उक्त बातें कांग्रेस जिला कार्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी रवींद्र वर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है, केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है, कि प्रधानमंत्री मोदी जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपए कम कर दी ? उन्होंने कहा कि रसोई गैस की 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले सात वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया है। पिछले दो दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आँखें खुल जाएँगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढी है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है। उन्होंने जनता की जेब से आठ लाख तैंतीस हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपए से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी ने अड़सठ हजार सात सौ दो करोड़ रुपए से अधिक की लूटे है। वन नेशन, वन इलेक्शन पर कहा कि एक बार फिर चुनाव को देखते हुए भाजपा की मोदी सरकार लोगो को बरगलाने का काम कर रही है। इसमें कई खामियां है, सरकार को सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर ठोस निर्णय लेने की आवश्यकता है। जिसके बाद ही वन नेशन, वन इलेक्शन की कार्यप्रणाली धरातल पर उतारा जा सकता है। मन की बात करने वाले पीएम मोदी जनता की मन की बात नहीं सुनना चाहते है। आमजन भाजपा सरकार में खाद्य सामग्री की बढी मूल्यों से खास परेशान है, लेकिन इस सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। यह सरकार दो लोगो की सरकार है। एक बेचने वाला पीएम मोदी व अमित शाह तो दूसरा खरीदने वाला अम्बानी और अडानी का। भाजपा की सरकार इंडी एलाइंस से पूरी तरह बौखला गई है। आगामी लोकसभा की चुनाव 2024 में भाजपा को आमजन सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी और कांग्रेस को सत्ता में लाने का काम करेगी।कांग्रेस को लंबे समय का सरकार चलाने का अनुभव है, जो एक बार फिर सफल सरकार साबित होगी।

केंद्र सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक करने का कार्य कांग्रेस करेगी। इस अवसर पट जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, महासचिव संजीत सिंह, नगर अध्यक्ष अलीमाम उर्फ टिंकू आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल को लेकर डालसा ने किया कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर व्यवहार न्यायालय परिसर में रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में न्याय सदन मे आयोजित कार्यशाला का उदघाटन जिला जज प्रथम रमेश चंद्र, जिला जज, द्वितीय राकेश कुमार मिश्र,डालसा सचिव विश्वनाथ भगत एवं डीटीओ जयप्रकाश करमाली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला जज, प्रथम रमेश चंद्र ने मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2022 में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है।

उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोंगों से बेहतर आप कर सकते है। उन्होंने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता और कानूनी घेरे में आ सकते है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिर्वाय है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। मुआवजा राशि पीड़ित को दिलाने में विलंब होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई ऐसे भी मामले सामने आये है,जो वर्षो से लंबित है। जिसमें केस की वर्तमान स्थिति से गांव के ग्रामीण अवगत नहीं हैं। मुआवजा राशि देने के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मुआवजा राशि भुगतान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को रोजगार व जीवनयापन के लिए सहायता राशि मुहैया कराना है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संकल्प लेकर यहां से जाने की जरूरत है कि पीड़ित परिवार को सही मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। जो बिना इंशोरेंस कंपनी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग का संभव नहीं हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता, राजेंद्र प्रसाद ने दुर्घटना के शिकार परिवार को ससमय और उचित मुआवजा दिलाने में आने वाली कानूनी प्रावधानों के अड़चने और दूर करने के उपाय बतायें। डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार ने मुआवजा दिलाने में पुलिस पदाधिकारियों को महत्ती भूमिका और कर्त्तव्यों को बता थानाध्यक्षों को अपनी भूमिका कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाने का अपील किया। कार्यशाला का नेतृत्व प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत एवं संचालन न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम परिधि शर्मा ने की। इस अवसर पर अन्य रिसोर्स पर्सन ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला का समापन सीनियर सिविल जज-चतुर्थ उत्तम सागर राणा ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

### घायल बालक के मामले में सीडब्ल्यूसी ने लिया स्वतः संज्ञान

**दुमका।** बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट बाल कल्याण समिति दुमका ने रसिकपुर में महिला थाना के जिप्सी के चपेट में आकर एक बालक के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा और डॉ राज कुमार उपाध्याय ने किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 की धारा 30 (12) के तहत इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया और रविवार की सुबह अशोका लाईफ केयर नर्सिंग होम में जाकर वहां इलाजरत चार वर्षीय बालक का प्रोडक्सन लिया। मछली का व्यवसाय करनेवाले बालक के पिता ने बताया कि उसे फोन पर सूचना मिली कि थाना की जीप ने आरएस होटल के पास उसके बेटे के पैर पर गाड़ी चढ़ा दिया है। अस्पताल में चिकित्सक ने बताया कि बच्चे के पैर में जख्म है और पैर टूट गया है। अस्पताल में डीएसपी आये और उन्होंने भरोषा दिया कि बच्चे के इलाज का पूरा खर्च पुलिस वहन करेगी।

उन्होंने बताया कि अबतक बच्चे का जो भी जांच व इलाज हुआ है, उसका खर्च पुलिस द्वारा ही वहन किया गया है। बालक की मां ने बताया कि शनिवार की शाम करीब छह बजे उसका सबसे छोटा बेटा पड़ोस के लड़कों के साथ खेलने के दौरान सड़क पर चला गया और पुलिस जीप ने उसे धक्का मार दिया। वह अपनी सास के साथ जब मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति उसके घायल बेटे को गोद में उठाये हुए था।

## पेज एक का शेष

### भ्रष्टाचार, जातिवाद, सांप्रदायिकता ...

पिछले कुछ वर्षों में जनता ने (भाजपा को) निर्णायक जनादेश दिया है जिससे देश में एक स्थिर सरकार है, अनुकूल नीतियां हैं और सरकार की कुल दिशा को लेकर स्पष्टता है। इस स्थिरता की ही वजह से पिछले नौ साल में कई सुधार लागू किये जा सके हैं।

**अब भारत फिर आगे बढ़ रहा है :** पीएम ने कहा कि भारत एक बार फिर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। इस समय जहां अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक सुस्ती, गंभीर किल्लत, ऊंची मुद्रास्फीति और अपनी आबादी की बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर रही हैं वहीं भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। देश के पास सबसे बड़ी युवा आबादी है। विश्व इतिहास में लंबे समय तक भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। बाद में उपनिवेशवाद के प्रभाव की वजह से हमारी वैश्विक पहुंच घट गयी, लेकिन अब भारत एक बार फिर आगे बढ़ रहा है। हमने जिस रफ्तार से दुनिया की 10वीं से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक लंबी छलांग लगायी, वह दर्शाता है कि भारत को अपना काम बखूबी पता है।

**2047 तक का काल व्यापक अवसरों से भरपूर :** पीएम मोदी ने लोकतंत्र, जनांकिकी और विविधता के साथ विकास को भी जोड़ते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक का काल व्यापक अवसरों से भरपूर है। इस दौर में रहने वाले भारतीयों के पास वृद्धि की एक नींव रखने का बड़ा अवसर है जिसे आने वाले हजारों साल तक याद रखा जायेगा। ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। भारत से आगे अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी ही हैं।

**सुधारों ने एक मजबूत बुनियाद रखी :** पीएम ने कहा कि अर्थव्यवस्था, शिक्षा, वित्तीय क्षेत्र, बैंक, डिजिटलीकरण, कल्याण, समावेशन एवं सामाजिक क्षेत्र से संबंधित इन सुधारों ने एक मजबूत बुनियाद रखी है और वृद्धि इसका स्वाभाविक सह-उत्पाद है। उन्होंने कहा कि भारत की त्वरित एवं सतत प्रगति ने दुनियाभर का ध्यान आकृष्ट किया है। कई देश हमारी वृद्धि गाथा को बेहद करीब से देखते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये देश इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि हमारी प्रगति कोई 'दुर्घटना' न होकर 'सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव' की एक स्पष्ट और कार्य-उन्मुख रूपरेखा का परिणाम है।

स्पीड न्यूज

## सनातन धर्म के खिलाफ तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बयान से सियासी उबाल

# हिंदू धर्म से नफरत करता है 'इंडिया' : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बयान ने तूल पकड़ लिया है। भाजपा ने इसका कड़ा विरोध किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि स्टालिन का बयान दिखाता है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' हिंदू धर्म से नफरत करता है। वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए सनातन धर्म का अपमान किया गया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'इंडिया' को सनातन धर्म विरोधी बताकर हराने की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने डीएमके नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि इसे खत्म किया जाना चाहिए। उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया, डेंगू और मच्छरों से होने वाले बुखार से की। स्टालिन बोले कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि नष्ट कर देना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण के लिए



स्टालिन ने सनातन धर्म का अपमान किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे कह रहे हैं कि सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए। बीजेपी की दूसरी परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इन लोगों ने वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म की बात की है। उन्होंने (सनातन धर्म का) अपमान किया है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि हिंदू संगठन लश्कर-ए-तैयबा से भी ज्यादा खतरनाक हैं।'

भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर इंडिया पर घृणा और नफरत फैलाने के साथ भारत की संस्कृति और परंपरा पर हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से इसे खारिज करने की अपील की। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के चित्रकुट शहर में आयोजित कार्यक्रम में नड्डा ने लोगों से देश को मजबूत बनाने के लिए बीजेपी को राज्य विधानसभा चुनाव के साथ ही अगले लोकसभा चुनाव में भी विजयी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक द्रमुक के एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन घोषणा कर रहे हैं कि वह सनातन धर्म को खत्म कर देंगे। उन्होंने पूछा ऐसे घमंडिया गठबंधन को रहने का अधिकार है क्या? क्या सनातन को ऐसे समाप्त होने देंगे? वह बोले कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नफरत का समान क्यों बिक रहा है, आपकी दुकान नफरत फैलाने का काम क्यों कर रही है? मैं आज घमंडिया गठबंधन और उनके नेताओं से पूछना चाहता हूं कि उदयनिधि स्टालिन ने जो कहा है, क्या वह उनकी रणनीति का हिस्सा है? क्या आने वाले दिनों में वे सनातन धर्म को समाप्त करने के मुद्दे को लेकर जनता के बीच चुनाव में जाने वाले हैं? तमिलनाडु में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन देश में सनातन धर्म में विश्वास करने वाली बहुसंख्यक आबादी के नरसंहार का आह्वान कर रहे थे। बीजेपी नेता ने कहा कि यह 80 फीसदी आबादी का नरसंहार होगा। एक्स पर एक पोस्ट में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गोपालपुरम परिवार का एकमात्र संकल्प राज्य की जीडीपी से अधिक संपत्ति जमा करना है। उदयनिधि स्टालिन, आप और आपके पिता, या उनके या आपके विचारक के पास ईसाई मिशनरियों से खरीदा हुआ विचार है। उन मिशनरियों का विचार आप जैसे मूर्खों को दुर्भावनापूर्ण विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए तैयार करना है। अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु आध्यात्म की भूमि है। द्रमुक के लिए सबसे अच्छा काम यह होगा कि वह किसी कार्यक्रम में माइक पकड़कर खीझ प्रकट करें। उदयनिधि के बयान को लेकर बीजेपी देशभर में बड़ा अभियान बनाने की भी योजना बना रही है।

- भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर घृणा व नफरत फैलाने का आरोप लगाया
- बहुसंख्यक के नरसंहार का आह्वान कर रहे थे उदयनिधि स्टालिन : अन्नामलाई
- सुप्रीम कोर्ट के वकील ने डीएमके नेता के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

### बिगड़ैल बेटे का सर्वश्रेष्ठ नमूना : राजीव चंद्रशेखर

केंद्रीय आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि द्रमुक नेता बिगड़ैल बेटे का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। एक ऐसा व्यक्ति जिसने अपने जीवन में एक दिन भी ईमानदारी से काम नहीं किया है। चंद्रशेखर ने कहा कि वह बिना किसी प्रतिक्रिया की चिंता के सनातन धर्म, हिंदू धर्म पर टिप्पणी कर रहे हैं। स्टालिन मान चुके हैं कि पैसे, संपत्ति और जिस स्थिति में वो खड़े हैं, वहां से वह हजारों भारतीयों और तमिलनाडु के लोगों का अपमान कर सकते हैं।

## ये है स्टालिन के बिगड़े बोल

**तमिलनाडु** में सत्तारूढ़ द्रमुक की युवा इकाई के सचिव एवं राज्य के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को समानता एवं सामाजिक न्याय के खिलाफ बताते हुए कहा कि इसका उन्मूलन किया जाना चाहिए। उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया, और डेंगू वायरस एवं मच्छरों से होने वाले बुखार से करते हुए कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना



चाहिए, बल्कि उन्मूलन किया जाना चाहिए। तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक एवं कलाकार संघ की शनिवार को आयोजित बैठक को तमिल में संबोधित करते हुए उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म का उल्लेख सनातनम के तौर पर किया। उन्होंने आयोजकों को सनातन का विरोध के बजाय सनातन का उन्मूलन विषय चुनने के लिए प्रशंसा की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने कहा कि कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उसे खत्म कर दिया जाना चाहिए।

## पुणे में नकली आर्मी ऑफिसर गिरफ्तार



**मुंबई।** पुणे की रेलवे पुलिस टीम ने नकली आर्मी ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। वह इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले में भी दाखिल हुआ था। पकड़ा गया फर्जी अधिकारी नीरज विक्रम विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का मूल निवासी है। पुणे रेलवे पुलिस के अनुसार नीरज विश्वकर्मा पुणे रेलवे परिसर में आर्मी आफिसर की वर्दी में टहल रहा था। रेलवे पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो पहले उसने गोलमोल जवाब दिये। इसके बाद उससे परिचय पत्र मांगा, लेकिन उसके पास परिचय पत्र नहीं था। नीरज की वर्दी पर नेमप्लेट, पैरा बैच, लेफ्टिनेंट का बैच लगा हुआ था। जीआरपी ने सैन्य खुफिया अधिकारियों को बुलाकर जब नीरज के बारे में छानबीन की, तो वह फर्जी साबित हो गया।

## नवी मुंबई में 19.05 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** नवी मुंबई में अलग-अलग जगह छापा मारकर पुलिस ने 19.05 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। सात नाइजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस को नवी मुंबई के अलग-अलग ठिकानों पर नशीले पदार्थों की बिक्री होने की जानकारी मिली थी। शनिवार को पुलिस ने खारघर इलाके के आवासीय इलाकों में छापा मारा था। कोकीन, एमडीएमए और ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड, जैसे नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।

## दंतेवाड़ा में 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन महिलाओं समेत आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया तथा चार अन्य नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि पुलिस के सामने शुक्रवार को आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सली कटेकल्याण इलाके में सड़कों को नुकसान पहुंचाने, नक्सली पोस्टर तथा बैनर लगाने और नक्सली नेताओं के लिए रेकी करने जैसी घटनाओं में शामिल थे।

## पाक के बलूचिस्तान में आठ आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने बताया कि कि उन्होंने एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक खुफिया सूचना पर प्रांत के वाशुक जिले में एक ऑपरेशन चलाया। घर पर छापेमारी के दौरान आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलियां बरसाकर भागने की कोशिश की, इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें आठ आतंकी मारे गए और दो भागने में सफल रहे।

## 9-10 सितंबर को 300 से अधिक ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

**जी 20 सम्मेलन**

### 70 ट्रेनों के रुकने के लिए अतिरिक्त स्टेशन निर्धारित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन की वजह से 300 से अधिक रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। इन ट्रेनों की सूची उत्तर रेलवे ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा की है। इन ट्रेनों में इंटरसिटी और एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल हैं।

उत्तर रेलवे इन अपनी पोस्ट में कहा है कि दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाले इस शिखर सम्मेलन के कारण इन गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। उत्तर रेलवे की इस आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा गया है कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जारी परामर्श के मद्देनजर इन ट्रेन को आठ से 11 सितंबर के बीच या तो रद्द कर दिया गया है या फिर इनके मार्ग या गंतव्य स्थान में परिवर्तन किया गया है। यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए जम्मूतवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, तेजस राजधानी हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, वाराणसी-नई दिल्ली एक्सप्रेस सहित 70 ट्रेन के रुकने के लिए अतिरिक्त स्टेशन निर्धारित किए गए हैं। 36 ट्रेन के प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन को बदला गया। साथ ही जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान तीन ट्रेन दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकेंगी।

## एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार संघीय ढांचे और लोकतंत्र पर हमला : कांग्रेस

- संघीय ढांचे को तानाशाही में तब्दील करना चाहती है मोदी सरकार : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार का एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार संघीय ढांचे की व्यवस्था को ध्वस्त कर देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को तानाशाही व्यवस्था में तब्दील करना है। श्री खड़गे ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश बताया और कहा इस तरह का प्रयास करके मोदी सरकार देश के संघीय ढांचे को तानाशाही में तब्दील करना चाहती है। श्री गांधी ने भी इस मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा और उसके इस विचार को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे राज्यों पर हमला करार दिया। उनका कहना था कि सरकार का यह कदम पूरी तरह से देश की संघीय प्रणाली के विरुद्ध है। श्री गांधी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार भारत संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला है। श्री खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार का मकसद लोकतंत्र को धीरे-धीरे तानाशाही में बदलना है। उसका एक राष्ट्र, एक चुनाव पर समिति



बनाना एक नौटंकी है और भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के सिद्धांत की प्रक्रिया बहुत जटिल है। निर्वाचित लोकसभा और विधान सभाओं के कार्यकाल को कम करने के लिए संवैधानिक संशोधनों की जरूरत है और इसके लिए संविधान में कम से कम पांच संशोधन कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में बड़े पैमाने पर बदलाव करना होगा। कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे पर सवाल करते हुए सरकार से पूछा कि क्या प्रस्तावित समिति भारतीय चुनावी प्रक्रिया में सबसे बड़े बदलाव पर विचार-विमर्श करने और निर्णय लेने के लिए सबसे उपयुक्त है। क्या राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर राजनीतिक दलों से परामर्श किए बिना इतनी बड़ी कवायद मनमाने तरीके से की जानी चाहिए। क्या इतना बड़ा कदम राज्यों और उनकी चुनी हुई सरकारों को शामिल किए बिना उठाया जाना चाहिए।

## मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : शिंदे

**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर महाराष्ट्र के जालना जिले में हुई हिंसा के मद्देनजर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार इस समुदाय को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के बुलढाणा जिले में एक राजकीय समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने यह भी कहा कि उनके और राज्य के दो उपमुख्यमंत्रियों के बीच कोई गलतफहमी नहीं है और वे सभी एक अच्छी टीम के रूप में काम कर रहे हैं। शिंदे ने कहा कि मेरी सरकार राज्य में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तब तक चुप नहीं बैठेंगे जब तक समुदाय को वाजिब आरक्षण नहीं मिल जाता है।

## ओडिशा में बिजली गिरने से 12 की मौत और 16 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के 11 जिलों में शनिवार को बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हुए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय (एसआरसी) के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एसआरसी कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बिजली गिरने से खोरधा में चार, बोलांगीर में दो तथा अनुगुल, बौध, जगतसिंहपुर, गजपति, पुरी और ढेंकनाल जिले में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां भारी बारिश के दौरान बिजली गिरी है। एसआरसी कार्यालय ने रविवार को बताया कि बोलांगीर में बिजली गिरने से आठ लोग घायल हो गए, खोरधा और अनुगुल में तीन-तीन, कटक व गंजम में एक-एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। इसके अलावा गजपति में छह और कंधमाल में दो मवेशियों के मारे जाने की खबर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शोक संतप्त परिवार को चार-चार लाख रुपये का अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा। एसआरसी ने बताया कि मवेशियों की मौत के मामले में स्वीकार्य सहायता दी जाएगी।

## छात्रों की आत्महत्या रोकने के लिए कोटा पुलिस ने शुरू की दरवाजे पे दस्तक पहल

**अवसाद का पता लगाने के लिए छात्रावास के वार्डन, मेस में काम करने वाले कर्मियों और टिफिन वालों की ले रही है सहायता**

**कोटा (राजस्थान)।** देश के कोचिंग केंद्र के रूप में प्रख्यात और छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं से सुर्खियों में आए राजस्थान के कोटा शहर की पुलिस ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नयी पहल की है और छात्रों में अवसाद का पता लगाने के लिए छात्रावास के वार्डन, मेस में काम करने वाले कर्मियों और टिफिन सेवा देने वालों की सहायता ली जा रही है। पुलिस छात्रावासों और पीजी (पेइंग गेस्ट) के वार्डन को दरवाजे पे दस्तक अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उसने मेस कर्मियों और टिफिन सेवा प्रदाताओं से अनुरोध किया है कि अगर कोई छात्र मेस से बार-बार अनुपस्थित रहता है या खाना नहीं खाता या कोई टिफिन मंगाने के बावजूद खाना नहीं खा रहा है तो इसकी जानकारी उसे दें। कोटा के एएसपी चंद्रशील ठाकुर ने कहा कि हमने दरवाजे पे दस्तक अभियान शुरू किया है जिसके जरिये हम हॉस्टल के वार्डन को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वे नियमित तौर पर रात करीब 11 बजे प्रत्येक छात्र के कमरे का दरवाजा खटखटाएं और पूछे कि क्या वे ठीक हैं, उनकी गतिविधियों पर नजर रखें और सुनिश्चित करें कि उनमें तनाव, अवसाद या असमान्य व्यवहार का संकेत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोचिंग के बाद छात्र अधिकतर समय छात्रावास में गुजारते हैं।

## आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी गहलोत सरकार : शाह

**डूंगरपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी एवं महिला सुरक्षा में विफल सरकार करार देते हुए कहा है कि इसकी तुष्टिकरण की नीति के कारण प्रदेश में असुरक्षा का वातावरण पैदा हो गया। श्री शाह रविवार को बेणेश्वर धाम से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करने से पहले जनसभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता का विकास नहीं किया और आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है तथा महिला सुरक्षा में विफल सरकार है। महिलाओं से बदसलूकी के रोज 19 मामले सामने आ रहे हैं।

## करीना कपूर की फिल्म जाने जान का पोस्टर हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म जाने जान का पोस्टर रिलीज हो गया है। करीना कपूर फिल्म जाने जान से ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू कर रही हैं। जाने जान का टीजर हाल ही रिलीज हुआ था। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जाने जान का फर्स्ट पोस्टर जारी किया है। इसे शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, रोमांच बस आने ही वाला है और यह 3 दिनों में आपके पास आ रहा है।'जाने जान' का ट्रेलर 5 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। जाने जान को सुजॉय घोष के निर्देशन में बनाया गया है। इस



फिल्म की कहानी एक जापानी उपन्यास द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स से ली गई है।

## रांची में इस बार देखने को मिलेगा इको फ्रेंडली पंडाल

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**






मनोज गुप्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दुर्गा पूजा को लेकर काफी उत्साह है, लेकिन इस बार राजधानी के पंडालों में कुछ खास तरह की तैयारी है आइए, आपको इस बार इको फ्रेंडली पंडाल में ले चलते हैं। गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति मोराबादी की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। यह भव्य पंडाल इको फ्रेंडली तरीके से तैयार होगा।

पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार पंडाल के निर्माण में हरी सब्जियों का प्रयोग किया जाएगा, जैसे करेला, नेनुआ, कद्दू और प्रकृति से जुड़े वस्तुओं से पंडाल का निर्माण करने के लिए बंगाल के 30 से अधिक कारीगर पहुंचे हुए हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी में इस बार भव्यता के साथ इको फ्रेंडली पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। इसे बनाने में लगभग 2 महीने का वक्त लगेगा। लाइट सज्जा और पंडाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस बार दुर्गा की मूर्ति 15 फीट की होगी।

पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में करीब 21 लाख रुपये रखा गया है।

**46 वर्षो से हो रहा नवरात्र :** दुर्गा पूजा का आयोजन 1977 से लगातार हो रहा है। गीतांजलि क्लब के द्वारा मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। इस बार नवरात्र का 46 वां साल है। आयोजन में किसी प्रकार की कमी न हो इसको लेकर समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित विनोद गोप, संजय सोनी, राजकिशोर प्रसाद, मुन्ना सिंह राजेश गुप्ता, मिलन दास, प्रमोद गुप्ता, सुनील प्रसाद, मनोज खत्री,संजू शर्मा , देवांशु मेवाड़, सुरजीत सरकार, राजू पांडे,प्रभात पांडे दोलन पाल, विनोद प्रसाद, पंकज, किशोर, सुंदर,मेजर, मंटू, मोना, पिंटू आदि जुटे हुए हैं।



### पंडाल के सामने नाली जाम की है समस्या

पूजा पंडाल के सामने नाली जाम की समस्या यहां की सबसे बड़ी समस्या है। पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि पूजा की शुरूआत से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इसे ठीक कर लिया जाएगा, नहीं तो समिति स्वयं अपने खर्चे पर इसे ठीक कर देगी।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# मोटापा भगायें बिना जिम गये



मोटापा यानि शरीर में लगातार चर्बी जमा होते रहना। आज हर 5 में से 3 लोग मोटापे का शिकार हैं। यहीं मोटापा आगे चलकर अन्य बीमारियों को न्योता देता है। असल में इसे ही सारी बीमारियों की जड़ माना जाता है। वजन बढ़ने का सबसे बड़ा कारण हमारी बदलती जीवनशैली और खान-पान की बिगड़ती आदतें हैं। समय की कमी के चलते बहुत सारे लोग बेवक्त खाना या बाहर का फास्टफूड खाते हैं। इसे कंट्रोल करने के लिए लोग तरह तरह की डाइट प्लान फॉलो करते हैं या फिर खाना-पीना बिलकुल छोड़ देते हैं लेकिन आपको बता दें कि खाना पीना छोड़ने से वजन कम नहीं होता बल्कि सही समय पर सही डाइट लेने से वजन कंट्रोल में रहता है। वजन बढ़ने का दूसरा बड़ा कारण हैं कि हम सैर या कसरत नहीं करते। सीटिंग जॉब ने हमें इतना आलसी बना दिया है कि हम पैदल चलना-फिरना और श्रम वाला काम करना ही नहीं चाहते। नतीजा बैठकर ही सारा काम करने से ना तो हमें खाया पीया पचता है और ना ही पसीना बाहर निकलता। चर्बी शरीर में ही इकट्ठी होती जाती है।

**मोटापा कम करने हमें कठिन काम लगता हैं क्योंकि हम सोचते हैं कि कठिन एक्सरसाइज करने से ही हम इसे कंट्रोल कर सकते हैं लेकिन यह जरूरी नहीं है। आप कुछ टिप्स फॉलो करके भी अपना वजन कम कर सकते हैं। अगर आप हैवी एक्सरसाइज या जिम नहीं जा सकते तो इन टिप्स को फॉलो करें।**

### दिन में 3 बार 20 मिनट सैर करें

रोजाना लगभग 15000 कदम पैदल जरूर चलें। पहले पहल आपको लगातार चलने में मुश्किल होगी लेकिन पहले कुछ कदम चलना शुरू करें। धीरे-धीरे समय को बढाते जाएं।इसके अलावा खाने खाने के बाद 20 मिनट सैर जरूर करें।

### सैर करते समय ग्रीन टी पीएं

ग्रीन टी पीने से मैटाबॉलिज्म तेजी से बढता हैं। इससे फैट बर्न होती है। वॉकिंग करते समय ग्रीन टी का सेवन जरूर करें।

### एक्सरसाइज

सैर के इलावा हल्की-फुल्की एक्सरसाइज को भी रोजाना दिनचर्या में शामिल करें। 15 से 20 पुशअप, स्क्वैट्स आदि हल्की फुल्की एक्सरसाइज को शामिल करें।

### एक मिनट का ब्रेक

लगातार सैर करने या एक्सरसाइज करने से एनर्जी लेवल डाऊन हो जाएगा। लगातार की बजाए बीच बीच 1 मिनट की ब्रेक जरूर लें ताकि एनर्जी भरपूर रहे।

### मीठी ड्रिंक्स से परहेज

अगर आप लगातार सैर और वर्कआऊट करते है तो मीठे पेय पदार्थों का सेवन ना करें क्योंकि मीठी चीजों में कैलोरी मात्रा में होती है।

### पानी की सही मात्रा का सेवन

पानी का सेवन ज्यादा करें।पानी शरीर में विषैले टॉक्सिन को मूत्र द्वारा बाहर निकाल देता है। शोध में यह बात भी सामने आई है कि पानी पीने से भी वजन कम होता है। रोजाना 1.5 लीटर पानी जरूर पीएं।

# बॉडी पोश्चर क्यों है जरूरी?



### बॉडी पोश्चर पर दें ध्यान

उम्र कोई भी हो, मजबूत हड्डियां स्वस्थ शरीर की जरूरत होती हैं। हमारी हड्डियां कैल्शियम के अलावा कई तरह के मिनरल से मिलकर बनी होती हैं। अनियमित जीवनशैली की वजह से या फिर बढती उम्र में ये मिनरल खत्म होने लगते हैं। हड्डियां घिसने और कमजोर होने लगती हैं। धीरे-धीरे मरीज काम करने में असमर्थ होता जाता है। मामूली चोट लगने से भी उसे फ्रैक्चर होने की संभावना बढ. जाती है। हार्मोनल बैलेंस बिगड़ने, असंतुलित भोजन और बढती उम्र के कारण भी हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। लेकिन सही देखभाल की जाए, तो हड्डियों को कमजोर होने से बचाया जा सकता है।...तो अलर्ट हो जाएं कमर या जोड़ों में दर्द, मामूली चोट लगने पर भी हड्डियों में फ्रैक्चर, रह-रहकर न सहे जाने वाला दर्द, हड्डियों को दबाने पर मुलायम लगना और उनमें दर्द होना, ये सब ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण हैं। यह हड्डियों की ऐसी परेशानी है, जिससे हड्डियां धीरे-धीरे कमजोर हो जाती हैं।समझने की शक्ति बढ़ने लगती है। जोड़ों पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता और तनाव से मुक्ति मिलती है। इसी के साथ अगर आप अपने शरीर को सही तरीके से रखते है तो आप ज्यादा अट्रैक्टिव और स्मार्ट लगते है, जो हमारा आत्मविश्वास बढाने में मदद करता है।

### ❖ खड़े होने का तरीका

खड़े होते समय आगे की तरफ न झुकें। अपनी गर्दन और पीठ सीधी रखें। खड़े होते समय अपने दोनों पैरों पर समान भार डालें, ताकि आपके पैर के मसल्स पर ज्यादा प्रभाव न पड़े।

### ❖ कुछ उठाने की स्थिति

किसी भी तरह का वजन उठाते हुए सिर्फ अपनी कमर को ही न झुकाएं ब्लकि अपने घुटनों को भी मोड़ें। ज्यादा भारी सामान को सीधे जमीन से उठाने के बजाए पहले किसी कुर्सी या मेज पर रखें। ऐसा करने से आपके जोड़ों पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा।

### ❖ बैठने की स्थिति

लोग बैठते समय ज्यादा गलती करते हैं। कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते है तो अपने पैरों को लटकाकर न बैठें, पैरों को जमीन पर लगाएं। की-बोर्ड को अपने बिल्कुल सामने रखें और आगे को झुकर न बैठें। अगर आप कंप्यूटर पर गलत स्थिति में बैठते है तो सिरदर्द, गर्दन और कंधों में दर्द, कोहनी, हाथ की उंगलियों और कलाई में दर्द, पीठदर्द आदि परेशानियों से गुजर सकते हैं।

# मोबाइल के सही इस्तमाल से माइग्रेन पर पा सकते हैं आसानी से काबू



**जितनी** तेजी से हम दिन प्रतिदिन तरक्की की ओर बढ़ रहे हैं, उतनी ही तेजी से हमारे जीवन में तनाव और परेशानियां भी बढ़ती जा रही हैं। यही वजह है कि माइग्रेन जैसी गंभीर बीमारी से कई लोग ग्रस्त हैं। यह समस्या काम के ज्यादा प्रेशर, नींद पूरी ना होने और तनाव की वजह से होती है। जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या होती है, उन्हें तेज सिरदर्द होता है। आगे की स्लाइड में जाने इससे जुड़ी और विशेष बातें। 'नेचर डिजिटल मेडिसिन' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन ऐसा पहला अध्ययन है जिसमें माइग्रेन के इलाज के लिए एक ऐप के असर का मूल्यांकन किया गया है। एनवाईयू में सहायक प्रोफेसर मिआ मिनन ने कहा, ''हमारा अध्ययन साबित करता है कि अगर मरीजों के पास थैरेपी आसानी से उपलब्ध हो तो वे अपने हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं और यह सस्ता है।''आपको बता दें माइग्रेन के मरीजों के लिए रिबोफ्लेविन नमक पोषक तत्व काफी अच्छा माना जाता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, रिबोफ्लेविन या विटामिन बी2 से भरपूर चीजें खाने से आपको माइग्रेन को कम करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा ये सेल्स को खराब होने से बचाने में मददगार है। महिलाओं को रोजाना अपनी डाइट में करीब 1.1 मिलीग्राम जबकि पुरुषों को 1.2 मिलीग्राम रिबोफ्लेविन शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप अपनी डाइट में इन चीजों को शामिल करना चाहिए। दूध, दही, सैलमन फिश, मशरूम, पालक और बादाम।

### माइग्रेन से बचने के उपाय

**-योग, एक्यूप्रेशर और नियमित व्यायाम से माइग्रेन के दौरे को घटाने में मदद मिलती है।**

**- माइग्रेन से बचने के लिए सिरदर्द उत्पन्न करने वाले कारणों से बचना चाहिए, जैसे ऊंची आवाज में गाने सुनना, तनावग्रस्त रहना।**

**- दर्दनिवारक दवाओं का कम से कम इस्तेमाल करें।**

**- समय पर सोना व जगना चाहिए।**

**- बहुत ज्यादा देर तक भूखे ना रहें।**

# सावधानी उतार देती है टाइफाइड का बुखार

विनिता झा

**बरसात** के इस मौसम में वायरल, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि बीमारियां तेजी से फैलने लगती हैं। इसी के साथ टाइफाइड के भी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है, हालांकि यह सामान्य रोग है। परंतु टाइफाइड के मामले में ध्यान इसलिए भी रखना जरूरी है कि लापरवाही बरतने के गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। टाइफाइड बैक्टीरिया और स्वच्छता की कमी की वजह से होता है, जो आमतौर पर दूषित खाने और पानी पीने के कारण फैलता है। इस बुखार का कारण साल्मोनेला टाइफी नामक बैक्टीरिया का संक्रमण होता है। टाइफाइड में बहुत तेज बुखार आता है और कई दिनों तक बना रहता है। अव्वल तो इस मौसम में पहले ही खान-पान व साफ-सफाई के बारे में एहतियात रखें, फिर भी यदि टाइफाइड का बुखार हो जाये तो लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। टाइफाइड को लेकर कुछ बातों का ख्याल रखना जरूरी है।

**लक्षणों पर रखें नजर**

टाइफाइड के रोगी में अकसर बैक्टीरिया के संपर्क में आने के लगभग एक-दो हफ्ते बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं। जैसे- तेज बुखार, बार-बार बुखार का आना और जाना, फीवर का नियमित बने रहना, सिरदर्द, कब्ज या डायरिया, भूख न लगना, लिवर और स्प्लीन का बढ़ जाना, सीने पर लाल रंग के निशान, थकान, ठंड लगना, दर्द और कमजोरी महसूस होना। ऐसे लक्षण महसूस होने या पेट में दर्द होने पर तुरंत नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। चिकित्सीय परामर्श के अनुसार ही खान-पान दवाइयां लेनी हितकर हैं।

टाइफाइड से बचाव के लिए कुछ एहतियाती उपाय जरूरी हैं-

**स्वच्छता और सुपाच्य भोजन**

टाइफाइड से बचने के लिए आपको गंदगी से बचना पड़ेगा अपने आसपास साफ-सफाई रखना पड़ेगा और खासकर भोजन व पानी स्वच्छ लें तभी आप कुछ हद तक टाइफाइड से बच सकते हैं।

# फल सब्जी ही है शरीर की जान इससे न करें परहेज

**अगर** आपकी डेली डायट में फल और सब्जियों का इन्टेक कम है यानी अगर आप हर दिन के भोजन में फल और सब्जियां कम खाते हैं तो आपको सावधान होने की जरूरत है। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि फल और सब्जियां कम खाने से हर साल लाखों लोग दिल से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक की वजह से मौत का शिकार हो जाते हैं।अमेरिका के मेरीलैंड स्थित बाल्टीमोर कन्वेन्शन सेंटर में न्यूट्रिशन 2019 नाम की एक मीटिंग में इस स्टडी के नतीजे जारी किए गए जिसमें यह बताया गया कि कम मात्रा में फलों का सेवन करने से औसतन 7 में व्यक्ति की दिल से जुड़ी बीमारी की वजह से मौत हो जाती है जबकी सही मात्रा में सब्जियों का सेवन न करने से 12 में से 1 व्यक्ति की दिल से जुड़ी बीमारी की वजह से मौत हो जाती है।

अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो साल 2010 में फलों का कम सेवन करने की वजह से दुनियाभर में करीब 18 लाख लोगों की मौत हो गई थी जबकि कम सब्जियां खाने से करीब 10 लाख लोगों की मौत हो गई थी। ये आंकड़े दिखाते हैं कि कम फलों का सेवन करने से मौत के आंकड़े सब्जियां कम खाने की तुलना में करीब 2 गुना है।

स्टडी की लीड ऑथर विक्टोरिया मिलर कहती हैं,



फल और सब्जियां हमारी डायट का एक ऐसा हिस्सा है जो दुनियाभर में प्रिवेटेवल मौतों को रोक सकता है। हमारी स्टडी के नतीजे इस ओर इशारा करते हैं कि दुनियाभर में आबादी के आधार पर ऐसे जरूरी कदम उठाने की जरूरत है ताकि लोगों के बीच फल और सब्जियों के सेवन को बढाया जा सके।

डायट से जुड़ी गाइडलाइन्स और दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे से जुड़ी स्टडीज के आधार पर अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि हर दिन करीब 300 ग्राम फलों का सेवन जरूरी है जो औसतन 2 छोटे सेब के बराबर है। तो वहीं हर दिन करीब 400 ग्राम सब्जियों का सेवन भी बेहद जरूरी है जिसमें फलियां भी शामिल हैं जो औसतन करीब 3 कप कच्चे गाजर के बराबर है।

# नेचुरल ऑयल से ही होंगे बाल घने और मजबूत, हर दिन करें उपयोग

हर लड़की चाहती है कि उसके बाल लंबे और घने हो। कई बार पहले तो बाल मोटे होते लेकिन बाद में तेजी से पतले होने लगते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते है जैसे कि गलत खान-पान और कैमिलक युक्त प्रोड्क्ट।

### पतले बालों से परेशान तो नैचुरल ऑयल का करें इस्तेमाल

अगर आप भी पतले बालों से परेशान है तो नैचुरल ऑयल का इस्तेमाल करें। आज हम आपको घर पर ऑयल बनाना सिखाएंगे, जिससे आपके बाल मोटे और खूबसूरत होंगें।

### ऑयल बनाने की विधि



### सामग्री

- ◆छोटी कटोरी नारियल या बादाम का तेल
- ◆लहसुन की कलियां (छोटे-छोटे टुकड़ों में कटी हुईं)
- ◆आधा प्याज
- ◆टी ट्री ऑयल






>> सबसे पहले एक पैन में नारियल का तेल डालें।

>> पिघलने पर उसमें लहसुन और प्याज डालकर आंच को धीमा कर दें।

>> प्याज गुलाबी होने पर आंच बंद कर दें और तेल को ठंडा होने के लिए रख दे

>> ठंडा होने पर उसमें टी ट्री ऑयल मिलाएं। बाद में तेल को छानकर एक बोतल में भर लें।

### लगाने का तरीका

इसे आप साधारण तेल की तरह अपने बालों में भी लगा सकती हैं। तेल को सिर में कम से कम 1 घंटा के लिए लगाएं। रातभर तेल लगाने से अधिक फायदा मिलेगा। बाद में शैम्पू से बाल धोलें।

